दैनिक लोकमित्र — सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :61
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 2 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# नए साल की पहली कैबिनेट बैठक किसानों के नाम

## फसल बीमा योजना के लिए बढ़ाई धनराशि



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नए साल के पहले दिन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जो किसानों को समर्पित रही। इस बैठक में मोदी सरकार ने देश के किसानों के लिए दो बड़े फैसले लिये। फसल बीमा योजना के आवंटन को बढ़ाकर 69,515 करोड़ रुपये करने को मंजूरी दी गई।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से 2025-26 तक देशभर के किसानों के लिए गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी। इसके अलावा योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शिता और दावों की गणना तथा निपटान में वृद्धि होगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 824.77 करोड़ रुपये की राशि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष (एफआईएटी) के निर्माण को भी मंजूरी दी है। इस कोष का उपयोग योजना के तहत प्रौद्योगिकी पहलों जैसे यस-टेक, विंड्स आदि के साथ-साथ अनुसंधान और विकास अध्ययनों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमानों के लिए न्यूनतम 30 प्रतिशत भार के साथ रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकी उपयोग की जाती है।

वर्तमान में 9 प्रमुख राज्य इसे लागू कर रहे हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक शामिल हैं। अन्य राज्यों को भी तेजी से इसमें शामिल किया जा रहा है। इस प्रौद्योगिकी के व्यापक कार्यान्वयन के साथ फसल कटाई प्रयोग और संबंधित मुद्दे धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगे।वैष्णव ने कहा कि मध्य प्रदेश ने 100 प्रतिशत प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान को अपनाया है।मौसम सूचना और नेटवर्क डेटा सिस्टम में ब्लॉक स्तर पर स्वचालित मौसम स्टेशन और पंचायत स्तर पर स्वचालित वर्षा गेज स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। नौ प्रमुख राज्य प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान को लागू करने की प्रक्रिया में हैं, जिनमें केरल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, असम, ओडिशा, कर्नाटक, उत्तराखंड और राजस्थान शामिल हैं। अन्य राज्यों ने भी इसे लागू करने की इच्छा व्यक्त की है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 90÷10 के अनुपात में उच्च केंद्रीय निधि साझाकरण के साथ राज्य सरकारों को लाभ देने के लिए पहले 2023-24 की तुलना में 2024-25 को प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान के कार्यान्वयन के पहले वर्ष के रूप में अनुमोदित किया है।

## कैबिनेट ने डीएपी उर्वरक के लिए 3,850 करोड़ रुपये तक के एकमुश्त विशेष पैकेज को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के लिए डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) फर्टिलाइजर के लिए अतिरिक्त सब्सिडी को मंजूरी दी है। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर के लिए 3,850 करोड़ रुपये का एकमुश्त पैकेज दिया है। किसानों को 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम की दर से डीएपी उर्वरक मिलता रहेगा। अतिरिक्त लागत सरकार वहन करेगी।उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने किसानों को किफायती कीमतों पर



डीएपी की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक जनवरी 2025 से अगले आदेश तक एनबीएस सब्सिडी से परे डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार को मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि भू-राजनीतिक कारणों से डीएपी की वैश्विक बाजार कीमतें अस्थिर हैं लेकिन अतिरिक्त खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने बताया कि लाल सागर जैसे प्रमुख समुद्री मार्ग संघर्षों के कारण असुरक्षित हैं। मालवाहक जहाजों को भारत में उर्वरक लाने के लिए केप ऑफ गुड होप के रूट का इस्तेमाल करना पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का भारत में उर्वरकों की कीमत पर असर पड़ेगा। 2014 से प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया है कि किसानों को कोविड और युद्ध संबंधी व्यवधानों के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव का खमियाजा न उठाना पड़े। 2014-24 तक उर्वरक सब्सिडी 11.9 लाख करोड़ थी, जो 2004-14 (5.5 लाख करोड़ रुपये) से दोगुनी है।

## हाई पावर कमेटी की बैठक में शामिल नहीं होगा संयुक्त किसान मोर्चा

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब के शंभू व खनौरी में चल रहे किसान आंदोलन पर अब किसान संगठनों ने अलग-अलग फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को हुई बैठक के बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया है कि किसान आंदोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर कमेटी की तीन जनवरी को होने वाली बैठक में मोर्चा शामिल नहीं होगा।एसकेएम ने शंभू और खनौरी मोर्चे में कोई भूमिका न होने के चलते यह फैसला लिया गया है। जबकि पहले दावा किया गया था कि संयुक्त किसान मोर्चे के नेता बैठक में शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से यह कमेटी पूर्व न्यायाधीश नवाब सिंह की अगुआई में गठित की गई है। कमेटी की तरफ से सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर में अंतरिम रिपोर्ट सौंपी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि आंदोलन करने वाले किसान बातचीत के लिए नहीं आ रहे हैं। किसानों से उनकी सुविधा के अनुसार तारीख और समय भी मांगा गया था, लेकिन उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।हरिंदर सिंह लखोवाल ने बुधवार को जानकारी दी कि जो पत्र आया है, उसमें रास्तों को खोलने के बारे में किसानों को मनाने जैसे मुद्दे हैं। यह बात भी गलत है, कि रास्ते किसानों ने रोक रखे हैं, रास्ते तो सरकार ने बंद कर रखे हैं।

## भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची साझा की - विदेश मंत्रालय





**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को एक-दूसरे की जेलों में बंद नागरिक कैदियों की सूचियों का आदान-प्रदान किया। भारत ने 81 मछुआरों सहित 462 पाकिस्तानी कैदियों और पाकिस्तान ने 217 मछुआरों सहित 266 भारतीय कैदियों की सूची साझा की।विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 2008 में हुए द्विपक्षीय काउंसलर एक्सेस समझौते के प्रावधानों के तहत हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को ऐसी सूचियों का आदान-प्रदान किया जाता है। इसमें कहा गया है, ÷भारत और पाकिस्तान ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक माध्यमों से एक-दूसरे की हिरासत में बंद नागरिक कैदियों की सूचियों का आदान-प्रदान किया।बयान में कहा गया है कि भारत ने अपनी जेलों में बंद 81 मछुआरों सहित 462 कैदियों के नाम साझा किए हैं, जो पाकिस्तानी हैं या जिनके बारे में माना जाता है कि वे पाकिस्तानी हैं। इसी तरह पाकिस्तान ने अपनी जेलों में बंद 217 मछुआरों सहित 266 कैदियों के नाम साझा किए हैं, जो भारतीय हैं या जिनके बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं। मंत्रालय ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप 2014 से अब तक 2,639 भारतीय मछुआरों और 71 नागरिक कैदियों को पाकिस्तान से वापस लाया गया है। इसमें 2023 से अब तक पाकिस्तान से वापस लाए गए 478 भारतीय मछुआरे और 13 भारतीय नागरिक कैदी शामिल हैं।भारत सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत से नागरिक कैदियों, मछुआरों और उनकी नावों तथा लापता भारतीय रक्षाकर्मियों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आह्वान किया है। पाकिस्तान से उन 183 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी में तेजी लाने को कहा गया है, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। इसके अलावा पाकिस्तान से उन 18 नागरिक कैदियों और मछुआरों को तत्काल कांसुलर एक्सेस प्रदान करने को कहा गया है, जिन्हें पाकिस्तान की हिरासत में माना जाता है कि वे भारतीय हैं और जिन्हें अभी तक कांसुलर एक्सेस प्रदान नहीं किया गया है। पाकिस्तान से अनुरोध किया गया है कि वह सभी भारतीय और भारतीय माने जाने वाले नागरिक कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करे, जब तक कि उनकी रिहाई और भारत को प्रत्यावर्तन न हो जाए।भारत एक दूसरे के देश में कैदियों और मछुआरों से संबंधित मामलों सहित सभी मानवीय मामलों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अगर मुझे कुछ भी हुआ तो एसटीएफ जिम्मेदार होगी

## योगी सरकार के मंत्री आशीष पटेल ने उत्तर प्रदेश पुलिस पर उठाए सवाल

**लखनऊ,एजेंसियाँ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल ने मंगलवार को राज्य पुलिस स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) से अपनी जान को खतरा और अपने तकनीकी शिक्षा विभाग में अनियमितताओं के आरोपों के पीछे बड़ी साजिश का आरोप लगाया।

मंत्री अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के पति हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए उनकी लड़ाई के दौरान किसी भी घटना÷ के लिए एसटीएफ पूरी तरह से जिम्मेदार होगी। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाली सिराथू से विधायक और अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल ने विभागीय पदोन्नति के लिए सेवा नियमों को दरकिनार करने का आरोप लगाया।उन्होंने इसे घोटाला




बताते हुए विभागीय अधिकारियों पर वरिष्ठ अधिकारियों को फायदा पहुंचाने के लिए सेवा नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। सपा नेता ने इस मुद्दे पर विधानसभा में भी विरोध जताया। मंत्री ने आरोपों से इनकार किया और इस बात पर जोर दिया कि अधिकारियों की पदोन्नति पर ÷मुख्यमंत्री कार्यालय सहित सभी स्तरों पर चर्चा की गई। प्रधान सचिव ने विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक बुलाई, और मैंने यह सुनिश्चित किया कि फ़ाइल मुख्यमंत्री कार्यालय को दिखाई जाए।उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, उन राजनीतिक षडयंत्रकारियों से मेरा सवाल है कि पदोन्नति प्रक्रिया में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई है लेकिन अगर उनकी बात को तवज्जो दे भी दी जाए तो भी सिर्फ मंत्री ही क्यों दोषी है? बाकी लोग क्यों छूट जा रहे हैं? तब तो प्रमुख सचिव समेत सिस्टम के सभी लोग दोषी हुए।

उनका नाम क्यों नहीं लिया जा रहा है? बार-बार मंत्री का नाम घसीटने के पीछे कारण क्या है? सिराथू से समाजवादी पार्टी की विधायक और अपना दल (कमेरावादी) पार्टी की नेता पल्लवी पटेल ने हाल में प्राविधिक शिक्षा विभाग में विभागाध्यक्ष के पदों पर हुई नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। पल्लवी ने आरोप लगाया था कि मौजूदा सेवा नियमावली की जगह पुरानी नियमावली के आधार पर भर्ती कर घोटाला किया गया है। इस मामले को लेकर वह विधानसभा में धरने पर भी बैठी थीं।

## असम राइफल्स ने मणिपुर में हथियार और विस्फोटक का जखीरा जब्त किया



**इम्फाल, (हि.स.)।** असम राइफल्स ने मणिपुर के चंदेल जिले में हथियारों और विस्फोटक का बड़ा जखीरा जब्त किया। जब्त की गई सामग्री में अमेरिकी निर्मित एम 16 राइफल, स्थानीय लाथोड गन, एम 16 राइफल मैगजीन, आईईडी, मोटोरोला संचार सेट, 5.56मि.मी. गोला-बारूद, पोंपी, लाथोड बम, एक एके-56 राइफल और एक टाइप 81 चीनी असॉल्ट राइफल सहित तीन मैगजीन शामिल हैं। पकड़े गए व्यक्तियों और जब्त हथियारों को आगे की जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है।

# मंदिर तोड़ने वाले फैसले को एलजी ने दी मंजूरी

## दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी ने फिर किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर नया हमला बोलते हुए अपना आरोप दोहराया कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में मंदिरों और अन्य धार्मिक संरचनाओं को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। आप नेता ने अपने आरोपों के समर्थन में दस्तावेजी सबूत होने का दावा किया।

आतिशी की टिप्पणी तब आई जब उपराज्यपाल ने मंगलवार को उनके पहले के आरोपों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री गंदी राजनीति खेल रहे थे।आतिशी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली के विभिन्न



हिस्सों में मंदिरों और बौद्ध मंदिरों को ध्वस्त करने की योजना बना रही है। एक धार्मिक समिति है जो मंदिरों को स्थानांतरित करने या उनके विध्वंस पर निर्णय लेती है। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली सरकार के गृह मंत्री के अधीन आती थी। पिछले साल तक इस समिति के सभी फैसले पहले गृह मंत्री के सामने रखे जाते थे और उनकी मंजूरी के बाद ही कोई कार्रवाई की जाती थी। लेकिन पिछले साल दिल्ली एलजी ने आदेश दिया कि किसी भी धार्मिक स्थल को गिराना कानून व्यवस्था का मुद्दा है और इसलिए यह दिल्ली एलजी के अंतर्गत आता है और इसलिए दिल्ली के सीएम या गृह मंत्री का इससे कोई लेना-देना नहीं

ने आगे कहा कि अब धार्मिक समिति सीधे दिल्ली एलजी के अधीन है। समिति के अध्यक्ष गृह विभाग के प्रधान सचिव होते हैं और वह समिति के सुझावों को मंजूरी के लिए सीधे दिल्ली एलजी के पास भेजते हैं। 22 नवंबर को धार्मिक समिति की बैठक हुई थी। कल एलजी ऑफिस ने मीडिया को बताया कि मंदिरों को तोड़ने का कोई आदेश नहीं है। लेकिन ये झूठ है। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर को हुई बैठक में वेस्ट पटेल नगर, दिलशाद गार्डन, सीमापुरी, गोकलपुरी, न्यू उस्मानपुर और सुल्तानपुरी में स्थित कई मंदिरों और सुंदर नगरी में स्थित एक बौद्ध मंदिर को तोड़ने का फैसला लिया गया था।

# भाजपा ने 10 वादों को लेकर केजरीवाल को घेरा, कहा- जो कहते हैं वो कभी करते नहीं

**नई दिल्ली, (हि.स.) ।** भारतीय जनता पार्टी ने नए साल के पहले दिन अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए 10 वादों को लेकर घेरा। भाजपा ने केजरीवाल पर गिरगिट की तरह रंग बदलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने जो वादे किए उसे भी 10 सालों में पूरा नहीं किया। वे जो कहते हैं, करते नहीं हैं।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार



को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में 10 वादे गिनाते हुए कहा कि केजरीवाल ने बिजली की दरें कम करने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, शिक्षा प्रणाली में सुधार करने, स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने, स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने, लैंडफिल हटाने, महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने, झुग्गीवासियों के लिए आवास, असुरक्षित बिजली के तारों से राहत का वादा किया और यमुना को साफ करने का भी वादा किया था।इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया। उनके कार्यकाल के 10 साल के बाद स्थिति ऐसी है कि 23 जुलाई 2024 को इन तारों के कारण एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उन्होंने वादा किया था कि वे कूड़े के ढेर साफ करेंगे। हालांकि, बताया जा रहा है कि दिल्ली में कूड़े के ढेर की ऊंचाई 8 मीटर बढ़ गई है।डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के हर वरिष्ठ नेता को भ्रष्टाचार के लिए जेल जाना पड़ा है।







# लखनऊ के होटल में आगरा के युवक ने पिता के साथ मिलकर की मां व चार बहनों की हत्या



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के होटल शरणजीत में एक युवक ने अपने पिता के साथ मिलकर परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी। आगरा जिले के निवासी आरोपित ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। उसने बताया कि मोहल्ले वाले इनके परिवार को परेशान कर रहे थे। इसको डर था कि अगर इसे कुछ हो गया तो इनकी मां और बहन का क्या होगा, इसलिए इसने उनको मार देने का फ़ैसला किया।पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपित अरशद आगरा जिले के इस्लामनगर में पिता बदर, मां अस्मा, बहनों- आलिया (9), अल्शिया (19), अक्सा (16) और रहमीन (18) के साथ रहता है। वह मोहल्ले वालों को यह बताकर घर से निकला था कि अजमेर जा रहा है। 30 दिसंबर को यह सभी लखनऊ आये और नाका इलाके में बने होटल शरणजीत में कमरा 109 में रह रहे थे।

अरशद ने नये साल के पहले दिन एक जनवरी को अपने पिता के साथ मिलकर मां और चारों बहनों की हत्या कर दी। बकायदा इसने एक वीडियो बनाया है, जिसमें उसने अपने परिवार को मारने की बात स्वीकार किया है। पुलिस उस वीडियो को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। आरोपित ने यह भी स्वीकारा है कि उसका पिता अपनी जान देने के लिए कही निकला है। लखनऊ में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या से सनसनी फैल गई। सूचना पर लखनऊ पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किया। होटल के कमरें को सील कर दिया गया है।पुलिस उपायुक्त (लखनऊ मध्य) ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित अरशद ने अपनी चार बहनों और माता की हत्या करने की घटना को कबूल करते हुए बताया कि मोहल्ले वाले इनके परिवार को परेशान कर रहे थे।

उसको डर था कि अगर उसे कुछ हो गया तो उनकी माँ और बहन का क्या होगा, इसलिए उसने उनको मार देने का फ़ैसला किया। अरशद परिवार को पहले अजमेर लेकर गया फ़िर लखनऊ लाकर सभी को होटल में रुकवाया। रात्रि में शराब पिलाई और कुछ के मुंह में कपड़ा डालकर दुपट्टे से गला दबा दिया और कुछ की कलाई ब्लेड से काट दी। इस काम में पिता ने मदद की। इसके बाद पिता को रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया और स्वयं थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ब्लेड व दुपट्टा बरामद कर लिया गया है।संयुक्त पुलिस आयुक्त बब्लू कुमार ने पत्रकारों को बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि नाका थाना क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में पांच लोगों की लाश मिली है। पुलिस ने घटना की जांच की। घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। प्रत्येक तथ्य के संबंध में साक्ष्य संकलन कर सत्यापित किया जा रहा है।

आगरा में रहने वाले उसके घर के पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि अरशद झगड़ालू किस्म का था। 18 दिसंबर को भी उसका पड़ोसी से विवाद हुआ था। छह माह पहले ही उसकी शादी हुई है और उसके झगड़ालु प्रवत्ति से परेशान होकर पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

# 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा जल्द आ सकता है भारत, अमेरिकी कोर्ट ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** 26/11 मुंबई हमले में शामिल पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को जल्द ही भारत लाए जाने की संभावना है। अमेरिकी अपील अदालत ने फैसला सुनाया कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

कुछ महीने पहले, तहव्वुर हुसैन राणा को एक बड़ा झटका देते हुए, एक अमेरिकी अदालत ने फैसला सुनाया था कि पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है, जहां वह 2008 में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों द्वारा किए गए मुंबई आतंकवादी हमले में शामिल होने के लिए वांछित था।राणा ने फैसले के खिलाफ अपील की थी जिसे आज खारिज कर दिया गया।

अपने फैसले में, पैनल ने यह भी माना कि भारत ने मजिस्ट्रेट



जज की उस संभावित कारण की खोज का समर्थन करने के लिए पर्याप्त सक्षम सबूत प्रदान किए कि राणा ने आरोपित अपराध किए थे। पाकिस्तानी नागरिक राणा पर मुंबई में बड़े पैमाने पर आतंकवादी हमलों को अंजाम देने वाले एक आतंकवादी संगठन के समर्थन से संबंधित आरोपों पर अमेरिकी जिला अदालत में मुकदमा चलाया गया था।

एक जूरी ने राणा को एक विदेशी आतंकवादी संगठन को सामग्री सहायता प्रदान करने और डेनमार्क में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की एक नाकाम साजिश के लिए सामग्री सहायता प्रदान करने की साजिश रचने का दोषी ठहराया। हालाँकि, जूरी ने राणा को भारत में आतंकवाद से संबंधित हमलों के लिए सामग्री सहायता प्रदान करने की साजिश रचने से बरी कर दिया।

राणा को उन दोषसिद्धि के लिए सात साल जेल में बिताने के बाद और उसकी अनुकंपा रिहाई के बाद, भारत ने मुंबई हमलों में उसकी कथित भागीदारी के लिए मुकदमा चलाने के लिए उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध जारी किया।

# आपदा प्रबंधन के लिए योगी सरकार का मास्टर प्लान

## किसी भी तरह की आपदा में मंडल, जनपद और मेला क्षेत्र में अधिकारी करेंगे त्वरित कार्यवाही

**महाकुम्भ के आयोजन को कुशल और सुरक्षित बनाने के लिए सरकार ने स्पष्ट की जिम्मेदारियां**



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भ नगर।** मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में विख्यात महाकुम्भ 2025 को आपदा मुक्त संपन्न करने के लिए योगी सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने और उससे निपटने के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्षम फोर्स को तैनात कर दिया गया है। इसी क्रम में अब क्विक रिस्पॉन्स के साथ ही जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम का गठन किया गया है। इसके तहत, मंडल, जनपद और मेला स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। मेला क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी आपात स्थिति या आपदा के घटित होने पर रिस्पांसिबिल टीम तत्काल क्रियाशील हो जाएगी।
योगी सरकार के राजस्व विभाग द्वारा आईआरएस का गठन किया गया है। इसमें प्रयागराज मंडल के तहत मण्डलायुक्त, प्रयागराज एवं अध्यक्ष, प्रयागराज मेला प्राधिकरण को रिस्पॉन्सिबल अधिकारी बनाया गया है। वहीं, पुलिस आयुक्त, प्रयागराज को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, जनपद स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट, प्रयागराज एवं अध्यक्ष, डीडीएमए, प्रयागराज को इंसिडेंट कमाण्डर, अपर जिलाधिकारी को डिप्टी इंसिडेंट कमाण्डर और डीसीपी नगर, प्रयागराज को सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।
मेला क्षेत्र के लिए मेला अधिकारी को इंसिडेंट कमाण्डर मेला क्षेत्र नियुक्त किया गया है। सहायक मेला अधिकारी को उप इंसिडेंट कमाण्डर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुंभ मेला को सुरक्षा अधिकारी, एसडीएम सेक्टर को इसिडेंट कमाण्डर मेला सेक्टर और एडिशनल एसपी/डिप्टी एसपी, सेक्टर को सुरक्षा अधिकारी मेला सेक्टर निर्धारित किया गया है। इन सभी का मुख्य कार्य आपदा की स्थिति में तुरंत क्रियाशील होना होगा।

### जारी हुई अधिसूचना

**प्रयागराज।** प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार, महाकुम्भ 2025, प्रयागराज केह सुचारू संचालन के लिए मेले के आयोजन के दौरान किसी भी आपदा पर त्वरित, कुशल एवं प्रभावी गति से कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए संगठनातमक संरचना के अनुसार प्रत्येक हितधारक/उत्तरदाता की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किए जाने के उद्देश्य से इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम को महाकुम्भ मेला जनपद क्षेत्र के लिए गठित किया गया है। मेला क्षेत्र के अन्तर्गत किसी आपात स्थिति/आपदा के घटित होने पर यह रिस्पांसिबिल टीम क्रियाशील रहेगी।

# अनियंत्रित कार मकान से टकराई, तीन युवकों की मौत

## कार सवार चौथे युवक की भी हालत बनी है गम्भीर

**भटौती पहाड़ी महादेव का दर्शन कर लौटते वक्त हाईवे पर हुआ हादसा**



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर नया साल की शुरुआत करने की मंशा कार सवार चार युवकों पर भारी पड़ी है। भटौती के पहाड़ी महादेव के दर्शन कर घर वापसी के वक्त हाईवे पर अनियंत्रित कार एक मकान से टकरा गई। इसमे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो युवकों ने इलाज के लिए ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। चौथे युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।
मिली जानकारी के अनुसार मांडा व मेजा थाना क्षेत्र के चार दोस्त नये साल पर कार से मेजा के भटौती स्थित पहाड़ी महादेव पर दर्शन के लिए गए थे। घर वापसी के दौरान जैसे ही कार सवार युवक राष्टीय राजमार्ग 76 के मेजा थाना क्षेत्र के मनु का पूरा गांव के समीप पहुंचे ही थे कि कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे मकान से जा भिड़ी। घटना में मेजा थाना क्षेत्र के जेवनियां गांव निवासी अभिनव पांडेय (18) पुत्र पवन पांडेय की मौके मौत हो गई। वहीं अमन चौबे (26 ) पुत्र गुड्डू चौबे निवासी गरेथा और हिमांशु (20) पुत्र कुंवर साहब पांडेय निवासी गरेथा की घंटे भर बाद इलाज के लिए ले जाते वक्त रास्ते मे मौत हो गई। अष्टभुजा उर्फ अनु पुत्र हरि सेठ निवासी गरेथा मांडा गंभीर रूप से घायल हैं। इनकी हालत नाजुक बताई गई है।
सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस घायल को हॉस्पिटल भेज कर हुए मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की है। एक साथ तीन युवकों की मौत से दो गांवों में मातम पसर गया।परिजनों में कोहराम मचा है। घटना से नए साल का जश्न मातम में बदल गया।

# सनातनियों की आस्था का समागम है महाकुम्भ- राकेश शुक्ल

## पतित को पावन करने वाला सांस्कृतिक आयोजन, कोई मेला नहीं

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** प्रयाग पुत्र भाजपा नेता राकेश शुक्ल ने कहा कि मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत महाकुम्भ को महज एक मेला मान कर उसके महात्म्य पर चोट ना करें। सनातन के इस परम पुण्यदायी आयोजन को करीब डेढ माह तक चलने वाले मिलन और सत्संग के महापर्व के नजरिए से देखा जाना चाहिए।
प्रयाग पुत्र के नाम से चर्चित भाजपा नेता राकेश शुक्ल ने कहा कि देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस पर्व का महात्म्य और गहराई शोध और चिंतन का विषय है। ताकि वह महाकुम्भ के महात्म्य की व्यापकता को समझ सकें और अधिक से अधिक इसका पुण्य लाभ अर्जित कर सकें। तीर्थराज प्रयाग की माटी में पले बढ़े श्री शुक्ल ने



महाकुम्भ के महात्म्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ डिजिटल डिटॉक्स होने के साथ साथ पतित को पावन बनाने का पर्व है। उन्होंने कुम्भ पर लिखी अपनी कॉफ़ी टेबल बुक में भी प्रमुखता से इसका उल्लेख किया है।
श्री शुक्ल ने कहा कि धरती का एकमात्र धर्म सनातन वैदिक हिन्दू धर्म है, जिसका उद्देश्य नर सेवा, नारायण सेवा के भाव के साथ मानव कल्याण करना है। इसका विचार ऋषि मुनियों के सत्संग से शुरू होता है। महाकुम्भ को ऋषि, मुनि, यती योगी, संत, महात्मा और समाज मिलकर बनाते हैं। संगम की रेती से संतों ने संदेश दिया कि धर्म का व्यवसाय नही होना चाहिए।
उन्होंने कहा कि संगम की रेती पर सजने वाली कल्पवासियों की अलबेली दुनिया महीने भर गुलजार रहेगी। कल्पवास किसी साधना से कम नही है। इसके नियम संयम गृहस्थ को एक संत बना देते हैं। त्रिवेणी स्नान के साथ जप, तप और पूजा के साथ दान पुण्य करना कल्पवासियों की जीवन चर्या बन जाती है। रेती पर उनका अलग परिवार और समाज होता है जो जीवन की वास्तविकता का बोध कराता है। उन्होंने महाकुम्भ को ईश्वरीय संविधान की शक्ति से चलने वाला पर्व बताया है।

# कात्यायनी यूपी की अंडर-19 टीम में

**प्रयागराज।** आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी की प्रशिक्षु कात्यायनी पाठक का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-19 वूमेंस वनडे टीम में किया गया है। उत्तर प्रदेश की टीम चार जनवरी से नागपुर में हरियाणा के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी।



विनायक नगर नैनी निवासी जय कृष्ण पाठक एवं किरन पाठक की पुत्री कात्यायनी दाहिने हाथ की बल्लेबाज है। कात्यायनी के चयन पर अकादमी की कोच स्वाति सिंह, यशवर्धन उचहारिया, शिवराम पटेल, मोहसिन अली ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# सफलता प्राप्त करने का कोई शार्टकट नही- डा0 उमाकान्तानन्द महाराज

## हाईकोर्ट एक्टस् की पुस्तक हैण्डबुक आफ सिविल एण्ड क्रीमीनल एक्ट्स एलांग विथ इलाहाबाद हाईकोर्ट रूल्स पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** जीवन जीने की कला एवं सफलता प्राप्त करने का कोई शार्टकट नही होता है। जीवन में संघर्ष नाम का कोई शब्द नही है। जीवन में प्रयास करना और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढना ही अजेय को भेद सकता है। उक्त बाते हाईकोर्ट के गेट न0 6 के सामने नववर्ष के उपलक्ष्य में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में जूना अखाड़े के महामण्डलेश्वर डा0 स्वामी उमाकान्तानन्द जी महाराज ने कही।
उक्त अवसर पर उन्होने हैण्डबुक आफ सिविल एण्ड क्रीमीनल एक्ट्स एलांग विथ इलाहाबाद हाईकोर्ट रूल्स पुस्तक का विमोचन किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आगामी होने वाले चुनाव के पूर्व नववर्ष की प्रातः बेला पर पुस्तक



विमोचन के आयोजन कर्ता एवं महासचिव पद के प्रत्याशी धमेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह पुस्तक यंग लायर्स के लिए पथ प्रदर्शक का काम करेगी। इस अवसर कार्यक्रम की शुरूआत अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता ने कहा कि हाईकोर्ट की गरिमा एवं अखण्डता के सापेक्ष यह पुस्तक ज्ञान का भण्डार लिये हुए है। उन्होने पुस्तक विमोचन अवसर पर कहा कि एक ही पुस्तक में नये कानून के लागू हो जाने पर सिविल एवं क्रिमिनल दोनो के एक्ट्स देखने को मिलते है।
कार्यक्रम के समापन अवसर में डा0 उमाकान्तानन्द जी महाराज में धमेन्द्र प्रताप सिंह को आगामी होने वाले हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में महासचिव पद के रूप में विजय होने का आर्शीवाद व आर्शीवचन दिया। इस अवसर पर हजारो की संख्या में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं को पुस्तक की प्रति प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आर0सी0 त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष कैट बार एसोसिएशन अनिल सिंह, महिला वरिष्ठ अधिवक्ता कमला सिंह, उष्मा मिश्रा, रामसुमेर सिंह, शिवगोपाल सिंह, संजीव कुमार साहू, विनय कुमार गुप्ता, जय चन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# साधु संतों ने जलाया आतंकी पन्नू का पोस्टर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह उर्फ पन्नू की धमकी के बाद महाकुंभ में आए संतों में जबरदस्त उबाल है। महाकुंभ मेले के सेक्टर-16 में अयोध्या छावनी के जगतगुरु परमहंस दास जी महाराज के नेतृत्व में संतों ने आतंकी पन्नू का पोस्टर जलाया। उसके खिलाफ संतों ने जोरदार नारेबाजी की। स्वामी परमहंस दास बोले कि अगर आतंकी पन्नू महाकुंभ में दिखा तो उसे जिंदा जमीन में दबा देंगे। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। पिछले सप्ताह सुरक्षा का जिम्मा खुद एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने ले लिया था। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया था कि हर तरह की स्थिति में सभी सुरक्षा एजेंसियां तैयार हैं।बता दें कि सोमवार को यूपी के पीलीभीत जिले में तीन खालिस्तानी आतंकवादियों वीरेंद्र सिंह, गुरविंदर सिंह और जसनप्रीत सिंह के एनकाउंटर के बाद पन्नू ने अमेरिका से वीडियो जारी कर कहा कि वह इस घटना का बदला महाकुंभ में लेगा। उसने इस आयोजन को 'हिंदुओं का आखिरी महाकुंभ' बनाने और तीन शाही स्नानों मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी को निशाना बनाने की धमकी दी थी। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। यूपी पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां चप्पे-चप्पे की निगरानी कर रही हैं। ड्रोन और फेस रिकग्निशन कैमरों जैसी तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

# महाकुंभ को लेकर धमकी देने वाले पर मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** महाकुंभ में आतंकी वारदात की धमकी देने वाले इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ बुधवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मेला क्षेत्र स्थित कोतवाली थाने में यह एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल दूसरे दिन भी उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस उसके आईपी एड्रेस को ट्रेस करने में जुटी है।
एक दिन पहले यह मामला सामने आया था। जिसके बाद पुलिस विभाग में भी खलबली मच गई थी। मेला पुलिस के साथ ही साइबर थाना पुलिस को भी इसकी जांच पड़ताल में लगाया गया था। मामला महाकुंभ मेले से जुड़ा होने के कारण मेला कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई।
मेला कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राय की तहरीर पर यह मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें आईटी एक्ट के साथ ही अन्य धाराएं लगाई गई हैं। उधर आरोपी इंस्टाग्राम यूजर ने अपने अकाउंट से महाकुंभ को लेकर धमकी देने से संबंधित पोस्ट भी डिलीट कर दिया है। एसएसपी कुंभ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जांच कराई जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि अकाउंट किस आईपी एड्रेस के जरिए बनाया गया है। एक दिन पहले नसर पठान के नाम से बने इंस्टाग्राम अकाउंट से दोपहर एक पोस्ट किया गया। इसमें एक समुदाय को लेकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। साथ ही महाकुंभ में आतंकी वारदात करने की भी धमकी दी गई। एक अन्य यूजर के पूछने पर युवक ने खुद को भवानीपुर, पूर्णिया (बिहार) का रहने वाला बताया।
मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए यूपी 112 की ओर से भी संज्ञान लिया गया है। इस संबंध में यूपी 112 मुख्यालय से पुलिस आयुक्त प्रयागराज व एसएसपी कुंभ को पत्र भेजकर संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट के साथ उस एक्स अकाउंट की भी जानकारी साझा की गई, जिसने धमकी भरे पोस्ट के स्क्रीनशॉट को वायरल करते हुए शिकायत की। पत्र में कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

# जय सेल्स की जीत में रोहित व अर्पित चमके, अविरल का शतक व्यर्थ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** जय सेल्स वारियर्स नेकायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित कायस्थ पाठशाला क्रिकेट प्रतियोगिता में फाफामऊ क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। जय सेल्स की जीत में रोहित राज पाल की उम्दा प्रदर्शन ( 39 रन, 41 गेंद, 2 चौके एवं 8 - 0 - 33 - 2 ) व अर्पित सिंह के शानदार ( 75 रन, 103 गेंद, 11 चौके ) में अहम भूमिका निभाई हैं, तो फाफामऊ क्लब के अविरल शुक्ला के नाबाद शतक ( 107 रन, 133 गेंद, नौ चौके व दो छक्का ) की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत ना दिला सके।
बुधवार को केपी कॉलेज मैदान पर



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में चार विकेट पर 185 रन ( अविरल शुक्ला 107 रन, राठौर 50 अविजित रन, रोहित राज पाल 2/33, अर्जित सिंह 1/31 रन ) पर बनाए। जवाब में जय सेल्स वारियर्स की टीम ने 36.5 ओवर में सात विकेट पर 187 रन, ( अर्पित सिंह 75, रोहित राज पाल 39, सक्षम अवस्थी 21 अविजित रन, अविरल शुक्ला 2/30, बिपिन पाल 2/34, ऋषभ यादव व सिमलेश 1-1 विकेट ) पर बना लिए। मैच के बाद ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के कोच विवेक सिंह ने रोहित राज पाल को मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया।

# नव वर्ष पर चलाया हर दुकान दस्तक अभियान, दिया स्वच्छता का संदेश




**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा स्वच्छ महाकुंभ स्वच्छ प्रयागराज के दृष्टिगत प्रतिदिन शहर भर में हर दुकान दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहर के सभी इलाकों में मार्गो पर हर दुकान के सामने दो प्रकार के कूड़ेदान रखवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही नगर निगम की आईईसी टीम श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट के आईईसी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया दुकान के सामने साफ-सफाई रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे में आमजन को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में नए साल पर बुधवार को हर दुकान दस्तक अभियान दारागंज घाट से संगम नोज तक चलाया गया। 1000 से ज्यादा दुकानों पर जाकर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए महाकुम्भ 2025 को स्वच्छ, भव्य और दिव्य बनाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान शहर की प्रतिष्ठित संस्थान नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छ सुंदर पवित्र और प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ बनाने का संकल्प लिया गया साथ ही रैली निकाल कर स्वच्छता का सन्देश दिया। टीम ने 3 किलोमीटर पैदल यात्रा करते हुए गंगा बचाओ, हर दुकान पर डस्टबिन लगाओ और युवाओं साथ आओ के नारे भी लगाए। जागरूकता कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए पदयात्रा कर रहे आशुतोष पांडेय, दिव्यांशु, अयोध्या से आए आचार्य अभिषेक, सौरभ, राकेश, अमित, हिमांशु जयपुर से आए नितीश और मेरठ से आए सावन कनौजिया समेत 100 अन्य लोग भी शामिल हुए।

# श्री सहायक क्लब ने उद्घाटन मुकाबला जीता



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** श्री सहायक क्लब ने पीए यूनिटी क्लब को 22 रन से हराकर विंटर त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज में पूरे अंक प्राप्त किये।
डॉ. केएन काटजू कॉलेज मैदान पर मंगलवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में श्री सहायक क्लब ने 26.2 ओवर में 134 रन (विराट पांडेय 62, अंशुमान शर्मा 22, नादिर सफीर खान 3/08, अभिजीत चौधरी 2/05, अर्पित 2/21) बनाये। जवाब में पीए यूनिटी क्लब की टीम 27 ओवर में 112 रन (अजमीर आलम 37, नादिर सफीर खान 27, जय प्रकाश 3/12, काव्यांशु 3/22, सूर्यांश 2/24) पर सिमट गई।सीरीज का उद्घाटन मुख्य अतिथि एनआईएस क्रिकेट कोच परवेज आलम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। प्रणय गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत, हृदय नारायण पांडेय (मुन्ना) ने धन्यवाद ज्ञापित एवं मोहम्मद जेब फारान ने कार्यक्रम का संचालन किया। गुरुवार को श्री सहायक क्लब का मुकाबला डीएसए क्लब से होगा।

### श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट 21 से

**प्रयागराज।** श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता 21 जून से डॉ. केएन काटजू इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में प्रवेश की इच्छुक टीमें प्रणय गुप्ता (6392518689) अथवा हृदय नारायण पाण्डेय (9580070303) से संपर्क कर सकती हैं।

# हनुमानगंज ए एस की जीत में अनुभव व सानू का बहुमुखी खेल

**प्रयागराज।** हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब ने मोती लाल सर्व समाज कल्याण अंडर - 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में भवम क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के अनुभव गुप्ता ( 38 रन, 53 गेंद, दो चौके एवं 6 - 0 - 35 - 4 ) व सानू यादव के नाबाद ( 67 रन, 71 गेंद, दस चौके ) बहुमुखी खेल से अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। बुधवार को भानु प्रताप मैदान पर भवम क्रिकेट क्लब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीस ओवर में नौ विकेट पर 132 रन ( अनुराग 25, आदर्श सिंह 21, इस्माइल 20, ऋषभ श्रीवास्तव 17 रन, अनुभव गुप्ता 4/35, सानू यादव 2/23, प्रेरक पाल 1/09 ) पर बनाए। जवाब में हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब की टीम ने 24.1 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन ( सानू यादव 67 नाबाद, अनुभव गुप्ता 38 अविजित, दिव्यांश 15 रन, यश पाल 1/20, शिवम यादव 1/29 ) पर बना लिए।



प्रतियोगिता में गुरुवार को विप्लव सपोर्टिंग क्लब व राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्रिकेट क्लब के बीच प्रातः नौ बजे से खेला जाएगा।

# शुआट्स यीशु दरबार चर्च में आराधना व भजन की प्रस्तुति

## बिशप राजेन्द्र बी. लाल ने देश-प्रदेश की तरक्की के लिये की प्रार्थना

**नैनी(प्रयागराज)।** शुआट्स के यीशु दरबार चर्च परिसर में नववर्ष के उपलध में प्रार्थना, मसीही भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। शुआट्स कुलपति एवं बिशप मोस्ट रेव्ह प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने देश-प्रदेश की तरक्की सहित राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल आदि के कुशल स्वास्थ्य के लिये प्रार्थना की।सण्डे स्कूल के बच्चों ने भजन 'तेरे भवन में आनन्द की भरपूरी है' तथा हम मिलेंगे बादलों पे देखेगा सारा जहाँ' पर नृत्य की प्रस्तुति दी। बहन स्निग्धा ने 'है पाक खुदावन यीशु मसीह' भजन गाया। विश्वविद्यालय चैपलिन लालचुंग गांगटे ने प्रार्थना की। पास्टर बृजेश व ग्लैडविन चरन ने वचन के माध्यम से मसीह का बखान किया। अवधेश ने 'स्वर्ग राज्य में नाम लिखइबू' भजन की प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय ट्रेजरार ने भी 'धन्यवाद के साथ स्तुति गाऊँगा' भजन गाया। निदेशक एचआरएम एण्ड आर डा. अभिलाषा जे. लाल ने सभी को नववर्ष की शुभकामना देते हुए प्रेम को परमेश्वर द्वारा दिया गया अमूल्य तोहफा बताया। उन्होंने भजन 'कहता है दिल मेरा धन्यवाद प्रभु' की प्रस्तुति दी।बिशप प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने असफलता से निराश न होने और पुरानी बातों को भूलने की बात कही। कहा कि परमेश्वर पर विश्वास रखकर प्रयास जारी रखने से निश्चित सफलता मिलती है। उन्होंने स्वर्ग की नागरिकता को सबसे बड़ा बताया, इसे प्राप्त करने के लिये प्रभु यीशु मसीह के बताये सत्य के मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोल निर्धारित किये बिना दौड़ करना बेकार है। बिशप लाल ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने मनुष्यों के पाप को अपनी देह पर लिया और क्रूस पर चढ़ गये ताकि हमारा उद्धार हो सके। उन्हें तीसरे दिन मुर्दों में से जी उठने का पद मिला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में अपना गोल सेट करें, विश्वास में जियें, मसीह की समानता में ढलें, सत्य व शान्ति के मार्ग पर चलें, पाप व लोभ से दूर रहें, ताकि मरे हुए में से जी उठने का पद हम सभी को प्राप्त हो सके। समापन पर सभी सामूहिक भोज में शामिल हुए।इस अवसर पर यीशु दरबार विश्वविद्यालय चर्च की उपाध्यक्षा डा. सुधा लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोनाथन ए. लाल, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो बिश्वरूप मेहरा, निदेशक पब्लिक रिलेशन डा. रमाकान्त दूबे, निदेशक प्रशासन संजय फिलिप दास सहित विश्वविद्यालय शिक्षकगण, कर्मचारीगण व यीशु दरबार विश्वविद्यालय चर्च के श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# होलागढ़ में नववर्ष की रही धूम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** क्षेत्र में नववर्ष 2025 की चहुँओर धूम रही। लोग एक दूसरे को जहाँ व्हाट्सअप पर शुभकामना संदेश देते रहे, वहीं एक दूसरे के घर जा मिलकर भी बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। इलाके की कई दुकानों पर मिठाई से लेकर अनेकानेक गिफ्ट के सामान बेचे गए। लोगों के घरों में पकवान बना कर नव वर्ष का खूब आनंद लिया गया। हालाँकि बहुतायत सनातनी लोगों ने इस नववर्ष को नहीं मनाया किंतु ज्यादातर लोगों ने एक जनवरी का भरपूर आनंद लिया।

# कॉलेज के वार्षिकोत्सव का समापन, पुरस्कृत हुए छात्र

**प्रयागराज।** एम आर शेरवानी इंटर कॉलेज सलाहपुर के प्रांगण में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में छात्रों ने दमखम दिखाया।
वार्षिकोत्सव के समारोह समापन में मुख्य अतिथि जावेद अहमद, वीरेंद्र कुमार पांडेय व विद्यालय के प्रधानाचार्य मो. याकूब, उपप्रधानाचार्य राशिद महमूद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथि के रूप में आए हुए विद्यालय के रिटायर अंग्रेजी विरेन्द्र कुमार पांडेय ने समारोह कार्यक्रम के दौरान शिक्षक, शिक्षिकाओं व छात्रों के बीच में मोहम्मद रफी के गीत गाकर वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्य,



उपप्रधानाचार्य ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।
कार्यक्रम के मंच का संचालन अंग्रेजी के शिक्षक मोहम्मद शाहिद वह अब्दुल वहाब अंसारी ने किया। इस मौके पर क्रीड़ा शिक्षक मोहम्मद आफताब आलम, भानु प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार पांडेय, मो.आसिफ, अब्दुल वहाब अंसारी, मोहम्मद वजी, मोइनुद्दीन, जागेश्वर प्रसाद, इरशाद अहमद, रागिनी दुबे, नाजिया सुल्तान, खालिद यासीन, मो. अमीन खान, शमून अहमद आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, गांव, विद्यालय व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम व कस्वों में भ्रमण कर , थाना मो0पुर पंइसा द्वारा ग्राम मो0पुर अनेठा में चौपाल लगाकर थाना सराय अंकिल पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेंत्र में भ्रमणशील रहते हुए , थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बैगवा में भ्रमण कर, थाना महेवाघाट ग्राम घोघपुर में जाकर थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, महिलाओं, छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्यैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने खिलाडियों को वितरित किया स्वेटर



**कौशाम्बी।** बढ़ती हुई ठंढ को देखते हुए आज नगर पालिका परिषद मंझनपुर स्थित वार्ड नंबर 20 चंद्र शेखर आजाद नगर स्थित जिला स्पोर्ट स्टेडियम के सभी खिलाड़ियों को स्वेटर नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार फौजी द्वारा वितरण कर सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अध्यक्ष न्यू प्रेस क्लब विमलेश शुक्ल, विजय तिवारी, ज्ञानेंद्र तिवारी, स्टेडियम कोच संदीप सरोज जी एवं स्टेडियम के समस्त खिलाडी उपस्थित रहें।

# प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी कराए रजिस्ट्रेशन

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेलकूद लीग प्रतियोगिता का आयोजन खेल संघों के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विकासखंड मूरतगंज में कृष्णा डोली ग्राउंड काजू में दो व तीन जनवरी और कड़ा विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहंदा के पास स्थित मैदान में चार व पांच जनवरी को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में जूनियर, सीनियर, महिला व पुरुष सभी खिलाड़ी प्रतिभाग करेगें। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबाल, कुश्ती आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागी अपना आधार कार्ड लेकर प्रातः नौ बजे तक उपस्थित होना है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कड़ा में विनोद गिरी व मूरतगंज के आलोक कुमार पांडेय से संपर्क कर सकते है। आयोजन की जानकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सौरभ आर्य ने दी।

### ▸▸ खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु आवेदन करे प्रतिभागी

सिराथू, (कौशाम्बी)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु प्रतिभागी के आवेदन लिए जा रहे है । क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रविदा अधिकारी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न खेल विधाओं में सब जूनियर , जूनियर , एवं सीनियर आयु वर्ग में बालक व बालिका श्रेणी में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते है । प्रतियोगिता का आयोजन आगामी तीन व चार जनवरी को ग्राम पंचायत पवैया के परिषदीय विद्यालय के मैदान में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन हेतु आधारकार्ड सहित मोबाइल नंबर 7081018179 में संपर्क कर सकते है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स , कबड्डी , वालीबाल आदि का आयोजन किया जाएगा।

## प्रधानपतिनिधि ने सैकड़ो गरीबों को बांटे कंबल



**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल क्षेत्र चित्तापुर ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह ने सैकड़ो गरीबों को बांटे कंबल बता दे, सराय अकिल क्षेत्र चित्तापुर ग्राम सभा में ठंड से बचने के लिए प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह ने सैकड़ो गरीबों को बांटे कंबल, कंबल प्रकार गरीबों के चेहरे खिले।

# जिलाधिकारी ने दिये दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के साप्ताहिक बन्दी के आदेश

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 (1) सहपठित उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम-6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद के उन सभी दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों के सासाहिक बन्दी दिवस का अनुमोदन किया है, जहॉ पर अधिनियम के प्राविधान लागू होते हैं। यह आदेश 01 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक प्रभावी रहेंगा। दिन सोमवार को टाउन एरिया भरवारी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। इसी प्रकार दिन मंगलवार को टाउन एरिया सिराथू की समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान एवं दिन बुधवार को टाउन एरिया चरवा, देवीगंज, कड़ा एवं मंझनपुर की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त वाणिज्य एवं अधिष्ठान को छोड़कर) तथा दिन बृहस्पतिवार को टाउन एरिया-करारी, सराय अकिल एवं पश्चिम शरीरा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। दिन शुक्रवार को टाउन एरिया अझुवा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, दिन शनिवार को टाउन एरिया चायल की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान तथा दिन रविवार को टाउन एरिया मंझनपुर में चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया है कि बन्दी दिवस में दुकान खुली पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेंगी, जिसके उत्तरदायी दुकानदार दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के स्वामी स्वयं होंगे।

# नववर्ष में सफाई मित्रों को मिला शीतकालीन ट्रैक सूट, खिले चेहरे



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** नगर पालिका कार्यालय के वीरांगना दुर्गभाभी सभागार में बुधवार को नगर अध्यक्ष कविता पासी, अधिशासी अधिकारी राम सिंह ने नगर पालिका की ओर से सफाई कर्मियों को शीतकालीन ट्रैक सूट ड्रेस वितरित किया।

इस पहल का उद्देश्य सर्दियों के दौरान सफाई कर्मियों की सुविधा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। प्रथम फेज में 260 पुरुष सफाईकर्मियों को उक्त ड्रेस दिया गया है,इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कविता पासी ने कहा कि सफाई कर्मी नगर के स्वच्छता योद्धा हैं, उनका काम न केवल सराहनीय है,बल्कि हमारे नगर क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं

नगर प्रशासन उनका ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है, अधिशासी अधिकारी रामसिंह ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि सर्दियों में सफाई कर्मियों को आरामदायक और उपयुक्त ड्रेस मुहैया करायें,सफाईकर्मी नगर के धरातल पर रीढ़ हैं,जो घर घर जाकर एवं पूरे नगर की सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करते हैं स इस दौरान भाजपा जिलामहामंत्री दीप चंद्र दिवाकर, बबलू गौतम, एडवोकेट आशीष पासी, सभासद मोहम्मद हुसैन उर्फ मुन्नान, शादाब अहमद, विक्रम सिंह सहित अन्य कई सभासद , नगर कर्मी मौजूद रहे। इन्हें मिला ट्रैक सूट स्वच्छ भारत मिशन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत निकाय में सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों, सफाई नायकों, ड्राइवरों, शीतकालीन अलाव में लगे कर्मचारी गणों को, प्रकाश व्यवस्था में लगे कार्मिकों को, कचरा प्रबंधन केंद्र में लगे कार्मिकों को, कान्हा गौशाला के कार्मिकों को, हैंडपंप, लीकेज मरम्मत के कार्मिकों को 260 शीतकालीन नीले रंग के ट्रैकशूट, रेडियम जैकेट, वर्दी, मास्क, ग्लब्स, गमबूटध्जूते वितरित किया गया।

# अरविंद केसरवानी बने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी मूरतगंज में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद बाबू टाटा एवं राष्ट्रीय मंत्री ओंकारनाथ केसरी द्वारा किया गया। जिसमें अरविंद केसरवानी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं गौरव केसरवानी मोनू को युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नागेंद्र पटेल पूर्व संसद एवं कविता पासी जी नगर पालिका अध्यक्ष भरवारी, एवं संरक्षक के रूप में जगदीश केसरवानी, पूर्व प्रधान मनौरी, राम प्रकाश मिश्रा, कर अधिवक्ता संघ पितांबर लाल केशरवानी, ज्योति अभिजीत केसरवानी, रमेश केसरवानी, ओमप्रकाश कुशवाहा चेयरमैन प्रतिनिधि अझुवा, पिताम्बर लाल केसरवानी, विवेक मधुकर, अभिजीत जीतू केसरवानी शिवम केसरी सैयद फारूक सुरेश अग्रवाल हर्ष वर्धन कुशवाहा वीरेंद्र पाल, अतुल वर्मा, नवसाद अहमद व्यापारी गण उपस्थित रहें।

# वृद्ध आश्रम में जाकर फल फरूट और वस्त्र वितरण कर पूर्व प्रधानमंत्री को समर्पित किया नया साल- जिला अध्यक्ष




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी के साथ वृद्ध आश्रम ओसा चौराहा मंझनपुर जाकर माता-पिता तुल्य बुजुर्गों को फल फरूट वस्त्र वितरण कर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के यादों में नया साल समर्पित किया गया।

कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह जी के द्वारा किए गए कार्यों को बताया और कहा कि देश के अर्थशास्त्री एवं इस देश को नई पहचान व नई दिशा दिलाने वाले ऐसे हमारे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको या नया साल समर्पित करता हूं। और वृद्ध आश्रम के संचालक आलोक राय को विशेष आभार जिला अध्यक्ष ने प्रकट किया।

राजेश साहनी प्रदेश सचिव प्रभारी कौशाम्बी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके विचारों को जनता तक पहुंचाया। इस मौके पर कौशांबी कांग्रेस के नेता नायर रिजवी ने सभी वृद्धो को प्रणाम करते हुए डॉ मनमोहन सिंह जी के कार्यों जैसे मनरेगा, भूमि अधिग्रहण अधिनियम कार्यों को बताया। मैं अपनी सच्ची श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आप सबको नव वर्ष की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस मौके पर बोलते हुए छात्र संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने कहा इस देश में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने नई ऊंचाई तक पहुंचाया है, केंद्रीय विश्वविद्यालय आईआईटी एआईआईएमएस एवं तमाम शैक्षिक संस्थान का निर्माण वह शिक्षा का अधिकार कानून जैसे कार्यों को हमारे पूर्व प्रधानमंत्री जी ने इस देश में किया था पूर्व प्रधानमंत्री जी द्वारा कही गई बात हजारों ष्जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी है ष् इस बात हो उन्होंने कर के दिखाया है ऐसे महान पुरुष को मैं नया साल समर्पित करता हूं। पूर्व सचिव राम बहादुर त्रिपाठी जी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर जिला महासचिव राम सूरत रैदास ने बुजुर्गों को फल वितरण कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के अमर रहे नारे के साथ उनके कार्यों को बताया और उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित दृ जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा 'पप्पू,' युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी जी, जिला उपाध्यक्ष अकरम जका जी, नूरुत जमा, हेमंत रावत, जितेंद्र शर्मा, अजय सेन, छोटे लाल, दीपक शर्मा, सचिन पाण्डेय, सोशल मीडिया सचिव मोहम्मद मसरूफ उर्फ शारूख, मोहम्मद असद, कशीब हसन, मो अकीब, वकार, बिलाल, फैजी, नानू तिवारी, मोहम्मद शकील, बिलाल हसन, गोपाल पाल, भीम पाल, अमृता लाल, इंदर पाल, रामदास, बाबू लाल, बीफई लाल, सिकंदर सिंह, आलोक त्रिपाठी, अनिल सेन लगभग सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस से कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## इछना प्रधान पति ने दी नूतन वर्ष की शुभकामनाएं



लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल क्षेत्र इछना ग्राम सभा में नव वर्ष पर गांव के बुजुर्ग वह बच्चों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल द्विवेदी शुभकामनाएं दी तथा गांव में घूम कर सभी छोटे बड़े लोगों से मिलकर शुभकामनाएं दी।बता दे नव वर्ष पर गांव के बुजुर्ग लोग प्रधान प्रतिनिधि अनिल द्विवेदी के घर पर जाकर बधाइयां दी प्रधान प्रतिनिधि अनिल द्विवेदी ने गांव वालों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गांव में जो भी समस्याएं हो उसे अवगत करायें तथा जो भी समस्याएं हो उसे दुरुस्त कराई जा सके तथा गांव के लोगों के साथ बैठकर वार्ता की, और बताया कि ग्राम सभा में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# लूट की घटना से सम्बन्धित दो बाल अपचारी को लूट के मोबाइल व रूपयों के साथ लिए गए पुलिस अभिरक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा भीटी देहमाफी में डिलीवरी का सामान देने वाले लड़के से मोबाइल व पैसा की लूट से सम्बन्धित दो बालक को सगरा बहरा मोड़ के पास से नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उनके कब्जे से लूट का 03 अदद मोबाइल व 235 रुपये मय एक अदद मोटर साइकिल अपाचे (घटना में प्रयुक्त )बरामद किया गया।

### अवैध शराब के साथ नौ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 223ली0 अवैध शराब बरामद की गयी। गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों का चालान किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 13 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 03, थाना करारी से 01, थाना सराय अकिल से 03, थाना चरवा से 02, थाना संदीपनघाट से 02, थाना कड़ाधाम से 02) कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## जिलाधिकारी ने वन स्टाप सेन्टर का किया औचक निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित वन स्टाप सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेन्टर में 04 पीड़ितायें आवासित पायी गयी। उन्होंने वन स्टाप सेन्टर में पीड़िताओं को प्रदान की जाने वाली आवश्यक सेवाओं तथा पीड़िताओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने पीड़िताओं के उपयोग के लिए उन्हें कम्बल वितरित किया।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में 50 सैया क्रिटिकल केयर ब्लॉक के हो रहें निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समन्यातर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को दिये।

# क्षेत्राधिकारी सिराथू ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** नववर्ष-2025 की पूर्व संध्या पर क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना सैनी पुलिस बल के साथ कस्बा सैनी में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई एवं संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों व शराब की दुकानों को चेक किया गया तथा दुकानदारों से वार्ता कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

## अपर जिलाधिकारी को गेहूँ खरीद का प्रभारी अधिकारी किया गया नियुक्त

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूँ क्रय व्यवस्था के लिए निर्गत समय-सारणी के अनुसार मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत समस्त क्रय एजेन्सियों के माध्यम से कृषकों से सीधे गेहूँ क्रय के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अरूण कुमार गोंड को प्रभारी अधिकारी गेहूँ खरीद नियुक्त किया गया हैं, जो अपने निर्देशन में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत होने वाली गेहूँ क्रय नीति 2025-26 में दी गयी व्यवस्थानुसार गेहूँ खरीद सम्पादित करायेंगे। कार्यालय जिलाधिकारी दूरभाष नम्बर-05331 232796 एवं अपर जिलाधिकारी मो0नं0-9454417590 हैं।

# संदिग्ध दशा में गरीब के घर में लगी आग



लोकमित्र ब्यूरो

**पश्चिम शरीरा, (कौशाम्बी)।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कोलुहा गांव में बुधवार की शाम अचानक एक गरीब के घर में आग लग गई देखते ही देखते अआग ने विकराल रूप धारण कर लिया जब तक लोग आग में काबू पाते तब तक गरीब का गृहस्ती का सारा सामान जलकर राख हो गया प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम सरीरा क्षेत्र के कोलुहा गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद पुत्र मगाली बुधवार की शाम अपने घर के लोगों के साथ बाहर बैठे थे की तभी उसके घर में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जब तक पास पड़ोस के लोग कुछ कर पाते तब तक गरीब के घर में रखा गेहूं

चावल एवं गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया पीड़ित के मुताबिक वह बेहद गरीब है रोज मजदूरी कर किसी तरह अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता हैं।

# एकदिवसीय टूर्नामेंट में पुरवा की टीम रहीं विजई



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर में नवयुवक संघ कमेटी अतुल यादव व सानू कुमार द्वारा आयोजित एकदिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन चौती खलिहान पांडे मऊ में किया गया। जिसमें चकमाहपुर , पांडेमऊ, दरवेशपुर व पुरवा की टीम ने प्रतिभा किया फाइनल का मैच पांडेमऊ व पुरवा के बीच हुआ पुरवा की टीम ने 27 रन से पाण्डेयमऊ की टीम को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम किया टीम के कप्तान नीरज सिंह काफी उत्साहित थे वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर के पार्षद सूरज यादव विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया साथ ही वार्ड के सम्मानित गण मौजूद रहें।

संक्षिप्त खबरें

# धूम धाम संग मनाया गया राजा भइया के प्रतिनिधि का जन्मदिन



**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज , जिला पंचायत अध्यक्ष पति कुलदीप पटेल पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज की उपस्थिति में जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं ने केक खिलाकर जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। साथ ही ईश्वर से लंबी उम्र की कामना किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य विनोद पटेल, धवल सिंह कुंडा, सोनू सिंह नरियावां, क्षीरसागर तिवारी, कुंवर साहब, पूर्व प्रधान राजू तिवारी, सौरभ नेता, सुमित तिवारी फूलमती आंनद देव पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेण्ट के उदघाटन मैंच मे रोहित इलेवन को मिला विजेता खिताब

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के अझारा वार्ड मे बुधवार को क्रिकेट टूर्नामेण्ट के उदघाटन मैच में रोहित इलेवन की टीम विजेता रही। उदघाटन मैच घुइसरनाथ स्पोर्टिंग क्लब एवं रोहित इलेवन टीम के बीच रोमांचक दिखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए घुइसरनाथ स्पोर्टिंग क्लब ने दस ओवरो मे पैतीस रन बनाए। जबाब में रोहित इलेवन की टीम ने दो विकेट पर ही छत्तीस रन बनाकर मैच जीत लिया। गणेश यादव मैन आफ द मैच रहे। अम्पायर ललित मिश्र व आशुतोष रजक रहे। संयोजक सभासद धर्मपाल गौतम ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस मौके पर अजय मिश्र आशीष, प्रभाकर मिश्र, कुलदीप तिवारी, मुकेश तिवारी, सुधाकर मिश्र, अंजनी मिश्र, विद्याशंकर मिश्र, ज्ञानप्रकाश तिवारी, विमल मिश्र, पवन मिश्र, उमेश मिश्र, अभिषेक मिश्र, विनय मिश्र, मनीष मिश्र, शिव मिश्र, ललित पाठक व प्रियम मिश्र आदि रहे।

# जरूरतमन्दों को बांटा गया कंबल, समाजसेवी हुए सम्मानित



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के खजुरी गांव में स्थित मां डांडा देवी धाम में बुधवार को कंबल पाकर जरूरतमंदो को राहत में देखा गया। धाम के संस्थापक पं. गोकरननाथ मिश्र व समाजसेवी सुधीर मिश्र ने गरीब तबके के लोगों के साथ दिव्यांगों को भी कंबल प्रदान किया। लगभग पांच सौ जरूरतमंद ठण्ड मे कंबल पाकर प्रसन्न देखे गये। वही आयोजन में विभिन्न क्षेत्रो मे योगदान के लिए लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर हरिशंकर तिवारी, उदयराज मिश्र, लाल साहब सिंह, दिनेश सिंह, प्रेमधर दुबे, उमेश मिश्र, राधेश्याम मिश्र, कंधई वर्मा, गोपाल पाल, विकास मिश्र आदि रहे।

# सीएचसी से युवक की बाइक चोरी, पुलिस कर रही जांच

**पट्टी प्रतापगढ़।** युवक घर से महिला को प्रसव पीड़ा होने पर सीएससी पट्टी आया हुआ था। जहां पर अपनी बाइक खड़ी करके वह अस्पताल के अंदर गया। दस मिनट के बाद बाहर आया तो बाइक नदारत थी, यह देख दंग रह गया। सुचना 112 पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करने के बाद चली गई।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भवसरनपुर गांव निवासी राहुल यादव अपने बाइक से पट्टी सीएससी आया हुआ था। जहां पर उसके घर से महिला को प्रसवक्षपीड़ा होने के पर परिजन भर्ती कराए थे। बाइक अस्पताल के सामने खड़ी करके वह अस्पताल के अंदर गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक नदारत थी, यह देख वह दंग रह गया। इसके बाद सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली और अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मामले में पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, अभियोग पंजीकृत करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# धूमधाम संग मनाया गया वरिष्ठ अधिवक्ता का जन्मदिन



**प्रतापगढ–** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवीन बृहद हाल में फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित विपिन चंद्र पांडे का चौरासिवाँ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया द्य जूनियर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पंडित विजय शंकर त्रिपाठी पूर्व महामंत्री अनिल कुमार ओझा वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित राज किशोर त्रिपाठी एवं साथी अधिवक्ताओं तथा उनके शिष्यों ने अंगवस्त्र, डायरी इत्यादि सामग्री भेंट करके अभिनंदन किया द्य फूल मालाओं से वरिष्ठ अधिवक्ता का स्वागत नव वर्ष के साथ किया गया द्य इस अवसर पर एक विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसकी अध्यक्षता पं राज किशोर त्रिपाठी एवं संचालन सुरेश व्योम ने किया द्य इस अवसर पर पंडित राज किशोर त्रिपाठी ने कहा कि विपिन चन्द्र पांडे साथी अधिवक्ताओं व युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं द्य सुरेश नारायण द्विवेदी एवं उदय राज मिश्रा ने गीतों के माध्यम से पंडित जी को दीर्घ जीवन की मंगल कामना दिया द्य साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी ने पंडित जी के बारे में पढ़ा -पन्ना पलट के देखो दधीचि पुत्र का,कांटों के बिना पाए ये गुलाब नहीं हैं द्य इस अवसर पर आनंद मिश्र सूर्य प्रकाश शर्मा परमानंद मिश्रा पत्रकार अधिवक्ता शिवेश शुक्ला संपूर्णानंद पांडे इंद्रदेव मिश्रा संपूर्णा नंद पाण्डेय विपिन सिंह पुनीत कृष्ण कुमार वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे द्य आभार एडवोकेट गंगेश्वर पाण्डेय ने प्रगट किया

# शीतलहर के दृष्टिगत कोई भी गरीब, असहाय व्यक्ति खुले में न सोये-जिलाधिकारी

▶▶ जिलाधिकारी ने गरीबों, असहायों को कम्बल का किया वितरण एवं रैन बसेरों व अलाव जलने वाले स्थलों का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जनपद में कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से जरूरतमंदों, गरीबों, असहायों, कमजोर वर्ग को राहत दिलाने के लिये जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मंगलवार को देर रात्रिकाल में विभिन्न स्थलों पर जाकर लोगों को कम्बल का वितरण किया तथा जनपद में स्थापित रैन बसेरों व अलाव जलने वाले स्थलों का निरीक्षण भी किया।

रात्रिकालीन भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने गरीब, असहाय व्यक्तियों व बच्चों को आने वाले नये वर्ष की बधाई दी। डीएम ने रोंडबेज बस स्टैण्ड पहुँचकर वहां पर बने रैन बसेरा व जल रहे अलाव का निरीक्षण किया एवं इस दौरान वहां पर उपस्थित गरीब, असहायों को कम्बल का वितरण किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान एआरएम रोडबेज से बसो के संचालन के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने भंगवा चुंगी चौराहा पहुँचकर अलाव का निरीक्षण किया तो मौके पर अलाव जलता हुआ पाया गया।

रेलवे स्टेशन पहुँचकर जिलाधिकारी ने आने जाने वाले यात्रियों से वार्ता की और वहां पर निराश्रित एवं असहाय लोगों को कम्बल का वितरण भी किया। इसी प्रकार डीएम ने तुलसीसदन (हादीहाल) में बनाये गये रैन बसेरा का निरीक्षण कर वहां पर बनाये गये रजिस्टर का अवलोकन किया एवं गरीबों एवं असहायों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने चौक घण्टाघर चौराहा पहुँचकर अलाव का निरीक्षण किया एवं वहां पर गरीब, असहायों को कम्बल का वितरण भी किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठण्ड के दृष्टिगत चिन्हित स्थानों पर अलाव जलता रहे, ठण्ड के दौरान कोई भी गरीब, असहाय व्यक्ति सड़क के किनारे खुले में न सोने पाये, यदि कोई व्यक्ति खुले में सोता हुआ पाया जाये तो उसे रैन बसेरा में भेजवाया जाये। जिलाधिकारी ने बताया है कि जनपद में 74 अलाव हेतु चिन्हित स्थल एवं 21 रैन बसेरा बनाये गये है। उन्होने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत रात्रिकाल में भ्रमण कर अलाव का निरीक्षण करते रहे यदि कहीं पर आवश्यकता है तो अलाव अवश्य जलवायें व कम्बल का वितरण भी करायें। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि रात्रिकाल में कोई भी गरीब एवं असहाय व्यक्ति आये तो उसे जनपद में स्थापित रैन बसेरा की सूचना अवश्य दें जिससे वहां रैन बसेरा में पहुँचकर ठण्ड से बच सके। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार, जिला आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# तिवारी महमदपुर में त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला की हुई शुरुआत



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा तिवारी महमदपुर में गांव स्तरीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला की नूतन वर्ष 2025 के मौके पर दिन बुधवार को भव्य शुरुआत हुई। इस मौके पर ग्राम सभा तिवारी महमदपुर के ही स्थानीय ग्रामीणों में बच्चों एवं वृद्धों के संयोजन से बनी कुल आठ टीमों के बीच मुकाबला खेला जाएगा। जिसका फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। बताते चलें कि श्रृंखला के शुरुआत के मौके पर राष्ट्रगान के साथ श्रृंखला की शुरुआत हुई। इस मौके पर सभी के बीच के कुछ दिन पूर्व ही दिवंगत हुए लाइन मैन संजीव सिंह के लिए एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। पहला मुकाबला पिछले वर्ष की विजेता महमदपुर रॉयल्स और उपविजेता टीम दिलजले 0.2 के बीच खेल गया।इस दौरान दोनों टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर जरूरी तीन रन के सापेक्ष महमद पुर रॉयल्स की टीम के खिलाड़ी विनय सरोज ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर महमदपुर रॉयल्स की टीम को जीत दिलाई।इसके बाद चार टीमों के बीच दो अन्य मैच खेले गए, जिसमें ओम इलेवन व डिफॉल्टर इलेवन के बीच हुए कड़े मुकाबले में आखिरी गेंद पर एक रन बनाते हुए ओम इलेवन के खिलाफ दीपू पांडेय ने टीम को जीत दिलाई। आज के आखिरी मैच में बाबा बड़ेदेव इलेवन और नवदुर्गा क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें नवदुर्गा क्रिकेट टीम विजयी रही।इस त्रिकोणीय श्रृंखला के शुरुआत के मौके पर आयोजन समिति की ओर से धर्मेंद्र तिवारी,रवि शर्मा, प्रचंड ओझा,मनोज पटेल,पंकज तिवारी, कमलाकांत पांडेय,गोकुल पांडेय बी डी सी समेत तमाम ग्रामवासी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

# शौच को गई विवाहिता संग ससुर ने की छेड़-छाड़, दी तहरीर

**पट्टी प्रतापगढ़।** शौच करने गई विवाहिता से पहले से घात लगाए बैठे ससुर ने उसके साथ छेड़-छाड़ करना शुरू कर दिया और उसका कपड़ा फाड़ दिया। हल्ला गुहार सुनकर सास व घर के अन्य परिजनो को आता देख आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकला। कोतवाली क्षेत्र के धूई गांव की विवाहिता ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि देर रात वह घर के बाहर शौच क्रिया के लिए गई हुई थी। वहां पर उसका रिश्ते का ससुर जो ग्राम प्रधान भी है, वह जैसे ही खेत की तरफ गई तो उसने दबोच लिया और छेड़-छाड़ करने लगा। साथ ही उसका कपड़ा फाड़ डाला। हल्ला गुहार सुनकर उसकी सास चिल्लाती हुई आई तो वह जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकला। विवाहिता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# रामपुरखास में चतुर्दिक विकास में तेजी से दिलायेंगे आदर्श क्षेत्र का दर्जा- प्रमोद तिवारी

● राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने बाबा धाम में मत्था टेक लोकमंगल की किया कामना



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रामपुरखास को विकास के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के जरिए इसे प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ आदर्श क्षेत्र बनाए जाने का संकल्प जताया है। उन्होने कहा कि वह स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से क्षेत्र मे पुरवो तथा मजरो मे विद्युतीकरण के साथ लोगों को घर घर शुद्ध पेयजल मुहैया कराए जाने के लिए कृत संकल्पबद्ध हैं। वही उन्होने लालगंज नगर पंचायत को नगरीय विकास के क्षेत्र में सुसज्जित किये जाने के लिए ढांचागत विकास पर जोर दिया है। बुधवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज समेत विभिन्न स्थानो पर आयोजित कार्यक्रमों मे शामिल हुए। कार्यकर्ताओं से कैम्प कार्यालय पर मुलाकात कर उन्होनें संगठन की मजबूती के साथ विकास योजनाओं के संचालन में सहयोग मांगा।

वहीं लालगंज मे नगर पंचायत के सभासदों ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को नगर के विकास में कई नई परियोजनाओं की हालिया मंजूरी दिलाने के लिए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम मे दर्शन पूजन किया। उन्होने नववर्ष पर यहां विशेष पूजन कार्यक्रम में देश के नवनिर्माण तथा क्षेत्र के विकास की मजबूती को लेकर बाबा से प्रार्थना किया। रानीगंज कैथौला में भी व्यापारियों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने रामपुर बावली, अमावां में भी लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, केडी मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आरपी वर्मा, संजय पाण्डेय, एबादुर्रहमान, दारा सिंह, आशीष जायसवाल, पन्ने लाल पाल, शेरू खां, संजय सिंह, कैलाश नाथ तिवारी, अतुल शुक्ला, अभिनव शुक्ला, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, छोटे लाल सरोज, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, दयाराम वर्मा, शैलेन्द्र सिंह बघेल, आदि रहे।

# नव वर्ष पर एलायंस क्लब ने वृद्धाश्रम में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में बांटे उपहार

वृद्ध दादा-दादी की सेवा से ही मिलेगी नव वर्ष की खुशियां- रोशनलाल उमरवैश्य



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** वृद्धाश्रम महुली में नववर्ष के अवसर पर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए। नव वर्ष पर दादा जय राम ने गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।


समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी दादा-दादी को पुष्प गुच्छ एवं उपहार आदि देकर सम्मानित करते हुए कहा कि नव वर्ष की खुशी यही हो सकती है कि इन 80 दादा दादी को उपहार देकर सब का आशीर्वाद प्राप्त किया। मैं बहुत ही भाग्यशाली हूं कि मुझे 80 दादा दादी की सेवा करने का अवसर मिल रहा है।103 वर्षीय दादा जयराम ने कहा कि चाहे नववर्ष हो या कोई त्यौहार हो हम सबके बेटे रोशनलाल हमें कभी कोई कमी नहीं होने देते।

हम सब का सौभाग्य है की सभी वृद्धजन ऐसे होनहार बेटे को पाकर अपना जीवन सफल बना रहे हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है कि रोशनलाल को सदैव शक्ति प्रदान करें, जिससे हम सब की देखरेख कर सके।वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर रेखा उमरवैश्य, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, जय राम, शिव बाबू मिश्रा, शिवचंद्र शुक्ला, रामबोध, राम बहादुर मौर्य, शीला, ललित, प्रभु देवी, गोमती देवी, राम गरीब, आशिक अली, धर्मेंद्र, पंकज, अमित आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने सामूहिक सुन्दरकाण्ड व भव्य आरती से किया हनुमान जी का पूजन अर्चन

▶▶ लालगंज तहसील परिसर में भक्तिमय आयोजन में जुटे श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में स्थित हनुमान जी मंदिर पर बुधवार को अधिवक्ताओं ने सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ तथा हनुमान जी महराज की विशेष आरती पूजा का आयोजन किया। भगवान बजरंगबली के फूलों से हुए भव्य श्रृंगार को देख अधिवक्ताओ के साथ तहसील पहुंचे वादकारी भी मगन दिखे। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता धीरेन्द्र मिश्र व नीरज सिंह ने किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र ने आध्यात्मिक कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, अनिल त्रिपाठी महेश, राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, संतोष पाण्डेय, कालिका प्रसाद पाण्डेय, अजय शुक्ल गुडडू, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विपिन शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, जितेन्द्र सिंह, शिवरंजन यादव, प्रमोद तिवारी, विनोद शुक्ला, राजेश्वर यादव, संजय सिंह, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, तपन पाण्डेय, आशीष तिवारी, प्रवीण यादव, हरकेश पटेल, रामकिंकर शुक्ल, सिंटू मिश्र आदि रहे।

# चार दिवसीय खेल महोत्सव में पहले दिन छात्राओं का दिखा दबदबा

▶▶ चिल्डेऊन पैराडाइज स्कूल में स्पोर्ट मीट का एसडीएम ने किया शुभारंभ






लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर स्थित चिल्ड्रेन पैराडाइस स्कूल सोसाइटी द्वारा संचालित रामकृपाल मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज में बुधवार को चार दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव का उदघाटन उप जिलाधिकारी लालगंज नैंसी सिंह ने फीता काटकर किया। विद्यालय परिसर में खेल महोत्सव में उप जिलाधिकारी नैंसी सिंह ने सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप जिलाधिकारी ने चार दिवसी खेल महोत्सव का शुभारंभ करते हुए बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह शिक्षा को दबाव के रूप में न ले जिस क्षेत्र में उनकी अभिरुचि हो उस क्षेत्र में आगे बढ़े। विद्यालय के प्रबंधक आदर्श मिश्र एवं प्रधानाचार्य विकास मिश्रा ने उप जिलाधिकारी लालगंज को प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। खेल महोत्सव के पहले ही दिन छात्राओ का दबदबा देखने को मिला। खो-खो में कक्षा नौ की छात्रोंओ ने विजेता का खिताब हासिल किया। हैंकी स्नैचिंग में मुकाबला टाई रहा। वही वॉलीबॉल में कक्षा दस के छात्रों ने सफलता हासिल की। कबड्डी में कक्षा बारह के छात्रों ने ग्यारह के छात्रों को हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। हैंकी स्नैचिंग में कक्षा ग्यारह की बालिकाओं का दबदबा रहा और विजेता का खिताब हासिल किया। वॉलीबॉल के मुकाबले में कक्षा ग्यारह के छात्रों ने कक्षा बारह के छात्रों को धूल चटकार विजेता का खिसाब हासिल किया। बालिका वर्ग कबड्डी में बारह की छात्राएं विजेता बनने में कामयाब रही। जूनियर वर्ग में हैकी स्नैचिंग में कक्षा सात की छात्रोंओ ने कक्षा आठ की छात्राओं को हार का स्वाद चखाया। कक्षा नौ व दस की हुई कबड्डी में कक्षा नौ की छात्रा विजेता रही। जूनियर वर्ग मे कक्षा छः व सात में कबड्डी के मुकाबले में कक्षा छः के छात्रों को जीत हासिल हुई। प्राथमिक वर्ग मे एलकेजी मे म्यूजिक कल चेयर मे शिवाशीं गुप्ता, बनाना रेस मे आर्यन वर्मा, जलेबी रेस मे आविश खान ने प्रथम स्थान हासिल किया। यूकेजी मे म्यूजिक चेयर मे मानव वर्मा, जलेबी रेस निखत शेख, बनाना रेस मे मो. ईशान प्रथम विजेता का खिताब जीतने मे कामयाब रहे। कार्यक्रम का संचालन राज त्रिपाठी ने किया। मैच रेफरी की भूमिका मे शमशाद अहमद, अंकित पाण्डेय तथा उद्घोषक की भूमिका मे शिव नारायण तथा शुभम पाण्डेय रहे। अतिथियों का स्वागत विधालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने किया।

# स्थगन आदेश के बावजूद जमीन में कब्जा करने के विरोध पर पीड़ित को पीटा, केस दर्ज

**पट्टी प्रतापगढ़।** फतनपुर थाना क्षेत्र के हरिपालमऊ गांव निवासी विजय बहादुर यादव ने बीते 29 दिसंबर को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था। घटना विगत 29 दिसंबर को समय करीब 5 बजे शाम को पीड़ित के गांव के विपक्षी तहसीलदार रानीगंज, क्षेत्रीय कानूनगो, क्षेत्रीय लेखपाल व जे0सी0बी0 साथ लेकर पीड़ित की भूमि पर कब्जा करने गये थे। पीड़ित अपना बैनामा व न्यायालय का स्थगन आदेश तहसीलदार रानीगंज को दिखाने लगा। इतने में विपक्षी अरविन्द कुमार सुत माताफेर व रघुराज यादव सुत अरविन्द कुमार पीड़ित को गन्दी गन्दी गालिया देते हुए धक्का देकर गिरा दिया और लात मूका से मारने लगे।

लोकमित्र
कौशाम्बी, गुरूवार ,2 जनवरी 2025



संक्षिप्त खबरें

## महिला ने ससुरालीजनों पर पिटाई करने का लगाया आरोप

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट कोतवाली के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा की विनीता देवी पत्नी जितेन्द्र कुमार के मुताबिक उसका पति आयेदिन तरह तरह के आरोप लगाकर उसके साथ गाली गलौज करता है। विरोध करने पर मारपीट भी करता है। मंगलवार की शाम वह घरेलू काम में व्यस्त थी। इसी दौरान उसका पति घर आया और परिजनों संग उसके साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह डंडे से पिटाई कर जान से मार डालने की धमकी देने लगा। आरोप है कि वह सभी उसे घर से भगाना चाह रहे हैं। पीड़िता ने बुधवार सुबह थाने जाकर पति समेत ससुरालियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

## बाइक सवार की टक्कर से सायकिल सवार जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के नजदीक अज्ञात बाइक सवार की टक्कर से सायकिल सवार अधेड जख्मी हो गया , आसपास मौजूद लोगो ने घायल अधेड को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बा निवासी बांकेलाल पुत्र स्व छेदीलाल 49 वर्ष मंगलवार की शाम सायकिल से मलाका लकड़ी लेने गया था , बांकेलाल लकड़ी लेकर वापस घर लौट रहा था , जैसे ही वह सब्जी मंडी के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार सायकिल सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया हादसे में सायकिल सवार बांकेलाल गंभीर रूप से जख्मी हो गया , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।


## दबंगों पर स्कूल की जमीन पर कब्जा पर प्लाटिंग करने का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में कुछ दबंगों द्वारा स्कूल के नाम सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग कर रहे है, ग्रामीणों ने मामले की शिकायत डीएम कौशांबी से करते हुए कार्यवाही की मांग की है। सिराथू तहसील क्षेत्र के बरीपुर गांव के लोगों ने डीएम मधुसूदन हुल्गी को शिकायती पत्र देकर बताया कि स्कूल के नाम सुरक्षित भूमि पर कुछ दबंगों ने अवैध कब्जा कर प्लाटिंग कर रहे है, ग्रामीणों का आरोप है कि दबंग प्लाट बेचने हेतु बिना नक्शा पास कराए प्लाट बेचने की नियत से दबंग स्कूल के गेट को पूर्व दिशा की ओर से दक्षिण दिशा की ओर किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम सिराथू को जांचकर कार्यवाही के आदेश दिए है।

## सभासद पर बंजर भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत डीएम से

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कोररो गांव में सभासद द्वारा ग्रामसभा की बंजर की भूमि पर सभासद द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है , ग्रामीणों के विरोध करने पर सभासद द्वारा झगड़े पर आमादा होकर जान से मारने की धमकी दी जा रही है गांव के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर सभासद पर कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के कोर्रा गांव के इंद्रेश यादव पुत्र तीरथ सिंह ने डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि कोर्रा का मजरा गडरियन का पुरवा में स्थित बंजर खाते के नाम दर्ज भूमि पर वर्तमान सभासद द्वारा अवैध कब्जा कर मोटी रकम लेकर जमीन की बिक्री कर रहा है , जिसका विरोध करने पर सभासद झगड़े पर आमादा होकर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी जाती है । पीड़ित ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## मर्दानपुर बरजी पंचायत भवन में चोरी



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात चोरों ने पंचायत भवन के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और पंचायत भवन के कमरे में रखे जरूरी सामान पार कर दिया, मामले की जानकारी ग्राम प्रधान को मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।विकास खंड कड़ा के मर्दानपुर बर्जी गांव की ग्राम प्रधान उमा देवी ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात चोरों ने पंचायत भवन के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए , और कमरे में रखा इन्वर्टर, एक प्रिंटर , दो बैटरी , एक बुफर सहित पंचायत भवन में रखा अन्य सामान पार कर दिया । बुधवार की सुबह मामले की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## पीड़िता ने पड़ोसी पर दुराचार व धमकी का आरोप लगा एसपी से की कार्यवाही की मांग

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका प्रेम प्रसंग पड़ोस के एक व्यक्ति से चल रहा था, पीड़िता के मुताबिक उसके प्रेम प्रसंग की जानकारी घरवालों को मिली तो फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक के साथ शादी करा दिया। पीड़िता का आरोप है कि एक माह ससुराल में रहने के बाद उसके प्रेमी ने पुराने फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए फोन कर मिलने के लिए बुलाया और प्रयागराज जनपद के एक होटल में जबरन दुराचार किया। उसके बाद प्रेमी ब्लैकमेल कर लगातार दुराचार करने लगा और लाखों रुपए ले लिए उसके बाद भी फोटो वीडियो वायरल कर दिया और प्रताणित करने लगा। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर प्रेमी पर कार्यवाही की मांग की है।

## ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते अंधेरे में उपभोक्ता



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** घटमापुर विद्युत सब स्टेशन क्षेत्र के पडरी गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर पांच दिनों से खराब पड़ा है जिससे कारण गांव के लोगों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। गांव के राम मनोहर , राजू यादव, सुनील कुमार पांडे, सोनू कुमार पांडे, मूलचंद पांडेय आदि लोगों का कहना है कि इस ट्रांसफार्मर से गांव में लगभग चार दर्जन कनेक्शन धारी है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ता है साथ ही पेयजल के लिए भी दिक्कत होती है , ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के चार दिन बाद भी खराब ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया है जिसके चलते इस भीषण ठंडी में अंधेरे में ग्रामीणों को रात गुजारनी पड़ रही है वहीं पेय जल का संकट खड़ा हो गया है। साथ ही बिजली विद्युत उपकरण शोपीस बने हैं मोबाइल आदि रिचार्ज करने की समस्या उत्पन्न है। गांव के राजू यादव का कहना है कि जेई कृष्ण कुमार से ट्रांसफार्मर की बात करो तो आनाकानी करते हैं व उनका फोन भी नहीं उठता है। मामले में जेई कृष्ण कुमार का कहना है कि वर्कशॉप में ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं है प्रयास कर एक-दो दिन में लगवा दिया जाएगा।

# नेवादा के कुंडारी गांव के समीप नहर टूटी, फसल जलमग्न



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** तहसील क्षेत्र के कुंडारी गांव में मंगलवार की रात नहर के पानी का बहाव अधिक होने से पटरी टूट गई। इससे तीन दर्जन किसानों की फसलें जलमग्न हो गई। नहर की पटरी टूटने की सूचना किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी है। लेकिन अब तक मौके पर कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा। नहर का पानी भरने से 20 से 25 बीघे फसल नुकसान की आशंका है।

फतेहपुर जनपद के किशुनपुर एकडला पंप कैनाल से निकलने वाली नहर तिल्हापुर स्थित जलथर पुल से जैतपुर माइनर होते हुए कुंडारी गांव को जाती है, इस नहर से जैतपुर पूरे हजारी, हासिमपुर किनार, गोविंदपुर, इमलीगांव, गौरा, डहिया, अमिरसा, कोटिया और कुंडारी समेत दर्जन भर गांव के किसान पानी आने पर फसलों की सिंचाई करते है। मंगलवार की रात नहर में पानी का बहाव अधिक होने के चलते कुंडारी गांव के समीप बनी पुलिया के आगे की पटरी टूट गई। खेतों में पानी भरने से डहिया और अमिरसा गांव के शंकरलाल, नरेश, मोहनलाल, रिवई सिंह, मिठाईलाल, गयाप्रसाद, प्रभावती, पन्नालाल, काशी, श्रीनाथ, बांकेलाल, अनिल पांडेय समेत तीन दर्जन किसानों की 25 बीघे में बोई गेंहू, सरसों, मटर आदि की फसल जलमग्न हो गई। किसान शंकर और नरेश सिंह का कहना है कि विभाग के अधिकारी नहर की पटरी की मरम्मत जल्द नहीं करवाते हैं तो उनके घरों में जलभराव की स्थित बन सकती है। किसानों ने नहर विभाग के अधिकारियों और एसडीएम योगेश कुमार गौड़ से शिकायत की है। लेकिन अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। इससे किसानों में नाराजगी है।

## वर्कशॉप में मैकेनिक ने एंगल में प्लास्टिक फांसी लगाकर दी जान



**करारी, (कौशाम्बी)।** कोतवाली क्षेत्र के अमीनपुर संवरों गांव में बुधवार की सुबह एक मैकेनिक ने अपने वर्क शॉप में लोहे के एंगल में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया। कुछ देर बाद परिजन वर्क शॉप गए तो फांसी पर लटकता देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक ने फांसी क्यों लगाई परिजन नहीं बता पा रहे हैं।अमीनपुर संवरो गांव का मो. असलम (45) पुत्र मोईन उद्दीन घर से घर सौ मीटर दूरी पर वर्क शॉप खोल रखा है। बुधवार की सुबह करीब आठ बजे वह घर से वर्क शॉप के लिए निकला। करीब नौ बजे बेटा फरमान नाश्ता के लिए बुलाने गया तो मो. असलम लोहे के एंगल में प्लास्टिक की डोरी के सहारे फांसी पर लटक रहा था। पिता को फांसी पर लटकते देख फरमान चीखने लगा। मौके पर तमाम ग्रामीण पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मो. असलम के दो बेटे व एक बेटी हैं। पत्नी सीबा परवीन का रो-रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने बताया कि मो. असलम ने फांसी क्यों लगाई यह परिजन नहीं बता पा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय बजरंग दल व सक्षम युवा विकास फाउंडेशन कौशाम्बी ने नववर्ष पर परानूबाबा में किया भंडारा



लोकमित्र ब्यूरो

**विजिया चौराहा, (कौशाम्बी)।** कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट, अखिल भारतीय बजरंग दल एवं सक्षम युवा विकास फाउंडेशन ने नववर्ष के अवसर पर जिले के परानूबाबा धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों और संगठन और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य परानुबाबा से जन कल्याण हेतु विनती किया गया। संगठन के सदस्यों ने एकजुट होकर समाज में आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रोहित मिश्र ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने और धार्मिक आस्था को मजबूत करने का माध्यम होते हैं। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और सनातन प्रेमियों का आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। उपस्थित लोगों ने इसे एक सकारात्मक शुरुआत मानते हुए नववर्ष के स्वागत में खुशी जाहिर की। इस दौरान कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय बजरंग दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार उर्फ राजू केशरवानी,राष्ट्रीय महासचिव रोहित मिश्र,प्रवक्ता योगेन्द्र त्रिपाठी,कानूनी सहलाकर एड.सुनील मिश्र, कौशिक अग्रहरि,शिव बाबू पाण्डेय,ग्राम प्रधान गोपालमिश्र का पूरा, कौशल त्रिपाठी,राहुल मिश्र,नकुल,अविनाश , बब्लू,संजय मिश्र, बी एम प्रजापति सहित सैकड़ों लोग रहे।

## अव्यवस्था का शिकार हुआ विदांव गौशाला, जिम्मेदार मौन



लोकमित्र ब्यूरो

**अवनाआलमपुर, (कौशाम्बी)।** मुख्यमंत्री के सख्त आदेशों के बाद भी जिले मे बने गौ आश्रय केन्द्रों की हालत नही सुधर रही है। ताजा मामला जनपद के विकास खंड कौशाम्बी के सडवा बिदांव गौ आश्रय केंद्र गोशाला में बीते दो दिनों में ठंड से 4 गायों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गौशाला में सही ढंग से न चारे का इंतजाम किया जा रहा न ही ठंड से बचाव के इंतजाम कराए गए हैं। जिससे गौवंश ठंड मे बीमार होकर दम तोड दे रहे है। लोगों का यह भी कहना कि मृत गौवंशो का पोस्टमार्टम नही कराया जाता है। वैसे ही खुले मे शवों को फेक दिया जाता है। वही सबसे बडी अव्यस्था यह है वहां नियुक्त केयर टेकर कि अनदेखी व लापरवाही से जिंदा व कमजोर गौवशों को कौए चोंच मारकर आंखे फोड दे रहे है। जिससे कई गौवंश घायल अवस्था मे पडे है, वही जब मृत गौवंशो के बावत जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एके सागर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी नही हैं, मामले की जांच कर रहें हैं, और अपना पड़ला झाड़ते नजर आए तो जिला विकास अधिकारी से संपर्क कर मामले की जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। जिला पशु चिकित्सक अधिकारी की जिम्मेदारी है, यदि ऐसा है दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## पीएम सूर्य घर योजना के लिए जागरूक कर कराए आवेदन- बीडीओ



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के ब्लाक कार्यालय में बीडीओ भवेश कुमार शुक्ला ने सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें खंड विकास अधिकारी भवेश कुमार शुक्ला ने कहा पीएम सूर्य घर योजना के तहत लोगों को जागरुक कर आवेदन कराएं। इस दौरान उन्होंने कहा कि दो किलो वाट का सयंत्र लगाने पर सरकार द्वारा 70 फीसदी सब्सिडी दी जाती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजना से चल रहे कामो की प्रगति की जानकारी ली। बुधवार को खंड विकास अधिकारी सिराथू ने 79 ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें कायाकल्प के तहत विद्यालय , आंगनबाड़ी भवनों में चल रहे काम के बारे में जानकारी लेते हुए 31 जनवरी तक कार्यो को पूरा करने का निर्देश दिया। एडीओ पंचायत विश्व बंधु ने कहा कि गांव में बने सार्वजनिक शौचालय नियमित रूप से खुले और उनकी साफ सफाई कराई जाए ऐसे में निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी मिलने पर केयरटेकर व सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मॉडल गांव में बने आरआरसी सेंटर का संचालन हर हाल में शुरू कराएं। निरीक्षण के दौरान बंद मिलने पर जवाब तलब किया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण कपिल त्रिपाठी ने कहा निराश्रित, श्रद्धा व दिव्यांग पेंशन के लिए ग्राम पंचायत से ऑनलाइन आवेदन करने के बाद जांच कर पात्रता की रिपोर्ट देने को कहा ।

अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार ने बताया मनरेगा योजना के तहत चल रहे कामों को पूरा करने के लिए पड़ रही कड़ाके के ठंड को देखते हुए कार्यस्थल पर अलाव की व्यवस्था करने के लिए कहा जिससे मनरेगा के मजदूरों को राहत मिल सके। इस मौके पर एडीओ पंचायत विश्व बंधु , एपीओ अशोक कुमार, सचिव पुरनचंद्र , राजमणि , राहुल सिंह , प्रदीप सरोज , बृजेश सिंह , विनय चौधरी, दीक्षा शिवहरे सहित ब्लॉक कर्मी मौजूद रहें।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने एडीओ पंचायत से मुलाकात कर दी नूतन वर्ष की बधाई



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी राज कपूर जिला अध्यक्ष, मुकेश कुमार जिला महामंत्री, वीरेंद्र कुमार सरोज संगठन मंत्री ब्लाक मंझनपुर ने एडीओ पंचायत मंझनपुर कमलाकांत मिश्रा मुलाकात कर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दिया। इसी मौके पर किशनपाल, दिलीप कुमार, छोटेलाल पाल आदि मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 96 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## स्कूली बच्चों ने नशा से दूरी बनाकर स्वस्थ जीवन का दिया संदेश




लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** तहसील क्षेत्र के नौवापुर गांव स्थित अमरदीप जूनियर हाईस्कूल में बुधवार को जनकल्याण नशा मुक्ति अभियान के तहत कई परिवारों को नशे की लत से छुटकारा दिलाया गया। मौजूद छात्र-छात्राओं ने समाज में नशामुक्ति को लेकर जन जागरूकता का संदेश जगह-जगह पहुंचाने का संकल्प भी लिया। नशा को ना, जीवन को हां विषय पर शपथ लेते हुए शिक्षक एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए।

जनकल्याण नशा मुक्ति अभियान के अध्यक्ष अमर सिंह पटेल ने नशे के प्रकार, नशा एक बीमारी है, नशे की बीमारी से मुक्ति, नशे के बारे में पैदा हुई गलत धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा न करने के बारे में लोगों को जागरूक किया। कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सके। नशे पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए सरकार व्यापक कदम उठा रही है। दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, नशा भी छोड़ा जा सकता है, इसके लिए दृढ़ संकल्प लेना जरुरी है। व्यक्ति मनोरंजन के तौर पर नशे की शुरुआत करता है, लेकिन बाद में यह आदत में शुमार हो जाता है जिससे पूरे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य राखी सोनकर, शिवनारायण, विनोद पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, नवदीप सिंह, संदीप सिंह और कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने जनसंपर्क कार्यालय का फीता काटकर किया उद्घाटन



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने आज नूतन वर्ष 2025 के शुभ अवसर पर देव फिलिंग स्टेशन बलिहांवा मूरतगंज परिसर में जनसंपर्क कार्यालय का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। इस दौरान श्री गुप्ता ने कहा कि विधानसभा राजनीतिक शून्यता के कारण जनता की समस्याओं को कोई सुनने वाला जनप्रतिनिधि नहीं है। सरकार की मंशा के अनुरूप जनता को सुलभ न्याय मिलने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसलिए इस कार्यालय के माध्यम से जनता की समस्याओं को सुन कर अधिकारियो द्वारा जनता की समस्याओं से सम्बंधित सुलभ न्याय मिल सके। यह कार्यालय हमारे विधानसभा परिवार से सम्बन्ध को और भी मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा इस भव्य उद्घाटन के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी पूर्व विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, पूर्व अध्यक्ष भरवारी गंगा प्रसाद काले, जगदीश शिवहरे, उमेश केसरवानी, मंडल अध्यक्ष मूरतगंज कमलेश साहू सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

## एसडीएम ने किया रैन बसेरा और अलाव का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह ने मंगलवार की देर रात नगर पंचायत सिराथू, सैनी बस अड्डे व रेलवे स्टेशन सिराथू में जल रहे अलाव और रैन बसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिराथू ने नगर पंचायत सिराथू में बने रैन बसेरा पहुंचे। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा में रुकने वाले तीन व्यक्ति मिले इस पर एसडीएम ने रैन बसेरा में शौचालय की साफ सफाई, अलाव आदि व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए । जिसके बाद एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह सैनी बस स्टैंड, सिराथू रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया।

## सम्पादकीय

# रुझान बढ़ती गैर-बराबरी का ही संकेत

कॉरपोरेट सेक्टर की उदारता और मौज-मस्ती पर धनी तबके के अधिक खर्च की बढ़ी प्रवृत्ति से एयर लाइन उद्योग में और चमक आएगी। मगर विडंबना यह है कि ये चमक जिस विशाल दलदल के बीच मौजूद है, उसका भुरभुरापन बढ़ता ही जा रहा है।विमानन कंपनियां खुश हैं कि भारत में बिजनेस क्लास में यात्रा करने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। ट्रेवल एजेंसियां भी खुश हैं। इस क्लास का टिकट कटवाने पर उन्हें ज्यादा कमीशन मिल रहा है। इन एजेंसियों के मुताबिक भारतीय अब विमान यात्रा के बेहतर अनुभव को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। कॉरपोरेट्स अपने अधिकारियों को बेहतर सुविधा देने पर उदारता से खर्च कर रहे हैं।नतीजतन छुट्टियों के इस सीजन में बिजनेस क्लास की टिकट बिक्री में ऑनलाइन ट्रेवल एजेंसी मेक माई ट्रिप के मुताबिक 50 प्रतिशत और क्लीयरट्रिप के मुताबिक 60 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। खासकर जो लोग विदेश यात्राएं करते हैं, उनमें बिजनेस क्लास का आकर्षण तेजी से बढ़ा है। इस रुझान को देखते हुए देशी और विदेशी विमानन कंपनियां अपने विमानों में इस सुविधा को बढ़ाने में जुटी हैं।और ऐसा सरकारी नीतियों और कॉरपोरेट सेक्टर के अधिक से अधिक वित्तीय कारोबार में शामिल होते जाने के कारण हुआ है। दूसरी तरफ इन नीतियों का ही परिणाम है कि करोड़ों मेहनतकश कर्मचारियों की वास्तविक आय गिरती चली गई है। परिणामस्वरूप उपभोग और मांग बाजार से गायब होते जा रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2019 में दी गई कॉरपोरेट टैक्स छूट से पिछले पांच साल में अतिरिक्त लगभग छह लाख करोड़ रुपये कॉरपोरेट्स की जेब में गए हैं। इस रकम का उत्पादक निवेश करने के बजाय कॉरपोरेट्स ने अपने अधिकारियों की मौज-मस्ती बढ़ाई है। स्पष्टत~ ये रुझान बढ़ती गैर-बराबरी का ही संकेत है।




# पाकिस्तान जिसको भारत के विरुद्ध उपयोग करना चाहता था, वो ही आज उसका सबसे बड़ा दुश्मन बना

**अशोक भाटिया**

जब से तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ है, तभी से पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान का तनाव कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। ऐसे में आए दिन दोनों देशों की सीमाओं पर गोलीबारी और हवाई हमले होते ही रहते हैं। जबकि अफगानिस्तान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान को उम्मीद थी कि तालिबान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को काबू में करेगा। असल में ऐसा हुआ नहीं।टीटीपी में और तेजी से बदलाव आया है और पहले कई गुटों में बंटकर आपस में लड़ने वाला टीटीपी अब एक हो गया है। तालिबान के सत्ता में आने से सभी गुट अब मिल कर पाकिस्तान को निशाना बना रहे हैं। इसी के कारण दोनों देशों के बीच तनातनी और बढ़ी है।टीटीपी पाकिस्तानी सरकारी और वहां के संविधान गैर-इस्लामिक मानता है। वो चाहता है कि पाकिस्तान में पूरी तरह शरीयत कानून लागू हो। इसी इरादे के साथ वो पाकिस्तानी सरकार और सेना को कमजोर करना चाहता है।पाकिस्तान का दावा है कि टीटीपी के आतंकवादी अफगानिस्तान में पनाह लिए हुए हैं। वहीं से आतंकवादी पाकिस्तान पर हमले करते हैं। ये हमले तालिबान के सत्ता संभालने के बाद और बढ़ गए हैं। दूसरी ओर, तालिबान इन सबसे इनकार करता रहता है। हालांकि, टीटीपी ने ही साल 2012 में मलाला युसुफजई को निशाना बनाया था। टीटीपी के आतंकवादियों ने मलाला को गोली मारी थी, क्योंकि इस आतंकी समूह का मानना था कि मलाला एक वेस्टर्न माइंड गर्ल है।ज्ञात हो कि साल 2007 में कई आतंकवादी गुटों ने मिलकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का गठन किया था। इसको पाकिस्तान तालिबान के नाम से भी जाना जाता है। इसका लक्ष्य पाकिस्तान में इस्लामी शासन की स्थापना करना है। पाकिस्तान की सरकार साल अगस्त 2008 में टीटीपी को बैन कर चुकी है।हालांकि, इस आतंकी संगठन की शुरुआत साल 2001 में ही हो गई थी, जब अमेरिका ने अफगानिस्तान की सत्ता से तालिबान को खदेड़ दिया था। अक्तूबर 2001 में अफगानिस्तान से खेदेड़े जाने के बाद बड़ी संख्या में तालिबानी आतंकी पाकिस्तान चले गए। वहां 2002 से इन आतंकियों ने अपनी जड़े जमानी शुरू कर दीं तो पाकिस्तानी सेना ने इनके खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू की थी। इसके बावजूद बैतुल्लाह महसूद ने दिसंबर 2007 में टीटीपी के गठन का ऐलान कर दिया था। दो साल बाद बैतुल्लाह महसूद की मौत के बाद हकीमउल्लाह महसूद ने टीटीपी की कमान संभाली। साल 2013 में उसकी मौत के बाद मुल्ला फजलुल्लाह टीटीपी का नया नेता बना। उसे भी 22 जून 2018 को अमेरिकी सेना ने मार गिराया। अब तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान का दावा है कि टीटीपी अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है और वहीं से हमले किए जा रहे हैं। इसीलिए दोनों देशों में तनाव बढ़ता जा रहा है।अब तो मानों अफगानिस्तान और पाकिस्तान में मानो जंग छिड़ गई है। यहां तालिबान आर्मी और पाकिस्तानी सेना सीमा पर आमने सामने है। तालिबान की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के 19 सैनिकों की मौत हो गई है, और तीन आम नागरिक भी मारे गए हैं। टकराव अफगानिस्तान के पूर्वी खोस्त और पक्तिया प्रांतों में हो रहा है, जो पाकिस्तान की सीमा से सटे हैं।बताया जा रहा है कि, अफगान सीमा बलों ने खोस्त प्रांत के अली शिर जिले में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को आग के हवाले कर दिया और पक्तिया प्रांत के डंड-ए-पतन जिले में दो पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर लिया। स्थानीय मीडिया ने सूत्र के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा डंड-ए-पतन जिले में दागे गए मोर्टार शेल की वजह से तीन अफगान नागरिकों की मौत हो गई।दरअसल यह टकराव कुछ दिन पहले पिछले मंगलवार की रात पक्तिका प्रांत में पाकिस्तान के हवाई हमलों के बाद हुआ, जिसमें कमोबेश 51 लोग मारे गए थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। मसलन, पाकिस्तान सेना का कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन से पाकिस्तान में आतंकी हमले किए जाते हैं और तालिबान से इसे काबू करने की अपील की गई थी।गौरतलब है कि तालिबान पहले सोवियत यूनियन और अमेरिका जैसी ताकतों के साथ संघर्ष में उलझा रहा है। उसे दोनों को ही मात देने और अफगानिस्तान से खदेड़ने का श्रेय दिया जाता है। तालिबान खुद को अफगानिस्तान की सबसे बड़ी ताकत के रूप में पेश करता है। वह दो बार काबुल की सत्ता पर काबिज हो चुका है। ऐसे में उससे टकराव पाकिस्तान के लिए आसान नहीं होगा, वह भी तब जब उसकी अर्थव्यवस्था बेहद संकट की स्थिति में है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अफगान तालिबान अब पाकिस्तान पर अपनी निर्भरता कम करने में लगा है और अन्य पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहा है। दशकों तक, पाकिस्तान को अफगान तालिबान का संरक्षक माना जाता था। पाकिस्तान का इस ग्रुप के आगे बढ़ने में खासा योगदान रहा है। इस्लामाबाद इसे आश्रय, धन और कूटनीतिक समर्थन प्रदान करता रहा है।9/11 अटैक के बाद अफगानिस्तान पर संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले हमले के बाद, कई अफगान तालिबान नेताओं ने पाकिस्तान में शरण ली। पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में अमेरिकी ड्रोन हमलों के बीच, तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी या पाकिस्तानी तालिबान) उभरा जो आज पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया और इस समय अफगानिस्तान तालिबान तनाव का अहम कारण बना हुआ है।टीटीपी का उद्देश्य पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और राज्य के खिलाफ आतंकवादी अभियान चलाकर पाकिस्तान सरकार को उखाड़ फेंकना है। मीडिया रिपोट्स् के मुताबिक यह पाकिस्तान की निर्वाचित सरकार को हटाकर इस्लामी कानून की अपनी व्याख्या के आधार पर एक कट्टरवादी शासन की नींव रखना चाहता है। टीटीपी का गढ़ अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा के आसपास का जनजातीय क्षेत्र है, जहां से वह अपने लड़ाकों की भर्ती करता है। तालिबान पाकिस्तान की सैनिक ताकत से अच्छी तरह परिचित है ऐसे में हर कदम सोच समझकर उठाएगा अगर वह संघर्ष को आगे बढ़ाता है तो इसके पीछे उसकी सोची समझी रणनीति होगी।देखने वाली बात यह भी होगी कि कभी तालिबान की वापसी पर खुशी से झूम उठे पाकिस्तान, आज अफगानिस्तान सीमा पर लड़ रहे है दो पुराने यार। जब अगस्त 2021 में तालिबान ने काबुल पर कब्जा कर लिया, तो पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री शेख रशीद अहमद ने अफगानिस्तान के साथ लगने वाले तोरखम बॉर्डर पर एक विकट्री प्रेस कॉन्फ्रेंस की और तालिबान सरकार को मान्यता देने की बात कही। उन्होंने दावा किया कि तालिबान के तेजी से सत्ता में आने से ÷एक नया ब्लॉक÷ बनेगा। उस समय पाकिस्तान के प्रधान मंत्री इमरान खान ने कहा था कि अफगानिस्तान के लोगों ने गुलामी की जंजीर को तोड़ दिया है।पाकिस्तान को लगा था कि तालिबान के अफगानिस्तान में आने से उसे एक नया साथी और एक नया मजबूत पड़ोसी मिल जाएगा, जो भारत के खिलाफ उसकी मंशा को कामयाब करने में काफी मददगार साबित होगा, क्योंकि अफगानिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति अशरफ गनी को भारत और अमेरिका का समर्थक बताया जाता था। हालांकि, 3-4 सालों में ही पाकिस्तान की खुशफहमी का ये गुब्बारा भी फूट गया और आज हालात ये हैं कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के भीतर घुस कर एयर स्ट्राइक कर रहा है और तालिबानी पाकिस्तान में घुस कर मार काट मचा रहे हैं।आश्चर्य तो यह है कि लगभग 20 सालों तक, अफगान तालिबान ने सत्ता में आने के लिए लगातार विद्रोह किया, जिसे अफगानिस्तान में 40 से ज्यादा देशों के गठबंधन का सामना करना पड़ा, जिसका नेतृत्व अमेरिका कर रहा था।इस दौरान तालिबान नेताओं और लड़ाकों को अफगानिस्तान की सीमा से लगे इलाकों में पाकिस्तान के भीतर शरण मिल गई। तालिबान नेताओं ने पाकिस्तान के प्रमुख शहरों जैसे क्वेटा, पेशावर और बाद में कराची में भी अपनी मौजूदगी दर्ज की और उनके साथ संबंध बनाए।कई तालिबान नेता और कई लड़ाके पाकिस्तानी इस्लामिक धार्मिक स्कूलों से ही पढ़े हैं, जिनमें दारुल उलूम हक्कानिया भी शामिल है, जहां कथित तौर पर तालिबान आंदोलन के जनक मुल्ला मुहम्मद उमर ने पढ़ाई की थी।पाकिस्तान में, तालिबान को पाकिस्तानी समाज के सभी वर्गों में आपसी संबंधों को बढ़ावा देने वाला एक इकोसिस्टम मिला, जिसकी मदद से गुट को फिर से तैयार करने का मौका मिला।

इसी की मदद से 2003 के आसपास एक घातक विद्रोह भी शुरू हुआ। ऐसा माना जाता है कि अगर पाकिस्तान की मदद न मिलती, तो तालिबान फिर से खड़ा नहीं हो पाता।हालांकि अब तालिबान सरकार पाकिस्तान की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पा रही है।

तालिबान नेता अब खुद को एक लड़ाकू गुट से एक सरकार में बदलना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें लोकल सपोर्ट, अपने दूसरे संगठनों और अफगान की जनता का भरपूर समर्थन चाहिए।इस पूरी लड़ाई का एक अहम केंद्र है तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जो एक खूंखार आतंकी संगठन है, जो चाहता है कि अफगानिस्तान की तरह ही पाकिस्तान में भी शरिया कानून लागू होना चाहिए। झ्रझ्रक की विचारधारी काफी हद तक अफगान तालिबान से मिलती-जुलती है। तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान को उम्मीद थी कि उसे अब झ्रझ्रक को रोकने में मदद मिलेगी, जबकि हुआ इसका उलट क्योंकि पिछले कुछ सालों में झ्रझ्रक और भी ताकतवार हुआ है और वो लगातार पाकिस्तान में हमले कर रहा है।पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजरी भुट्टों की हत्या में भी झ्रझ्रक का नाम सामने आया था। इसके अलावा 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला युसुफजाई पर हुआ हमला और दिसंबर 2014 में पेशावर में आर्मी पब्लिक स्कूल पर हुआ हमला भी झ्रझ्रक ने ही कराया था, जिसमें करीब 132 बच्चों और स्कूल के 9 कर्मचारियों की मौत हुई थी।

विशेषज्ञों का कहना है कि तालिबान ने कभी अपने मिलिटेंट सहयोगियों (अलकायदा) को पीठ नहीं दिखाई है, खास तौर पर जब वो झ्रझ्रक जैसे करीबी हों, तब तो बिल्कुल भी नहीं।उनका कहना है, ÷अफगान तालिबान और पाकिस्तान तालिबान पहले से एक दूसरे का सहयोग करते आए हैं। पाकिस्तान ये भी चाहता है कि काबुल के साथ उसके संबंध अच्छे हों, लेकिन ये हमले भी मजबूरी बन जाते हैं, क्योंकि तालिबान सरकार, पाकिस्तान तालिबान के खिलाफ कदम नहीं उठा रही है। एक तरह से ये कहना गलत नहीं है कि पाकिस्तान की अफगानिस्तान नीति नाकाम हो गई।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# आओ, नव वर्ष पर विकसित भारत बनाने का संकल्प लें

आधी रात को, जब दुनिया सोती है, भारत जीवन और स्वतंत्रता के लिए जागेगा÷। जवाहरलाल नेहरू का यह ÷ट्रिस्ट विद डेस्टिनी÷ भाषण उस सपने का प्रतीक था जिसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने पूरा किया था। इसने हमें, भारत के लोगों द्वारा पालन किए जाने वाले अगले सपने का विजन भी दिया।भारत के बारे में गांधी का दृष्टिकोण हमारे देश के आत्मनिर्भर विकास के लिए घरेलू औद्योगीकरण को बढ़ावा देना था। उनका विचार था कि ग्रामीण भारत भारत के विकास की रीढ़ है। यदि भारत को विकास करना है, तो ग्रामीण क्षेत्र का भी समान विकास होना चाहिए। वह यह भी चाहते थे कि भारत गरीबी, बेरोजगारी, जाति, रंग पंथ, धर्म के आधार पर भेदभाव जैसी सभी सामाजिक बुराइयों से मुक्त हो, और सबसे महत्वपूर्ण रूप से निचली जातियों (दलितों) के खिलाफ अस्पृश्यता को समाप्त करे जिन्हें वह %हरिजन% कहते हैं।ये दर्शन भारत के तत्कालीन समाज के सामाजिक स्तर को दर्शाते हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी हम अभी भी इन सामाजिक मुद्दों को भारत में कायम पाते हैं। हमारे संविधान की प्रस्तावना भारत को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतंत्र देश के रूप में निर्दिष्ट करती है। आइए देखें कि इस परिभाषा को सच करने के लिए हमने भारत के नागरिक के रूप में अपने सपने को कैसे पूरा किया है। 100 वर्षों के स्वतंत्रता संग्राम के बाद हम इस सपने को साकार करने में सक्षम हुए हैं। शीत युद्ध के दौर में भी जब दो महाशक्तियां अमेरिका और सोवियत संघ एक-दूसरे का मुकाबला करने के लिए गठबंधन बना रहे थे, हमने अपनी संप्रभुता को बनाए रखने के लिए किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होने के लिए गुटनिरपेक्षता का विकल्प चुना। यद्यपि संयुक्त राष्ट्र द्वारा उपनिवेशवाद पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन नव-उपनिवेशीकरण के समान अंतरराष्ट्रीय दुनिया में अपनी जड़ें जमा रहा है।नव उपनिवेशीकरण को अन्य राज्यों द्वारा राज्यों की नीतियों पर अप्रत्यक्ष नियंत्रण के रूप में परिभाषित किया गया है। हाल ही में हमने भारत और अन्य अविकसित देशों जैसे अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र में आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) बीजों को पेश करने और विकसित देशों से कृषि आयात के लिए बाजार को उदार बनाने के लिए दबाव देखा है। जीएम बीज कृषि का निजीकरण करते हैं और इस प्रकार मिट्टी की गुणवत्ता के साथ-साथ भारत के किसानों की सामाजिक स्थिति के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा करते हैं। भारतीय मिट्टी के अनुकूल बीजों के विकास में अनुसंधान पर अमेरिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत को लगातार निशाना बनाया गया है।भारत की संप्रभुता के लिए खतरे का अन्य उदाहरण वैश्विक आतंकवाद के माध्यम से है। भारत 26/11 और पठानकोट में उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले का गवाह रहा है। बोडोलैंड की मांग के लिए असम अलगाववादी आंदोलन से भारत नक्सलियों और पूर्वोत्तर में उग्रवादियों से उग्रवादी गतिविधियों का भी सामना करता है। इन गतिविधियों से निर्दोष जीवन की हानि होती है और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे देश के विकास में बाधा उत्पन्न होती है। इस सपने को जिंदा रखने के लिए हमें इन गतिविधियों के खिलाफ एकता दिखानी होगी। इंटरनेट पर एकाधिकार करने के लिए फेसबुक के खिलाफ भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के फैसले का उदाहरण भारत के लोगों द्वारा मजबूत सर्वसम्मत अस्वीकृति के कारण था।हमारे पहले प्रधान मंत्री देश की योजना और विकास में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका के विचार के थे। उद्योगों का उदारीकरण 1991 के बाद ही हुआ, लाइसेंस राज खत्म हुआ। हाल ही में हमने भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से धन का प्रवाह देखा। अगर हम करीब से देखें तो हमने भारत के अधिकतम क्षेत्रों में 100त्न एफडीआई नहीं खोला है। बाजार का निजीकरण निस्संदेह गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ समाज में सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धा प्रदान करता है। लेकिन अगर हम इसे अपनाते हैं, तो बाजार में केवल उन्हीं उत्पादों की आपूर्ति होगी जिनकी मांग है और जिससे वे अन्य आवश्यक आपूर्तियों की उपेक्षा करते हुए लाभ कमा सकते हैं।साथ ही समाजवादी समाज का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए समान परिणाम प्राप्त करना, नौकरियों में समान अवसर प्रदान करना, न्यूनतम मजदूरी प्रदान करना और भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को प्रदान करना है। वर्तमान में भारत गरीबी, अस्वस्थता, बेरोजगारी, भेदभाव के कारण दुर्व्यवहार, खराब शिक्षा आदि के कारण जागरूकता की कमी आदि से पीड़ित वंचितों की सबसे बड़ी संख्या वाला देश है। इन सामाजिक मुद्दों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय रूप से संगठनों का गठन करते हुए हमें भारत के नागरिक के रूप में सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों को ईमानदारी से लागू करने में सक्रिय होना चाहिए।भारत अनेकता में अपनी एकता पाता है। आजादी के बाद हुए साम्प्रदायिक दंगों के बाद भारत को यह बात समझ में आ गई कि किसी भी धर्म का पक्ष लेने से भारत को लंबे समय तक नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन आज भी हम समाज में धार्मिक घृणा पाते हैं। इतने सालों में हमने 1984 के सिख दंगों, 2002 के गोधरा कांड, 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों, बाबरी मस्जिद के विध्वंस और कई अन्य के रूप में सांप्रदायिक दंगे देखे हैं। धार्मिक राजनीति ने भारतीय राजनीति में अपनी जड़ें जमा ली हैं। बीफ खाने पर हालिया प्रतिबंध और %घर वापसी%, %लव जेहाद% आदि जैसे आंदोलन धर्मनिरपेक्षता के मूल मूल्यों के खिलाफ हैं।धर्म के नाम पर कही गई बातों पर आंख मूंदकर विश्वास न करने, विवेक का पालन करने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। हम इस सपने तक पहुँचने से बहुत दूर हैं लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए। समाज को इन धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए अतार्किक कटौती का विरोध करना चाहिए।इस संबंध में हम देख सकते हैं कि लोकतंत्र ने भारतीय समाज में अपनी जड़ें जमा ली हैं।

संघों का सक्रिय गठन, चुनाव प्रक्रियाओं में भागीदारी में वृद्धि, विवादित परिदृश्यों का शांतिपूर्ण समाधान देश के दूर-दराज के हिस्सों में भी सक्रिय रूप से देखा जाता है।असहिष्णुता को लेकर हाल के परिदृश्य ने एक बार फिर हमारे लोकतांत्रिक विश्वास की अटकलों को हवा दे दी है। हम लगातार ऐसी स्थिति देखते रहे हैं जहां हम पाते हैं कि लेखक के विचारों के लेखन के खिलाफ धर्म द्वारा फतवा जारी किया जाता है। फेसबुक पर पोस्ट के कारण लोगों को जेल में डाला जा रहा है। साथ ही हम अपने देश में जाति आधारित राजनीति, धर्म आधारित राजनीति देखते हैं। राष्ट्रीय दल लोकतंत्र का कुरूप चेहरा दिखाते हुए लगातार गंदी राजनीति कर रहे हैं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज किसी सोच में गुम रह सकते है, इससे आपके काम की गति धीमी होगी। किसी के प्रति अपनी राय को अपने तक ही सीमित रखना आपको धन की प्राप्ति होगी। आज किसी जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का प्रोग्राम आपको कैंसिल करना पड़ सकता है। आज तली-भुनी चीजों को खाने से आपको बचना चाहिए। |
| वृष | आज कामकाज में आप थोड़े बिजी हो सकते हैं। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीदें होगी जिन पर आप खरे उतरेंगे । लम्बे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। कारोबारियों को कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। |
| मिथुन | आज कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। आप कोई जरुरी घरेलू काम निपटाने में सफल रहेंगे। धन से जुड़ी चिंताएं छूमंतर हो जाएगी। आपको रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी। जो लोग मार्केटिंग के काम से जुड़े हैं, उन्हें तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे। आज दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। |
| कर्क | आज आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कार्यों में लगायेंगे। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगी। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति होगी। अगर आप बिजनेस में अनुभवी लोगों की सलाह लेकर आग बढ़ेंगे, तो आपको मुनाफा मिलने की संभावना है। आज आपके मन में कई तरह के सवाल भी रहेंगे। आपकी सारी मनोकामना पूरी होगी। |
| सिंह | आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। आज कार्यक्षेत्र में आपको पुरानी पहचान का फायदा मिलेगा। रुके हुए सारे काम आसानी से पूरे होंगे। आपके जीवन में खुशियाँ ही खुशियाँ आयेंगी। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। |
| कन्या | आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप खुद को ऊर्जा से भरा हुआ फील करेंगे। आपको जल्दबाजी में कोई फैसला करने से बचना चाहिए। पिता की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ बिताये गए कुछ पल आपके रिश्ते को और भी मजबूत बनाएंगे। |
| तुला | आज आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। ऑफिस में उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। आज करियर में आपको कोई बड़ी सफलता हासिल होगी। आपका सकारात्मक रवैया आपको जीवन में बेहतरी दिलायेगा। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे आपका कुछ अच्छा खाने का मन करेंगा |
| वश्चिक | आज आपको किसी से कोई उपहार मिलेगा। इससे आपका मन खुश रहेगा। आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। |
| धनु | आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। करियर को आगे बढ़ने में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको सुबह के समय टहलना चाहिए। आप नकारात्मक सोच रखकर स्वयं को थोड़ा उदास रख सकते हैं। परिवार वालों के साथ किसी टूर का प्लान बनाएंगे। लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। |
| मकर | आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आप जरूरतमंद लोगों की तरफ मदद का हाथ बढ़ेंगे। किसी भी तरह के बड़े निवेश में किसी अनुभवी की सलाह लेना बेहतर रहेगा छात्रों को अधिक मेहनत करने की जरूरत है। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। |
| कुम्भ | आज आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता हो सकती है। आज नौकरी पेशा लोगों को तरक्की के अवसर मिलेंगे। आपको व्यापार में मुनाफा होने की उम्मीद है। स्टूडेंट्स को अपने सब्जेक्ट में आ रही प्रॉब्लम्स का हल मिलेगा। परिवारवालों के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे। दांपत्य जीवन में सलाह-मशविरा से आगे बढ़ने से अंडरस्टैन्डिंग बढ़ेगी। |
| मीन | सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार घर में रौनक का माहौल बना देगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है। उन्हें काम से जुड़ी कोई खुशखबरी मिलेगी। आज आप सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे। |

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

**दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि स्वरूप यह कविता**

### आसमां का मन भारी है

आज
आसमां का मन भारी है
देश का मन मौन हुआ
उन्मन सा सूरज
शोक में है
न सात घोड़ों का रथ सजा
न किरणें संग लाया
बोझिल से बादल
नहीं कर पाए ज़ब्त
बूँदें बनकर
छलक पड़ा
सीने से दर्द
कहीं गुम है
गुमसुम सी हवा
राजकीय शोक में
स्थिर मौन खड़े हैं
फूल-पौधे-वृक्ष
जंगल-नदियाँ-पहाड़
मानो दे रहे हैं
मौन श्रद्धांजलि
मौन के बीच
इक्कीस तोपों की
सलामी की तरह
गरज पड़ी है बिजली
धीरे-धीरे
छा रहा कोहरा
कर रहा है घोषणा
कुदरत के शोक की
धरती के पुत्र की मौत की
आज
आसमां का मन भारी है
देश का मन मौन हुआ।

**सुशीला शील स्वयंसिद्धा**
**जयपुर**

### नए साल की बधाइयां

पढ़ें लिखे लोग पढाई की बात करते हैं...
मन बढ़ गुंडे ठुकाई की बात करते हैं...
जिनकी फितरत है आतंक की,
घमंड और लड़ना वो लड़ाई की बात करते हैं,
संविधान के अनुसार जीवन जो चलाते हैं नियम से,
वह सभी जन उम्र पूरी होने पर
लड़का लड़की की सगाई की बात करते हैं..
छोड़ कर चले गए हैं जो अपने गांव को,
शहरों में पढ़ने पढ़ने नौकरी के खातिर,
रात में कभी-कभी तनहाई की बात करते हैं..
जोड़ती है अम्मा बाप अपने औलाद की खातिर जिंदगी की सुख-दुख,
वह कहां कभी लेते हिसाब अपने स्नेही जन,
कोई व्यापार नहीं प्रेम में जो पाई पाई की बात करते हैं..
नए साल लेते हैं जो नया संकल्प
प्रेम मोहब्बत बांटने की,
वो दिल लगाई की बात करते हैं,
हम है राधे सीधे सादे प्रेम से,
नए साल के आगमन पर
बधाई की बात करते हैं...
बहुत बहुत बधाई...



**बेकस रमन स.अ.**
**महमूदाबाद, सीतापुर उत्तर प्रदेश**

### लिखनी है नई कहानी

नए साल में गूँजे, नया तराना।
नए जोश से गाकर, गीत सुहाना।
आओ विदा करें हम, साल पुराना।।
मिले जनवरी से हम, हाथ मिलाकर।
यार-दोस्तों सबको, गले लगाकर।।
भूलें सारी बातें, चलो पुरानी।
नई-नई लिखनी है, हमें कहानी।।
बदला है कैलेंडर, कहे जमाना।
नए साल में गूँजे, नया तराना।।
धरती करती रहती, निशि-दिन फेरा।
लाता है सूरज नित, नया सबेरा।।
करना है सब दूर, तुम्हें अँधेरा ।
नए साल में करो न, तेरा-मेरा।।
नहीं घृणा का हमको, बीज उगाना।
आपस में है मिलना, और मिलाना ।।
आज युवा बेकार न, होकर घूमें।
रोज़गार के अवसर, पाकर झूमें।।
धर्म ध्वजा हाथों में, सभी उठाएँ।
भारत माँ का मिलकर, मान बढ़ाएँ।।
संस्कार बच्चों को, है सिखलाना।
मुखर युवा-भारत को, हमें बनाना ।।



**डा. नीलिमा मिश्रा**
**प्रयागराज**

# राजा भइया ने जनता दरबार में जनसमस्याओं का किया निस्तारण



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने नया वर्ष 2025, बुधवार को पूरे प्रदेश भर से आए हुए लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने के लिए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष पति कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख विहार पति राम चंद्र सरोज, संजय जयसवाल, गोटू सेठ डेरवा, अवधेश सिंह डेरवा, अन्नू सिंह टिकरिया,पवन सिंह, साके सिंह रंग बहादुर सिंह कुंडा, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज ग्राम प्रधान उतरार विनोद यादव, प्रधान रमेश तिवारी, सुमित तिवारी फूलमती, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, रुपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## राजा भइया की प्रेरणा से ज़िप सदस्य ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया की प्रेरणा से कुंडा के पूर्व प्रमुख एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली जरुरतमंदों की मदद करने में तत्पर रहते हैं। लगातार लोगों की मदद करते रहते हैं। बुधवार को नया वर्ष 2025 पर बछरौली गांव स्थित अपने पैतृक आवास पर उन्होंने सैकड़ों जरुरतमंदों को कंबल व मिष्ठान का वितरण किया। जरूरतमंदों को कंबल का वितरण करके ठंड से राहत दिलाने का कार्य उन्होंने किया बबलू सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि परिवार के मुखिया राजा भइया के आशीर्वाद से जरूरतमंदों की मदद करता रहता हूं, आगे भी करता रहूंगा। इसक करीब एक सप्ताह पहले हजारों जरूरतमंदों को अच्छे क्वालिटी का कंबल का वितरण किया था, क्षेत्रीय लोगों की सेवा में तत्पर रहूंगा।

# इंडियन डेंटल एसोसिएशन तथा लायंस क्लब शक्ति के तत्वाधान में बच्चों का निशुल्क दंत परीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** आज नववर्ष के उपलक्ष में इंडियन डेंटल एसोसिएशन तथा लायंस क्लब शक्ति के तत्वाधान में प्रतापगढ़ शिशु बाल सदन में बच्चों का निशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ जिसमें डॉक्टर अवंतिका पांडे ने छोटे बच्चों को सही तरीके से ब्रश करना उनका बिहेवियर मैनेजमेंट तथा अपने मौखिक स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रखना है उसकी जानकारी दी डॉ अवंतिका ने कहा कि बच्चों को सुबह उठने के बाद तथा रात में खाना खाने के बाद सोने से पहले दो बार अवश्य ब्रश करना चाहिए जिससे कि दांतों में खाना ना फसा रहे और दांतों की सड़न से बचा जा सके डॉक्टर विवेक पांडे ने बच्चों को नियमित दंत परीक्षण की सलाह दी तथा उन्होंने कहा कि जो बच्चे मिक्स डेंटीशन के पीरियड से गुजर रहे हैं उनमें दांतों के खराब होने की संभावना अधिक रहती है इसलिए समय-समय पर उनके दांतों की जांच अवश्य करवाते रहे। डॉक्टर जयंत शर्मा ने ब्रश करने का सही तरीका समझाते हुए कहा कि ब्रश को राउंड राउंड एवं अप एंड डाउन मोशन में करना चाहिए तथा कम से कम 2 मिनट तक ब्रश करना चाहिए। उक्त अवसर पर प्रमिला शुक्ला अध्यक्ष लायंस क्लब शक्ति ने बच्चों को ब्रश मंजन तथा आवश्यक सामग्री का वितरण किया शिशु सदन में मुख्य रूप से कमलाकांत शुक्ला बाल गृह शिशु एवं दत्तक ग्रहण प्रबंधक ,अरविंद कुमार मिश्रा विशेषज्ञ एवं दत्तक ग्रहण अधीक्षक, स्मृति मिश्रा अधीक्षीका, सुनीता शुक्ला कला संगीत अध्यापिका, हेल्पर श्रेया तथा चौकीदार राम अवध वर्मा , मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने पंचवटी में बैठक करके कोटेदारों को दी जिम्मेदारी

## ▶▶पीएम किसान सम्मान निधि के अपात्रों की 15 दिन में करें जांच, फर्जी लाभार्थियों का कटेगा नाम



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** पीएम किसान सम्मान निधि का फर्जी तरीके से ले रहे लाभार्थियों के ऊपर प्रशासन की तलवार लटकने लगी है। इसकी जांच के लिए अब कोटेदारों को लगाया जा रहा है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी भारत राम ने बुधवार को पंचवटी विकास भवन में तहसील के चारों ब्लॉकों के कोटेदारों की एक बैठक आयोजित की थी। बैठक में एसडीएम ने सभी कोटेदारों को आदेशित किया है, कि गांव में फर्जी तरीके से जो लाभार्थी पीएम किसान सम्मान निधि का जो लाभ ले रहे हैं उसकी निष्पक्ष जांच की जाए। क्योंकि सभी कोटेदारों के पास गांव के हर व्यक्ति व परिवार की पूरी जानकारी रहती है।

इसलिए अवैध रूप से लाभ ले रहे कोई भी लाभार्थी बचने ना पाए। सभी की जांचोंप्रांत सूची से नाम बाहर कर दिया जाए। यह कार्य हर हाल में 15 दिनों के अंदर पूरा कर लिया जाए। कोटेदार अब इस कार्य में लग गए हैं। फर्जी ढंग से लोगों के ऊपर तलवार लटकने लगी है। दलालों की कृपा से बड़ी संख्या में अपात्र लोग किसान सम्मान निधि से लाभान्वित हो रहे है।फोटो-पंचवटी विकास भवन में कोटेदारों की बैठक करते एसडीएम भरत राम।

# सांसद प्रमोद तिवारी ने छात्रा फाएजा बानो को किया सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** सांसद व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी नव वर्ष के उपलक्ष्य में सरजू प्रसाद इंटर कॉलेज कुंडा पहुंचे। जहां विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राओं तथा क्षेत्रवासियों ने माला फूल से जोरदार स्वागत किया। विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद तिवारी ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपने विद्यालय कक्षा 11 की छात्रा फाएजा बनों पुत्री इजहार अहमद शेख बरई को निबंध प्रतियोगिता में जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए माल्यार्पण करके सम्मानित किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्य राधे श्याम दुबे समेत सभी शिक्षकों की प्रशंसा किया कि ऐसे ही होनहार छात्र-छात्राओं को तैयार करें। जिससे विद्यालय का नाम पूरे जनपद में रोशन हो सके। वैसे इस समय जब से प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे ने कार्यभार संभाला है। तब से विद्यालय में अनुशासन व शिक्षण कार्य के बल पर छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत अधिक हो गई है। इस मौके पर प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे शशि प्रकाश मिश्रा भानु प्रकाश वाचस्पति राजेश शुक्ला, श्याम नारायणन, दिलीप कुमार, राजकुमार, चंद्रप्रकाश, त्रिलोकनाथ, सत्येंद्र तिवारी, जयप्रकाश शुक्ला, रमेश वर्मा, बालेंदु नाथ मिश्रा, डॉक्टर करूण पांडे, अलाउद्दीन आजम एडवोकेट, जुबेर अहमद सभासद समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रयागराज से लखनऊ जाते समय प्रमोद तिवारी का भव्य स्वागत



**कुंडा प्रतापगढ़।** सरयू इंटर कॉलेज के प्रबंधक कांग्रेस नेता, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी बुधवार को प्रयागराज से लखनऊ जाते समय कुंडा में रुके तो लोगों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे की अगुवाई में कॉलेज के शिक्षकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। प्रमोद तिवारी ने सरयू इंटर कॉलेज परिसर में लगी पं. सरयू प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके आरती की और नमन किया। स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए कुशल क्षेम पूछा और नववर्ष की शुभकामनाएं दी। जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता की टॉपर विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा फैजा बानो को घड़ी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शशिप्रकाश मिश्र, भानु प्रकाश, वाचस्पति, राजेश शुक्ल, श्याम नारायण, दिलीप कुमार, राज कुमार, चन्द्र प्रकाश, त्रिलोक नाथ, सत्येन्द्र तिवारी, जयप्रकाश शुक्ल, रमेश वर्मा, बालेन्दुक नाथ मिश्रा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष करुण पाण्डेय, अलाउद्दीन आजम, जुबैर अहमद आदि मौजूद रहे।

# अभाअ परिषद के राष्ट्रीय परिषद की सदस्य बनी किरण सिंह



**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ ईकाई की वारिष्ठ उपाध्यक्ष रही अधिवक्ता किरण बाला सिंह को राष्ट्रीय परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है। किरण बाला सिह को राष्ट्रीय परिषद का सदस्य मनोनीत किए जाने के बुधवार को जिला न्यायालय पहुंचने पर अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों व परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष व भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता सहित आदि ने संयुक्त रूप से भव्य स्वागत सम्मान करते हुए खुशी व्यक्त किया।इस मौके पर परिषद के जिला महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल एडवोकेट ने प्रतापगढ़ ईकाई की तरफ से किरण बाला को हार्दिक बधाई देते हुए अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारियों के निर्णय का तहेदिल से स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।इस मौके पर प्रमुख रूप कोषाध्यक्ष भरत लाल वैश्य,आशीष गुप्ता,आकाश पांडेय,स्वीटी मिश्रा,जया शर्मा,शुभम शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धा भाव के साथ स्मरण किया ग्रापए के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल जी को

## ▶▶पट्टी में आयोजित बैठक में मनाई गई संस्थापक जी की जयंती



लोकमित्र ब्यूरो

**पट्टी, प्रतापगढ़।**बुधवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश इकाई जनपद प्रतापगढ के तत्वाधान में प्रदेश संगठन के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल की 95 वी जयंती बड़े श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई।संगठन के जिला अध्यक्ष रंजन त्रिपाठी की अध्यक्षता और महामंत्री के संचालन में आयोजित संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वप्रथम संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की 95 वी पुण्यतिथि पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्जित कर उनके जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने संगठन के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें ग्रामीण अंचल के पत्रकारों का प्रहरी बताया।

कहा कि आज उन्हीं के बताए गए रास्ते पर चलकर संगठन प्रदेश उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, झारखंड, आदि प्रांतों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनका कहना था कि शीघ्र ही कुछ ही समय बाद इसका स्वरूप पूरे राष्ट्र में होगा। जिला अध्यक्ष रंजन त्रिपाठी ने कहा कि वास्तव में संगठन आज उत्पीड़ित पत्रकारों की आवाज बनकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहा है जो बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने पत्रकारों से जरूरतमंद लोगों की आवाज बनकर निष्पक्ष रूप से कलम चलाने का जोरदार आह्वान किया। संगठन के पदाधिकारीयों ने अपने विचार व्यक्त किये।बैठक में 2025 की सदस्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन भरवाये गए। साथ ही संगठन को और मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई।इसके अलावा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए गए।बैठक में जिला अध्यक्ष रंजन त्रिपाठी पट्टी तहसील अध्यक्ष बालेन्द्र भूषण पाण्डेय महामंत्री सकील अहमद सत्य नारायण खंडेलवाल, ज्ञान सिंह, राकेश तिवारी,विशाल त्रिपाठी,आशीष त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी, उपस्थित रहे

# एसपी ने बाल वैज्ञानिक के रूप में चयनित छात्रा को किया सम्मानित



**प्रतापगढ़।** नये वर्ष पर डॉक्टर अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति 2025 के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ की छात्रा जो राष्ट्रीय स्तर पर बाल वैज्ञानिक के रूप में चयनित कुमारी महिमा तिवारी, कक्षा 8 को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती गीता प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद अनीस उप प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रामपुर कांपा धर्मेंद्र कुमार ओझा ए.आर.पी. सदर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्लॉट देखने गए युवक को पीटा

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरांय निर्भय गांव निवासी जियालाल सरोज ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि कोतवाली क्षेत्र के रजनपुर मोहल्ले में एक व्यक्ति के बिकाऊ प्लॉट को देखने गया था। आरोप है कि तभी चार पहिया वाहन से 10 लोग पहुंचे और पूछा यहां क्यों आए हो। उसने प्लॉट देखने के लिए आने की बात कही। साथ ही बताया कि उसकी किसी से बात हुई है वह भी आ रहे हैं। इतना सुनते ही आरोपियों ने मारपीट की और बैग छीन लिया।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**पट्टी प्रतापगढ़।** नगर स्थित रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक शिक्षा जगत के मालवीय पंडित रामराज शुक्ला जी का जन्म दिवस सद्भावना समारोह(9 दिसंबर 2024) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्रों को विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें एन सी सी की छात्रा श्रुती तिवारी मीनाक्षी अंशिका सिंह रिया मिश्रा नेहा सोनी रिचा सिंह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की छात्रा प्रियांशी सोनी मधु सोनी लक्ष्मी गुप्ता अनामिका सिंह स्काउट के छात्र अर्पित दुबे आर्यन बारी रितेश मनीष तिवारी आदि लोग पुरस्कार पाकर खुशनुमा रहे। उपस्थित छात्र-छात्राओं के तालिया की गड़गड़ाहट से पूरा कैंपस गूज उठा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि जो छात्र आज पुरस्कृत हुए हैं, निश्चित रूप से इनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास रहा होगा। मेरा मानना है कि अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाने में इन छात्र-छात्राओं ने पूरे समर्पण के साथ कड़ी मेहनत की होगी। हम इन सब के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हैं। कार्यक्रम में प्रकाश दत्त मिश्र उमापति पाल अरुण मिश्रा रमेश तिवारी राजेश दुबे राकेश मिश्रानीलाभ मिश्रा सुरेश मिश्रा प्रमोद दुबे वेद प्रकाश उपाध्याय अरुण तिवारी जितेंद्र मिश्र प्रमेश पांडे शेषमनि पांडे पंकज तिवारी प्रफुल्ल रावत जयप्रकाश मिश्रा देवी प्रसाद तिवारी इंद्र केश सिंह हरिश्चंद्र मिश्र साधुराम यादव जगन्नाथ यादव सिद्धेश शुक्ला वरुण कुमार पटेल अवलेश कुमार अमित पांडे संदीप पांडे लालमनि मिश्र उमाकांत तिवारी विनोद मिश्रा बलवंत सिंह शिवम धुरिया आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन सतीश पांडे जी ने किया।

# खेत में लगा इंजन खोल ले गए चोर

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोटा भवानीगंज गांव निवासी धर्मेंद्र नाथ शुक्ल ने फसलों की सिंचाई के लिए खेत में इंजन लगाया था। मंगलवार को दिनभर खेत की सिंचाई करने के बाद वह घर चले गए। रात में चोर इंजन खोल ले गए। बुधवार को सुबह जब वह खेत पहुंचा तो इंजन गायब देख आवाक रह गया। पीड़ित धर्मेंद्र नाथ ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है।

# पैसा लेकर दबंग नहीं कर रहा जमीन का बैनामा

लोकमित्र

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** कोहंडौर निवासिनी रामपत्ती पत्नी स्व. जोखूराम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रानीगंज थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने जमीन की रजिस्टी करने के लिए उसके पति से 25 जनवरी 2021 को 14 लाख रूपए एडवांस लिया था। यह राशि उसके पति ने आरोप के बनाये खाते में ट्रांसफर की थी। इसके बाद से उसके पति जोखूराम उससे अनेक बार शेष रकम लेकर जमीन का बैनामा करने के लिए कहते रहे लेकिन आरोपी टाल मटोल करता रहा। पिछले साल 11 जनवरी को उसके पति का निधन हो गया, मगर आरोपी ने जमीन का बैनामा नहीं किया।

रामपत्ती का कहना है कि अब वह भी आरोपी से बार बार जमीन का बैनामा करने या पैसा वापस करने की बात कर रही है लेकिन आरोपी पैसा वापस करने या जमीन का बैनामा करने के बजाय उसके धमकी दे रहा है कि अगर वह जमीन का बैनामा करने या पैसा वापस करने की बात करेगी तो उसे जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए मांग की है कि प्रार्थिनी का पैसा वापस दिलाने के साथ ही आरोपी के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई कराये।

# विशुद्ध हास्य से महफिल लूटने वाले कवि को चांदी का मुकुट पहनाकर किया जाएगा सम्मानित

लोकमित्र

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** साहित्यिक संस्था अक्षर ज्योति के बैनर तले आगामी 16 मार्च को रात्रि 8 बजे से सई के किनारे मां बेल्हा देवी घाट पर एक प्रतियोगी हास्य कवि सम्मेलन के रूप में लाफ्टर चैलेंज अट्टहास कवि सम्मेलन आयोजित होगा।

इस कवि सम्मेलन की खास बात यह है कि कार्यक्रम में शामिल जो कवि अपनी विशुद्ध व मर्यादित हास्य रचनाओं से सर्वाधिक महफिल लूटेगा उपस्थित श्रोताओं से वोटिंग के जरिए सर्वश्रेष्ठ घोषित उस कवि को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। कवि सम्मेलन के प्रमुख आयोजक कवि शीतला सुजान ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में देश विदेश के मंचो पर तथा कई टीवी चैनलो पर लाफ्टर चैनल विजेता रहे हास्य के धुरंधर कवि प्रयागराज के राधेश्याम भारती, हास्य के परमाणु बम डंडा बनारसी, हास्य के तोप कहे जाने वाले हास्य कवि नरकंकाल, बनारसी मस्ती मे उत्पन्न हुए हास्य रसावतार नागेश शांडिल्य इनके साथ ही अपने बेलौस व प्यारे अंदाज के लिए जानी जाने वाली राजस्थान के नीमच से चर्चित हास्य कवयित्री वाह भाई वाह फेम डा. प्रेरणा ठाकरे शामिल होगी। सोनी टीवी पर आने वाले कार्यक्रम वाह भाई वाह में आठ बार प्रतिभाग कर चुकी गाजियाबाद की हास्य कवयित्री दीपाली जैन जिया कवि सम्मेलन का संचालन करेंगी। इनके अलावा जनपद के कवियो में निर्झर प्रतापगढ़ी, डा. राजेन्द्र राज कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक शीतला सुजान व ई. चन्द्रकांत त्रिपाठी मंच पर काव्यपाठ करेंगे।

# सड़क हादसों में वृद्धा समेत सात घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।**महेशगंज के रघुनाथपुर झींगुर गांव निवासी 63 वर्षीय सुगता यादव घर के सामने सड़क पार करते समय वाहन की चपेट में आने से घायल हो गई। सैलवारा निवासी 60 वर्षीय शंकर लाल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली के बसहीपुर गांव निवासी 18 वर्षीय गोपाल गांव के ही मनीष के साथ बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के लोहारन का पुरवा गोतनी गांव निवासी 19 वर्षीय ज्ञानेंद्र सोनकर वाहन की टक्कर से घायल हो गया। फरेदूपुर गांव निवासी 65 वर्षीय महिला सड़क पार करते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गई।

# बालिका दिवस पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आदर्श इण्टर कालेज, विसुन्दरपुर के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं के हितार्थ कानूनी अधिकार, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, सेनेटरी पैड, सर्वाइकल कैंसर, यातायात नियमों के पालन करने विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनय आर्या ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

आदर्श इण्टर कालेज में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विनय आर्या ने बताया कि बालिकाओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के लिए कई कानून बनाये गये है उनका पालन सभी को करना चाहिए। मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, एवं स्वावलंबन बनाने की शक्ति प्रदान की गई है जिसके अन्तर्गत कन्या सुमगंला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मातृ बंदना योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन महिला शक्ति मोबाईल, महिला हेल्पडेस्क, महिला साइबर सेल तथा रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बनाये गये है जिनका लाभ लेना चाहिए और यातायात के नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। यदि कोई भी छात्र व छात्राएं नियमों का पालन नहीं करते है तो दुर्घटना हो सकती है। प्रत्येक दू व्हिलर वाहन चालको को हेलमेट लगाकर सड़क पर निकलना चाहिए, ऐसा न करने से दुर्घटना होने पर मृत्यु तक हो सकती है।

वनस्टाफ सेन्टर प्रबन्धक श्रीमती पूजा मौर्या ने उपस्थित छात्राओं को बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, गुड टच, बैड टच, राष्ट्रीय पोषण मिशन महिला हेल्प लाइन 1090, मातृशक्ति सम्बल योजना का लाभ प्राप्त करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।

प्रधानाचार्य आदर्श इण्टर कालेज विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि किशोरियों के लिए डीएलएसए तथा केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ विद्यालय के किशोरियों को लेना चाहिए और नसीहत दी कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे कभी सड़क पर वाहन न चलाएं।दुर्घटना कभी भी हो सकती है और माता पिता को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## अवैध शराब बरामद, दो कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को 20 क्वार्टर व 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।थाना बरगढ़ के उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह व उनके हमराही आरक्षी अखिलेश यादव ने आरोपी हंसराज कोल उर्फ कल्लू निवासी कलचिहा थाना बरगढ़ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा चौकी प्रभारी सरैंया उपनिरीक्षक रामआधार यादव व उनकी टीम आरक्षी विनोद यादव, राजीव सिंह व महिला आरक्षी ज्योति सरवैया ने आरोपी शंकर कोल निवासी रामपुरिया थाना मानिकपुर को 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# गंगा आरती से हुआ नववर्ष का स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** विंध्य धरोहर संस्था के तत्वावधान में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भव्य गंगा उत्सव और महा आरती का आयोजन गंगा नदी पर स्थित पक्का घाट पर किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गंगा भक्तों ने भाग लिया।

उत्सव का आरम्भ हनुमान चालीसा से हुआ जिसका पाठ उपस्थित पूरे जनसमुदाय ने किया। उक्त अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष डा. राजेश मिश्र ने गंगा भक्तों के प्रति इस बात के लिए आभार जताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी विमल दुबे की पहल पर प्रारम्भ की गयी गंगा आरती नियमित रूप से प्रतिदिन सायंकाल 2017 से चल रही है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि आरती की भव्यता प्रदान करने के लिए आगे आयें। उक्त अवसर पर गंगा आरती से प्रारंभ से जुड़े रहे गंगा भक्त स्व.आलोक मिश्र और




गोलोकवासिनी पद्मश्री अजिता श्रीवास्तव के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनको स्मरण किया गया कि काल ने इनको हमसे असमय छीन लिया।

कार्यक्रम का समापन शंख, घंटा और घड़ियाल के बीच महा आरती से हुआ। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से विभूति मिश्र, आकाश दुबे, नितिन अवस्थी, जे पी पटेल, रामलाल साहनी, राजकुमार उपाध्याय, जय कुमार, विजेन्दर दुबे, मनीष रावत आदि उपस्थित रहे।

## डीएफओ डॉ नरेन्द्र सिंह ने सम्भाला चित्रकूट का चार्ज



**चित्रकूट ब्यूरो-** नवागंतुक प्रभागीय वनाधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह ने बुधवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व चित्रकूट के उपनिदेशक का कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने वाल्मीकि आश्रम लालापुर में पूजा-अर्चना की।कार्यभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले वह वाल्मीकि आश्रम लालापुर पहुंचे और वहां आसम्बरा देवी मंदिर में दर्शन किए और ऋषि वाल्मीकि से आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने वन विभाग के द्वारा कराए जा रहे कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने रैपुरा रेंज के रेंजर और ठेकेदार को निर्देश दिया कि वाल्मीकि आश्रम मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। यहां जो भी विकास कार्य हो, वह गुणवत्तापूर्वक होना चाहिए। गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने टाइगर रिजर्व के विभिन्न इलाकों में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ भ्रमण किया और टाइगर रिजर्व की सुरक्षा में तैनात वन दरोगाओं को निर्देश दिया कि टाइगर रिजर्व की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कहा कि किसी तरह की गलत गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद उन्होंने कार्यालय में सभी वन रेंज रोवर की बैठक ली और निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यो का निर्वहन करें। इस मौके पर उपप्रभागीय वन अधिकारी राजीव रंजन सिंह आदि मौजूद रहे।

# रैन बसेरों का निरीक्षण कर डीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-**भीषण ठंड के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बीते मंगलवार की रात्रि सीतापुर व चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन में बने रैन बसेरों व अलाव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरा में लोगों का दी जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सीतापुर व चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन में बने रैन बसेरों व अलाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को लोगों को दी जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। रेलवे स्टेशन में जरूरतमंद लोगों को कम्बल का वितरण किया गया।

साथ ही सीतापुर रैन बसेरा के बाहर परिसर में अलाव जलता हुआ पाया गया। निरीक्षण के दौरान सीतापुर में केयरटेकर उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी को निर्देशित किया कि ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरा में पर्याप्त संख्या में रजाई-गद्दे और कंबल की व्यवस्था रहनी चाहिए तथा अलाव के लिए चिन्हित किए गए स्थलों पर प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था रहनी चाहिए। कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कहा कि इस भीषण ठं डमें कोई भी व्यक्ति सड़क-पटरी पर, डिवाइडर पर या खुले आसमान के नीचे सोने के लिए विवश न हो।

ऐसे सभी लोगों को समुचित माध्यम से रैन बसेरा में आश्रय दिया जाए।निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** नगर पंचायत सुवंशा बाजार अंतर्गत वार्ड 2 चरिया मुसहर और हरिजन बस्ती में 1 जनवरी बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष वेद प्रकाश बिंद ने अपने जन्मदिन के अवसर पर गरीबों, असहाय लोगों एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इसके बाद सभी लोगों से मिलकर कुशल क्षेम भी पूछा और नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी विपिन कुमार मिश्रा, सभासद बालमुकुंद कनौजिया, सभासद प्रमोद रावत, पवन कुमार पाण्डेय, रोहित शुक्ला एवं बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# सांसद अवधेश प्रसाद ने विन्ध्यवासिनी मन्दिर में टेका मत्था



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद ने नव वर्ष के प्रथम दिन विन्ध्यवासिनी मन्दिर में अपने एवं देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीष माँगा।

उक्त अवसर पर उपस्थित पत्रकारों से सम्वाद करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा को पटखनी नहीं दी बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, सरयू नदी और मतदाताओं का आशीर्वाद था कि वह जीत सके। उन्होंने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का भी आभार जताया कि सामान्य सीट पर उन्होंने उनको अवसर दिया कि अयोध्या की सेवा कर सकूँ और मर्यादा का पालन कर सकूँ।

भाजपा पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि इस दल ने अयोध्या का राजनीतिक उपयोग किया, मान्य मर्यादाओं को तोड़ा, कितनों की छत छीन ली और ठीक से मुआवजा नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि उन्होंने मां से कामना की है बेरोजगारी समाप्त हो, देश में भाईचारा तथा शांति बनी रहे।

## दिव्यांग स्तरीय मैच में बिहार ने उत्तर प्रदेश को हराया

**चित्रकूट ब्यूरो-**नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वे सुभाष चैलेंज कप 2024-25 द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट के छठवें वर्ष का उद्घाटन मैच उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच खेला गया। जिसमें बिहार की टीम ने उत्तर प्रदेश की टीम को 12 रनों से हरा दिया।मैच में पहले टॉस जीतकर उत्तर प्रदेश की टीम ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। इस पर बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में तीन विकेट खोकर 133 रन बनाए। जिसमें राजीव के 44 और बाबूलाल के 36 रन शामिल हरे। गेंदबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश की टीम के निखिल ने एक और सूरजभान दो विकेट लिए। इसके बाद 134 रनों का पीछे करने उतरी उत्तर प्रदेश की टीम 15 ओवर में पांच विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। जिसमें तनवीर के 42 और मेहताब के 29 रन शामिल रहे। गेंदबाजी कर रहे बिहार के प्रताप ने 2 और अंजेश एक विकेट लिए। इस मैच को बिहार ने 12 रन से जीत लिया।

जिसमें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बाबूलाल को चुना गया। मैच में अनुराग और दीपक मिश्रा ने अंपायर की भूमिका निभाई।इस मौके पर सदर उपजिलाधिकारी पूजा साहू, केशव शिवहरे, अक्षय राहुल, अवनीश गुप्ता, दीपक मिश्रा, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, विजय भारद्वाज, आदेश अनुराग, फिरोज अंसारी, रानू आदि मौजूद रहे।

# चोरी के सामान के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में रैपुरा थाना पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये दो चोरों को चोरी की सबमर्सिबल, स्टार्टर, एक मोटरसाइकिल व तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि बीते शनिवार को मनोज पाण्डेय पुत्र उमाशंकर पाण्डेय निवासी रैपुरा ने थाने में सूचना दी बीती 26 दिसम्बर की रात्रि अज्ञात चोरो ने उसके घर के अन्दर लगे सबमर्सिबल पम्प एवं स्टार्टर चोरी कर ले गए है। इस सूचना पर थाना रैपुरा में सम्बन्धित



धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए थे।

साथ ही घटना के खुलासे के लिए की जा रही विवेचना के क्रम में के रैपुरा थाने के उपनिरीक्षक रामप्रीत सिंह एवं उनकी टीम उपनिरीक्षक राजेश कुमार, आरक्षी अशोक पाल, शिवम मिश्रा, अंकित शुक्ला व आरक्षी चालक पवन यादव ने बीते मंगलवार को रामपुर मोड़ के पास बांधी बस स्टॉप से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूंछतांछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम राजा उर्फ जागेश्वर निवासी गुन्ता बांध मोड़ थाना रैपुरा व शिवम पटेल उर्फ शुभम पटेल निवासी रैपुरा थाना रैपुरा को चोरी के सबमर्सिबल व स्टार्टर के साथ एक मोटरसाइकिल व तमंचा-कारतूस भी बरामद किए गए।

# बेल्हा देवी धाम पर दर्शन पूजन करके नये साल का किया स्वागत

**प्रतापगढ़ ।** इस बार नये साल साल पर बेल्हा देवी धाम में आस्था के साथ उत्सव का संगम दिखाई पड़ा। सुबह से लेकर देर शाम तक धाम पर इस कदर भीड़ रही कि नवरात्र जैसा माहौल दिखाई पड़ा। लोगों ने धाम पर दर्शन- पूजन के साथ ही परिवार के साथ नये साल का उत्सव भी मनाया। बेल्हा में नये वर्ष के स्वागत में मंगलवार को आधी रात से ही जश्न शुरू हो गया था।शहर के कई मोहल्ले में लोगों द्वारा कार्यक्रम रखा गया था। बुधवार को सुबह से ही लोग परिवार एवं दोस्तों के साथ बाहर निकलने लगे।हर कोई बेल्हा देवी धाम अथवा अपने धार्मिक स्थल पर पहुंचने लगा।दिन करीब 11बजे बेल्हा देवी धाम खचाखच भर गया। सभी लोगों ने दर्शन पूजन के साथ ही नये साल का जश्न भी मनाया। लोगों ने सई नदी घाट पर नाव में घूमकर आनंद भी लिया। नववर्ष पर फूल एवं बुकें की भी खूब बिक्री हुई। बेल्हा देवी धाम सहित शहरे के सभी प्रमुख मंदिरों एवं फूल की दुकानों पर काफी भीड़ रही। फूल एवं बुकें खरीदने वालों में सबसे अधिक कर्मचारियों के साथ ही युवा शामिल रहे। दरअसल दफ्तरों में नववर्ष पर संबंधित विभाग के अफसर को बुकें देने का प्रचलन है। कर्मचारियों ने अपने अधिकारियों को फूल एवं बुकें देकर नववर्ष की बधाई दी। उधर बेल्हा देवी धाम पर बुधवार को उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस भी सक्रिय रहीं।सादे वेश में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी धाम से लेकर बाहर तक घूमते दिखाई पड़े। युवाओं की भीड़ जुटने से पुलिस को अप्रत्याशित घठना की आशंका बनी हुई थी।

## मनगढ़ जा रहे दर्शनार्थियों की कार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**कुंडा प्रतापगढ़।** भक्ति धाम मनगढ़ दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं के वाहन को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है। जनपद जौनपुर के छतरीपुर खलीलपुर निवासी सचिन सिंह नव वर्ष के मौके पर परिवार सहित कार से दर्शन करने भक्ति धाम मनगढ़ जा रहे थे। प्रतापगढ़-लाल गोपालगंज रोड पर बाघराय के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर व कार में टक्कर हो गई। जिससे कार पर सवार सचिन सिंह 30 वर्ष पुत्र अमरनाथ सिंह, पत्नी तनु सिंह, शीला सिंह 62 वर्ष पत्नी देवेन्द्र सिंह, मां कमला सिंह 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी, डीएम ने दी जानकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-**जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि तहसील मुख्यालय में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस रोस्टर के अनुसार उनके, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक के द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसीलों पर प्रथम एवं तृतीय शनिवार को किया जाएगा। बताया कि यह रोस्टर माह जनवरी से जून के लिए निर्धारित किया गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि इस रोस्टर के अनुसार आगामी चार जनवरी को उनकी अध्यक्षता में तहसील कर्वी, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राजापुर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में मऊ एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार रोस्टर के अनुसार आगामी 18 जनवरी को राजापुर में जिलाधिकारी, मानिकपुर में मुख्य विकास अधिकारी, कर्वी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मऊ में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी एक फरवरी को मऊ में जिलाधिकारी, कर्वी में मुख्य विकास अधिकारी, मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व राजापुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी 15 फरवरी को मानिकपुर में जिलाधिकारी, मऊ में मुख्य विकास अधिकारी, राजापुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व कर्वी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी एक मार्च को कर्वी में जिलाधिकारी, राजापुर में मुख्य विकास अधिकारी, मऊ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक,

आगामी 15 मार्च राजापुर में जिलाधिकारी, मानिकपुर में मुख्य विकास अधिकारी, कर्वी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मऊ में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी पांच अप्रैल को मऊ में जिलाधिकारी, कर्वी में मुख्य विकास अधिकारी, मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व राजापुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी 19 अप्रैल मानिकपुर में जिलाधिकारी, मऊ में मुख्य विकास अधिकारी, राजापुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व कर्वी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी तीन मई को कर्वी में जिलाधिकारी, राजापुर में मुख्य विकास अधिकारी, मऊ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी 17 मई को राजापुर में जिलाधिकारी, मानिकपुर में मुख्य विकास अधिकारी, कर्वी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मऊ में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी नौ जून सोमवार को (सात जून शनिवार को बकरीद व आठ जून को रविवार होने के कारण) मऊ में जिलाधिकारी, कर्वी में मुख्य विकास अधिकारी, मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व राजापुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक तथा आगामी 21 जून को मानिकपुर में जिलाधिकारी, मऊ में मुख्य विकास अधिकारी, राजापुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा कर्वी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए है।

## शीतकालीन अवकाश की मांग

**चित्रकूट-** आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष ऊषा द्विवेदी ने बताया कि वर्तमान समय में भीषण ठंड होने के कारण बीती 31 दिसम्बर से आगामी 14 जनवरी तक के लिए सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अवकाश कर दिया गया है। इसके बावजूद इन्हीं विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र नन्हें बच्चों के साथ खोले जा रहे है। जबकि ठंड के चलते विद्यालय परिसर सन्नाटे की स्थिति में होता है। ऐसे में केन्द्र संचालित करने में आंगनबाड़ी कर्मचारी एव सहायिका व नादान बच्चों के साथ कोई भी अनहोनी, दुर्घटना हो सकती है। जिलाध्यक्ष ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र सौंपकर ठंड के मौसम को देखते हुए शीतकालीन अवकाश घोषित कराने की मांग की

# राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड ने दी डा. वी.के. सिंह को श्रद्धांजलि

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष सुधीर तिवारी के नेतृत्व में आज 19वां जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। डा. वीके सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर राहुल गांधी यूथ कांग्रेस पार्टी की अपूर्णनीय क्षति हुई है। इसकी भरपाई हो पाना मुश्किल है। उनके जैसे पार्टी के वफादार सिपाही और लगभग 38 वर्षो से कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदो पर रहकर निःस्वार्थ भाव से काम किया। जिला महासचिव परिमल शुक्ला ने कहा कि डा. वी.के. सिंह बहुत ही मृदुभाषी थे। उन्होने लोगो के बीच सेवा भाव से पार्टीहित में काम किया। जिला सचिव मो. इदरीश ने कहा कि डा. सिंह के असमय निधन से पार्टी का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। बैठक का संचालन कपिल ओझा ने किया।

इस अवसर पर वेदान्त तिवारी, चन्द्र नाथ शुक्ला, ललित नारायण मिश्र, ढनगू यादव, अनुराग शुक्ला, संदीप सिंह, मो. आलम, गणेश शुक्ला, संजय सिंह, अनूप मिश्रा, आकाश तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, मो. इमरान, दिनेश मौर्या, अनिल मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## घायलों के लिए भगवान बने बबलू सिंह, की मदद

**कुंडा प्रतापगढ़।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख वर्तमान जनसत्तादल लोकतांत्रिक के जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली का मानवीय चेहरा तब नजर आया जब वह रास्ते से गुजरते वक्त बाबूगंज के पास ई रिक्शा और बाइक की भिड़ंत के बाद मौके पर घायल तड़प रहे थे। तभी उसी रास्ते से बबलू सिंह बछरौली निकल रहे थे। एक्सीडेंट होने के उपरांत तड़प रहे लोगों पर जब उनकी नजर पड़ी तो तुरंत मौके पर रुककर साथ में चल रहे एक अन्य वाहन से घायलों को तत्काल प्रभाव से सीएचसी कुंडा पहुंचाया। साथ ही अस्पताल में मौजूद रहकर अपनी आंखों के सामने घायलों का बेहतर इलाज व दवा दिलवाया। इसके उपरांत घायलों की हालत में सुधार के बाद उनसे बातचीत करके उनका हाल पता व उनका मोबाइल नंबर लेते हुए घायलों को अपना मो.नम्बर देते हुए यह आश्वस्त किया कि यदि कोई आवश्यकता होती है तो तत्काल उन्हें कॉल करें,पूरी मदद पहुंचाई जाएगी।

## राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशारों ने केक काटकर किया नए वर्ष का स्वागत

**चित्रकूट-** राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में आवासित किशोरों ने केक काटकर नए वर्ष का स्वागत किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम, अपर जिला जज राममणि पाठक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल, किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी ने किशोरों को नए वर्ष की शुभकामनाए दी इस मौके पर शिवशंकर त्रिपाठी, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य अर्चना श्रीवास्तव, बाल संरक्षण अधिकारी गौरभ सिंह, संस्था प्रभारी वीरसिंह, अंजना पोरवाल, अर्जुन सिंह, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **up 44 BM** 7530 हीरो मोटर साइकिल ॥ स्प्र डीलक्स के वाहन स्वामी मेरे पति उमेश पुत्र विजयपाल निवासी कृमिश्र पुर थाना शिवगढ़ जिला सुल्तानपुर थे । दिनांक0 5 -07-2 024 को मोटर कार दुर्घटना में मेरे पति उमेश की मृत्यु हो गई। उमेश के निधन के बाद प्रथम वैध उत्तराधिकारी उनकी पत्नी प्रथम पक्ष सुरेखा है ।सुरक्षा की दृष्टि से उक्त मोटर साइकिल थाना कोहंडौर जिला प्रतापगढ़ में खड़ी है।उक्त वाहन को अपने पक्ष में रिलीज कराने हेतु प्रथम पक्ष ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है ,यदि किसी को आपत्ति हो तो वह न्यायालय सिविल जज जू 0डी 0 कक्ष संख्या 23 जिला प्रतापगढ़ में सात दिन के अंदर आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

सुरेखा
पत्नी स्व0 उमेश
पुत्री हौसिला प्रसाद
निवासी ग्राम लखीपुर पोस्ट गौरा
माफी थाना आसपुर देवसरा
जिला प्रतापगढ़।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# बालिका दिवस पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आदर्श इण्टर कालेज, विसुन्दरपुर के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं के हितार्थ कानूनी अधिकार, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, सेनेटरी पैड, सर्वाइकल कैंसर, यातायात नियमों के पालन करने विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनय आर्या ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

आदर्श इण्टर कालेज में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विनय आर्या ने बताया कि बालिकाओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के लिए कई कानून बनाये गये है उनका पालन सभी को करना चाहिए। मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, एवं स्वावलंबन बनाने की शक्ति प्रदान की गई है जिसके अन्तर्गत कन्या सुमगंला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मातृ बंदना योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन महिला शक्ति मोबाईल, महिला हेल्पडेस्क, महिला साइबर सेल तथा रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बनाये गये है जिनका लाभ लेना चाहिए और यातायात के नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। यदि कोई भी छात्र व छात्राएं नियमों का पालन नहीं करते है तो दुर्घटना हो सकती है। प्रत्येक दू व्हिलर वाहन चालको को हेलमेट लगाकर सड़क पर निकलना चाहिए, ऐसा न करने से दुर्घटना होने पर मृत्यु तक हो सकती है।

वनस्टाफ सेन्टर प्रबन्धक श्रीमती पूजा मौर्या ने उपस्थित छात्राओं को बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, गुड टच, बैड टच, राष्ट्रीय पोषण मिशन महिला हेल्प लाइन 1090, मातृशक्ति सम्बल योजना का लाभ प्राप्त करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।

प्रधानाचार्य आदर्श इण्टर कालेज विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि किशोरियों के लिए डीएलएसए तथा केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ विद्यालय के किशोरियों को लेना चाहिए और नसीहत दी कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे कभी सड़क पर वाहन न चलाएं।दुर्घटना कभी भी हो सकती है और माता पिता को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# अवैध शराब बरामद, दो कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को 20 क्वार्टर व 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।थाना बरगढ़ के उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह व उनके हमराही आरक्षी अखिलेश यादव ने आरोपी हंसराज कोल उर्फ कल्लू निवासी कलचिहा थाना बरगढ़ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा चौकी प्रभारी सरैंया उपनिरीक्षक रामआधार यादव व उनकी टीम आरक्षी विनोद यादव, राजीव सिंह व महिला आरक्षी ज्योति सरवैया ने आरोपी शंकर कोल निवासी रामपुरिया थाना मानिकपुर को 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# गंगा आरती से हुआ नववर्ष का स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** विंध्य धरोहर संस्था के तत्वावधान में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भव्य गंगा उत्सव और महा आरती का आयोजन गंगा नदी पर स्थित पक्का घाट पर किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गंगा भक्तों ने भाग लिया।

उत्सव का आरम्भ हनुमान चालीसा से हुआ जिसका पाठ उपस्थित पूरे जनसमुदाय ने किया। उक्त अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष डा. राजेश मिश्र ने गंगा भक्तों के प्रति इस बात के लिए आभार जताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी विमल दुबे की पहल पर प्रारम्भ की गयी गंगा आरती नियमित रूप से प्रतिदिन सायंकाल 2017 से चल रही है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि आरती की भव्यता प्रदान करने के लिए आगे आयें। उक्त अवसर पर गंगा आरती से प्रारंभ से जुड़े रहे गंगा भक्त स्व.आलोक मिश्र और गोलोकवासिनी पद्मश्री अजिता श्रीवास्तव के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनको स्मरण किया गया कि काल ने इनको हमसे असमय छीन लिया।



कार्यक्रम का समापन शंख, घंटा और घड़ियाल के बीच महा आरती से हुआ। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से विभूति मिश्र, आकाश दुबे, नितिन अवस्थी, जे पी पटेल, रामलाल साहनी, राजकुमार उपाध्याय, जय कुमार, विजेन्दर दुबे, मनीष रावत आदि उपस्थित रहे।

# डीएफओ डॉ नरेन्द्र सिंह ने सम्भाला चित्रकूट का चार्ज



**चित्रकूट ब्यूरो-** नवागंतुक प्रभागीय वनाधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह ने बुधवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व चित्रकूट के उपनिदेशक का कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने वाल्मीकि आश्रम लालापुर में पूजा-अर्चना की।कार्यभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले वह वाल्मीकि आश्रम लालापुर पहुंचे और वहां आसम्बरा देवी मंदिर में दर्शन किए और ऋषि वाल्मीकि से आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने वन विभाग के द्वारा कराए जा रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने रैपुरा रेंज के रेंजर और ठेकेदार को निर्देश दिया कि वाल्मीकि आश्रम मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। यहां जो भी विकास कार्य हो, वह गुणवत्तापूर्वक होना चाहिए। गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने टाइगर रिजर्व के विभिन्न इलाकों में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ भ्रमण किया और टाइगर रिजर्व की सुरक्षा में तैनात वन दरोगाओं को निर्देश दिया कि टाइगर रिजर्व की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कहा कि किसी तरह की गलत गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद उन्होंने कार्यालय में सभी वन रेंज रोवर की बैठक ली और निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यों का निर्वहन करें। इस मौके पर उपप्रभागीय वन अधिकारी राजीव रंजन सिंह आदि मौजूद रहे।

# रैन बसेरों का निरीक्षण कर डीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-**भीषण ठंड के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बीते मंगलवार की रात्रि सीतापुर व चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन में बने रैन बसेरों व अलाव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरा में लोगों का दी जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सीतापुर व चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन में बने रैन बसेरों व अलाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को लोगों को दी जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। रेलवे स्टेशन में जरूरतमंद लोगों को कम्बल का वितरण किया गया।

साथ ही सीतापुर रैन बसेरा के बाहर परिसर में अलाव जलता हुआ पाया गया। निरीक्षण के दौरान सीतापुर में केयरटेकर उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी को निर्देशित किया कि ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरा में पर्याप्ल संख्या में रजाई-गद्दे और कंबल की व्यवस्था रहनी चाहिए तथा अलाव के लिए चिन्हित किए गए स्थलों पर प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था रहनी चाहिए। कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कहा कि इस भीषण ठं डमें कोई भी व्यक्ति सड़क-पटरी पर, डिवाइडर पर या खुले आसमान के नीचे सोने के लिए विवश न हो।

ऐसे सभी लोगों को समुचित माध्यम से रैन बसेरा में आश्रय दिया जाए।निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूपीए सरकार की उपलब्धियों का बखान कर पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

**बांदा।** पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के दोनों कार्यकालों की उपलब्धियों का बखान करते हुए कांग्रेसी पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इसीक्रम में बुधवार को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान की अगुवाई में महिलाओं ने लोगों के बीच जाकर पूर्ववर्ती सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने की नसीहत दी। बताया कि मनरेगा, सूचना का अधिकार और खाद्य सुरक्षा जैसी तमाम जनहितकारी योजनाएं पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह की ही देन हैं।बुधवार को जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान के नेतृत्व में महिलाओं के समूह ने अलीगंज, पोड़ाबाग आदि इलाकों में घर-घर जाकर लोगों विशेषकर महिलाओं को पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की प्रमुख योजनाएं समझाई। बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जहां देश की आर्थिक नीति को मजबूत बनाया, वहीं विभिन्न जनहितकारी योजनाएं लागू करके आम जनता के हितों को साधने का काम किया था। श्रीमती खान ने उपलब्धियों का बखान करते हुए बताया कि देश में सूचना का अधिकार, मनरेगा, संपूर्ण कृषि ऋण माफी, फारेस्ट राइट एक्ट, आधार कार्ड, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा, भूमि अधिग्रहण अधिनियम जैसी तमाम जन हितैषी योजनाएं पूर्व प्रधानमंत्री डा.सिंह की ही देन हैं। वहीं पूर्व पीएम डा.सिंह ने परमाणु समझौते के रूप देश सीना गर्व से चौड़ा करने का काम किया था। बताया कि डा.सिंह की अगुवाई वाली सरकार ने भारत को उच्च शिखर तक पहुंचाने का काम किया

# सांसद अवधेश प्रसाद ने विन्ध्यवासिनी मन्दिर में टेका मत्था



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद ने नव वर्ष के प्रथम दिन विन्ध्यवासिनी मन्दिर में अपने एवं देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीष माँगा।

उक्त अवसर पर उपस्थित पत्रकारों से सम्वाद करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा को पटखनी नहीं दी बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, सरयू नदी और मतदाताओं का आशीर्वाद था कि वह जीत सके। उन्होंने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का भी आभार जताया कि सामान्य सीट पर उन्होंने उनको अवसर दिया कि अयोध्या की सेवा कर सकूँ और मर्यादा का पालन कर सकूँ।

भाजपा पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि इस दल ने अयोध्या का राजनीतिक उपयोग किया, मान्य मर्यादाओं को तोड़ा, कितनों की छत छीन ली और ठीक से मुआवजा नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि उन्होंने मां से कामना की है बेरोजगारी समाप्त हो, देश में भाईचारा तथा शांति बनी रहे।

# दिव्यांग स्तरीय मैच में बिहार ने उत्तर प्रदेश को हराया

**चित्रकूट ब्यूरो-**नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वे सुभाष चैलेंज कप 2024-25 द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट के छठवें वर्ष का उद्घाटन मैच उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच खेला गया। जिसमें बिहार की टीम ने उत्तर प्रदेश की टीम को 12 रनों से हरा दिया।मैच में पहले टॉस जीतकर उत्तर प्रदेश की टीम ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। इस पर बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में तीन विकेट खोकर 133 रन बनाए। जिसमें राजीव के 44 और बाबूलाल के 36 रन शामिल हरे। गेंदबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश की टीम के निखिल ने एक और सूरजभान दो विकेट लिए। इसके बाद 134 रनों का पीछे करने उतरी उत्तर प्रदेश की टीम 15 ओवर में पांच विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। जिसमें तनवीर के 42 और मेहताब के 29 रन शामिल रहे। गेंदबाजी कर रहे बिहार के प्रताप ने 2 और अंजेश एक विकेट लिए। इस मैच को बिहार ने 12 रन से जीत लिया।

जिसमें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बाबूलाल को चुना गया। मैच में अनुराग और दीपक मिश्रा ने अंपायर की भूमिका निभाई।इस मौके पर सदर उपजिलाधिकारी पूजा साहू, केशव शिवहरे, अक्षय राहुल, अवनीश गुप्ता, दीपक मिश्रा, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, विजय भारद्वाज, आदेश अनुराग, फिरोज अंसारी, रानू आदि मौजूद रहे।

# चोरी के सामान के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में रैपुरा थाना पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये दो चोरों को चोरी की सबमर्सिबल, स्टार्टर, एक मोटरसाइकिल व तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि बीते शनिवार को मनोज पाण्डेय पुत्र उमाशंकर पाण्डेय निवासी रैपुरा ने थाने में सूचना दी बीती 26 दिसम्बर की रात्रि अज्ञात चोरो ने उसके घर के अन्दर लगे सबमर्सिबल पम्प एवं स्टार्टर चोरी कर ले गए है। इस सूचना पर थाना रैपुरा में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए थे।



साथ ही घटना के खुलासे के लिए की जा रही विवेचना के क्रम में के रैपुरा थाने के उपनिरीक्षक रामप्रीत सिंह एवं उनकी टीम उपनिरीक्षक राजेश कुमार, आरक्षी अशोक पाल, शिवम मिश्रा, अंकित शुक्ला व आरक्षी चालक पवन यादव ने बीते मंगलवार को रामपुर मोड़ के पास बांधी बस स्टॉप से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूंछतांछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम राजा उर्फ जागेश्वर निवासी गुन्ता बांध मोड़ थाना रैपुरा व शिवम पटेल उर्फ शुभम पटेल निवासी रैपुरा थाना रैपुरा को चोरी के सबमर्सिबल व स्टार्टर के साथ एक मोटरसाइकिल व तमंचा-कारतूस भी बरामद किए गए।



## कार्यालय प्रभारी चिकित्साधिकारी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर

### नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गाँधीनगर, मंझनपुर, कौशाम्बी

पत्रांकः प्र0चि0अ0/आशा/चयन/2024–25/66 दिनांक 01.01.2025

### राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी आशा के चयन हेतु विज्ञापन

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत ''शहरी आशा'' (Urban Accredited Social Health Activist) के चयन हेतु नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशाम्बी के निम्नलिखित वार्ड / मुहल्लों में स्थायी निवास करने वाली महिलाओं से आवेदन विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 10 जनवरी 2025 तक आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रारूप क्षेत्र की ए०एन०एम० व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाँधी नगर मंझनपरु कौशाम्बी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है तथा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर तथा निवास प्रमाण पत्र तथा समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति को संलग्न करते हुये दिनांक 10 जनवरी 2025 सायं 5 बजे तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाँधीनगर मंझनपुर में पंजीकृत डाक से या स्वयं प्राप्त कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए श्री शुभनेत्र सिंह (फार्मासिस्ट) 7408570940 दूरभाष नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | मोहल्ले का नाम | शहरी आशा की संख्या | आशा हेतु निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | नेतानगर | 1 | 1) आशा को सम्बन्धित वार्ड की स्थानीय निवासी |
| 2 | नयानगर द्वितीय | 1 | होना आवश्यक है। |
| 3 | चमनगज | 1 | (2) उम्र 20 से 45 वर्ष के बीच हो। |
| 4 | मसूरनगर | 1 | (3) न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण हो तथा इण्टर, उच्च |
| 5 | हजरतगज | 1 | शिक्षित होने पर अतिरिक्त अंक निर्धारित हैं। |
| 6 | काशीराम कालोनी (समदा) | 1 | (हाई स्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी न मिलने की दशा |
| 7 | चकनगर द्वितीय | 1 | में 8वीं उत्तीर्ण का चयन कर लिया जाएगा) |
| 8 | बबुरा | 1 | |
| 9 | ओसा | 1 | |

नोटः– अपूर्ण / गलत फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रति के बिना व दिनांक 10 जनवरी 2024 के बाद प्राप्त आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। दिनांक 17.01.2025 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साक्षात्कार प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा।

डा० श्रेयांश जैन
प्रभारी चिकित्साधिकारी
आयुष्मान आरोग्य मंदिर
नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,
गाँधीनगर मंझनपुर, कौशाम्बी


# सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी, डीएम ने दी जानकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-**जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि तहसील मुख्यालय में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस रोस्टर के अनुसार उनके, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक के द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसीलों पर प्रथम एवं तृतीय शनिवार को किया जाएगा। बताया कि यह रोस्टर माह जनवरी से जून के लिए निर्धारित किया गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि इस रोस्टर के अनुसार आगामी चार जनवरी को उनकी अध्यक्षता में तहसील कर्वी, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राजापुर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में मऊ एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार रोस्टर के अनुसार आगामी 18 जनवरी को राजापुर में जिलाधिकारी, मानिकपुर में मुख्य विकास अधिकारी, कर्वी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मऊ में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी एक फरवरी को मऊ में जिलाधिकारी, कर्वी में मुख्य विकास अधिकारी, मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व राजापुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी 15 फरवरी को मानिकपुर में जिलाधिकारी, मऊ में मुख्य विकास अधिकारी, राजापुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व कर्वी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी एक मार्च को कर्वी में जिलाधिकारी, राजापुर में मुख्य विकास अधिकारी, मऊ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी 15 मार्च राजापुर में जिलाधिकारी, मानिकपुर में मुख्य विकास अधिकारी, कर्वी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मऊ में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी पांच अप्रैल को मऊ में जिलाधिकारी, कर्वी में मुख्य विकास अधिकारी, मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व राजापुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी 19 अप्रैल मानिकपुर में जिलाधिकारी, मऊ में मुख्य विकास अधिकारी, राजापुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व कर्वी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी तीन मई को कर्वी में जिलाधिकारी, राजापुर में मुख्य विकास अधिकारी, मऊ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी 17 मई को राजापुर में जिलाधिकारी, मानिकपुर में मुख्य विकास अधिकारी, कर्वी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मऊ में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, आगामी नौ जून सोमवार को (सात जून शनिवार को बकरीद व आठ जून को रविवार होने के कारण) मऊ में जिलाधिकारी, कर्वी में मुख्य विकास अधिकारी, मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व राजापुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक तथा आगामी 21 जून को मानिकपुर में जिलाधिकारी, मऊ में मुख्य विकास अधिकारी, राजापुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा कर्वी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए है।

# शीतकालीन अवकाश की मांग

**चित्रकूट-** आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष ऊषा द्विवेदी ने बताया कि वर्तमान समय में भीषण ठंड होने के कारण बीती 31 दिसम्बर से आगामी 14 जनवरी तक के लिए सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अवकाश कर दिया गया है। इसके बावजूद इन्हीं विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र नन्हें बच्चों के साथ खोले जा रहे है। जबकि ठंड के चलते विद्यालय परिसर सन्नाटे की स्थिति में होता है। ऐसे में केन्द्र संचालित करने में आंगनबाड़ी कर्मचारी एव सहायिका व नादान बच्चों के साथ कोई भी अनहोनी, दुर्घटना हो सकती है। जिलाध्यक्ष ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र सौंपकर ठंड के मौसम को देखते हुए शीतकालीन अवकाश घोषित कराने की मांग की है।

# राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों ने केक काटकर किया नए वर्ष का स्वागत

**चित्रकूट-** राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में आवासित किशोरों ने केक काटकर नए वर्ष का स्वागत किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम, अपर जिला जज राममणि पाठक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल, किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी ने किशोरों को नए वर्ष की शुभकामनाए दी इस मौके पर शिवशंकर त्रिपाठी, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य अर्चना श्रीवास्तव, बाल संरक्षण अधिकारी गौरभ सिंह, संस्था प्रभारी वीरसिंह, अंजना पोरवाल, अर्जुन सिंह, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# लालापुर में बने राष्ट्रीय स्मारक

**चित्रकूट-** महर्षि वाल्मीकि आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रदत्त पाण्डेय ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि पर्यटन विभाग द्वारा लालापुर स्थित वाल्मीकि आश्रम में मंदिर एवं स्मारक का निर्माण नहीं किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में आश्रम पूर्व की भांति अधूरा और उपेक्षित पड़ा रहेगा, किंतु पर्यटन विभाग धनराशि विभाग खर्च कर देगा। ऐसे में विश्व हिंदू परिषद एवं सनातन में आस्था रखने वाली संस्थाओं द्वारा इस कार्य को पूर्ण किया जाना

# गौशाला में दान किया भूसा

**पहाड़ी, चित्रकूट-** कस्बा निवासी समाजसेवी व पूर्व ग्राम प्रधान विजय बहादुर सिंह उर्फ बडकावन सिंह ने ग्राम पंचायत पहाड़ी स्थित गौशाला में 15 कुंतल भूसा एवं 50 किलो गुड गौशाला में दान किया। इस दौरान उन्होंने गोवंशो को गुड़ खिलाया। समाजसेवी विजय बहादुर सिंह ने बताया कि वह पिछले दस वर्षों से हर वर्ष गौशाला में भूसा, गौवंश को ठंड से निजात के लिए लकड़ी, धान का पैरा आदि नए साल में दान करते है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी संजय पांडेय, पशु चिकित्साधिकारी वीरेंद्र सिंह, एडीओ कोआपरेटिव मनोज कुमार, ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा मौजूद रहे।

# विधवा की लगाई न्याय की गुहार

**चित्रकूट-** भरतकूप थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव की निवासी विधवा महिला सावित्री ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि उसने खरैहा निवासी एक व्यक्ति से 1050 वर्ग फीट जमीन दो लाख रुपये में खरीदने के लिए इकरारनामा कराया था। साथ ही अपने प्लाट के सामने दीवार बनाकर गेट लगा दिया था। जिसमें शौचालय आदि भी निर्मित करा दिए गए थे और वह वहां पर चाय की दुकान भी करती है। आरोप लगाया कि वहां रहने वाले कुछ अराजकतत्व उसे परेशान कर रहे है। साथ ही उसकी दुकान को जबरन हटाने की साजिश रची जा रही है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# घरों का कूड़ा सड़े गले ट्रांसफार्मर के पास फेंकने से दुर्घटना की आशंका



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज )।** घरों से निकलने वाली कूड़ा सड़े गले सामान को ट्रांसफार्मर के पास फेंकने से आग लगने के साथ बेसहारा गोवंश वहां पर पर पहुंचने से दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है।
बताया जाता है कि लेड़ियारी प्राथमिक विद्यालय जाने वाली राजमार्ग पर लगा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर के पास विद्युत विभाग द्वारा कोई बंदोबस्त नहीं किए जाने से मोहल्ले के लोग पन्नी के अलावा घरों से निकलने वाली कूड़ा करकट के साथ सड़े गले और घर में बची बासी भोजन को वहीं पर फेंक देने पर आसपास बिचरते हुए वहां तक पहुंच जाते हैं। जबकि वहां कोई जाली नहीं होने से करेंट की चपेट आने से मौत हो जाती है। ऐसा नहीं है कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने इस बाबत में लोगों को कई दफा लोगों को कहा गया कि ट्रांसफार्मर के पास कोई भी सामग्री न डालें। लेकिन इस बात को लोगों ने अनदेखी किए जाने पर आए दिन जानवरों की मौत का शिकार होना पड़ रहा है। स्टेट राजमार्ग से तीस मीटर दूर लगा सड़क के किनारे इसके आवाज से राहगीरों को दिल धड़क उठ जाता है। इस संबंध में ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह ने बताया कि सड़क से दस मीटर दूर करने के लिए अधिकारियों को लिखित रूप से दिया गया लेकिन आज तक समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

# सिद्धार्थ की मौत पर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई, आरोपी पुलिस से दूर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के कैथवल गांव के मजरा कटनहवा में गुरुवार 24अक्टूबर को 18 वर्षीय सिद्धार्थ केशरी पुत्र राजेश केशरी शिव जियावन इंटर कॉलेज लेड़ियारी का कक्षा 12 का छात्र था। अर्धवार्षिक परीक्षा देने के पूर्व कोलसरा निवासी गौरव कुशवाहा से मोबाइल से कुछ देर तक बात करके साइकिल से सुबह दस बजे घर से निकला था। शाम तक घर नहीं पहुंचने पर स्वजनों ने नात रिश्तेदार के यहां भी काफी खोजबीन की गई । लेकिन कहीं सुराग नहीं लग सका था। जबकि इसकी लिखित तहरीर खीरी पुलिस को दी गई थी। दूसरे दिन 25 को लपरी नदी गड़री में मिला था। लेकिन पैसठ दिन मौत बीत जाने के बाद अभी तक हत्यारे को पुलिस सुराग नहीं लगा सकी। जबकि हत्या के बाद पुलिस विभाग के एसीपी कौंधियारा विवेक यादव, कोरांव इंस्पेक्टर नितेन्द्र कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार बड़ोखर रणविजय सिंह ने आश्वासन दिए गए थे कि मृतक परिवार को न्याय दिलाने का बात कही गई थी। और उन्हें उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था । लेकिन आज तक सिद्धार्थ की मौत को भटका रही खीरी पुलिस जिससे न्याय पाने के लिए परिजन दर - दर भटक रहे हैं।
किहुंनी खुर्द गांव के मजरा गडरी लपरी नदी में शुक्रवार मृतक सिद्धार्थ केसरी का 25 अक्टूबर को शव उतरता मिला । ग्रामीणों को शव की सूचना मिलने पर धीरे धीरे आग की तरह फैल गया । वहीं तीस घंटे बाद एफआईआर दर्ज की गई थी।
कैथवल गांव के मजरा कटनहवा निवासी राजेश केशरी ने घटनास्थल पर जाने के बाद मृतक के दोस्त के यहां पहुंचे तो उनके घर पहुंचने पर हत्यारे की मां ने कहा कि मेरा भी लड़का गायब है। जिससे मृतक के पिता ने आरोपित के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।मौके पर हत्यारे को थाने पर लाया गया था। लेकिन दो दिन बाद उसे छोड़ दिया गया था। जिससे आरोपित ने मृतक के परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।मृतक के पिता राजेश कुमार केशरवानी कातिल के भय से अपने परिवार को लेकर पैतृक गांव खूंटा चला गया।
कर्मक्रिया के बाद अपने घर कैथवल गांव पहुंचने पर इसकी जानकारी खीरी पुलिस के पास थाने पर गए तो उन्होंने कहा गया जांच पड़ताल करने में समय लगेगा। मृतक के पिता ने कहा कि पुलिस की गतिविधि पर सवाल खड़ा करते और आला अफसरों की मांग हत्याआरोपित गिरफ्तारी की मांग उठाई । जबकि मृतक सिद्धार्थ की साइकिल और मोबाइल आज तक नहीं मिली। खीरी पुलिस का मानना है कि सिद्धार्थ को बेल्ट और लाठी डंडे की चोटें लगी दिखाई दिया था। तथा हाथ और पैर एवं चेहरे पर मारने पीटने के निशान से मान रही थी की हत्या हुई है। जबकि मौजूद पुलिस के अधिकारियों ने मृतक के पिता से इसकी लिखित शिकायत पत्र ली गई तो कहा गया है कि मोबाइल से वाद विवाद भी हुआ था। जबकि आज तक न तो साइकिल और न ही मोबाइल बरामद किया गया है।
पिता राजेश ने बताया कि इस संबंध में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखित तहरीर दी गई है। लेकिन अभी तक कारवाई के बजाय मौन बने हुए हैं। जबकि खीरी पुलिस आरोपी को गिरफ्तारी न करके उल्टा पीड़ित परिवार को फसाने की धमकी दे रही है। और बात करने पर उल्टा डाट खानी पड़ रही है। जबकि मृतक से अंतिम समय तक मोबाइल से बात हुई थी। आखिर क्यों नहीं पुलिस मोबाइल से डिटेल निकलवा रही है। खीरी पुलिस धन , बल, राजनैतिक के प्रभाव में अपराधी को पकड़ना नहीं चाह रही है। जबकि पीड़ित परिवार प्रदेश सरकार के मुखिया आदित्य नाथ जी के पास शिकायत दर्ज कराई गई है। लेकिन अब यह देखना है कि आखिर अब कब तक न्याय मिलेगा।
खीरी थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिद्धार्थ केसरी की पानी में डूबने से मौत हुई है। जब कि सिद्धार्थ के शरीर में धारदार हथियार से गंभीर हालत चोट के निशान देखे गए थे।

# क्षेत्र की नहरों एवं माइनरों मे पानी की जगह उड़ रही धूल

## बोले किसान: नहर मे पानी न पहुचने से कैसे हो गेहूं की सिंचाई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)** क्षेत्र की नहरों व माइनरों मे पानी न आने के कारण यहां धूल उड़ रही है । किसानों के खेत सूखे पड़े है । इसकी वजह गेहूं की बुआई के एक पखवाड़े बाद पानी की आवाज होती है। दिन भर में मात्र दो घंटे ही मिल पाता है। रात्रिकालीन बिजली कटौती से इस प्रचंड ठंडी के चलते रातभर खेतों में रहना मुश्किल है। जबकि कुछ किसान खेत में पाइप बिछाकर बिजली के इंतजार में रात गुजारनी पड़ रहा है।पंम्पीसेट से खेतों में पानी भर दिया जाता है । लेकिन सुबह होने ही खेत से पानी खत्म होने पर बोआई की गेहूं पानी टिकना मुश्किल है । वहीं रातभर तकवारी करने के बावजूद घूमते गोवंशों को पीने का पानी के साथ हरा चारा देख बोई गई गेहूं की फसल को नष्ट कर देने से दिक्कत उठानी पड़ रही है । नहरों में पानी नहीं छोड़ें जाने से पूरे क्षेत्र मे सूखा जैसा नजारा दिख रहा है । वही बेसहारा पानी पीने के लिए दर - दर भटक रहे है । जिससे आये दिन नदी नहरों के किनारे पानी के अभाव गोवंश की मौत हो रही है ।
क्षेत्रीय किसान संतोष कुमार द्विवेदी गोबरा, रणवीर सिंह , मदन प्रताप सिंह, बघोल, आशुतोष द्विवेदी विजय कुमार भुर्तिया बहरैचा , गीता देवी कैथवल, रवि सिंह , सुनील कुमार कुशवाहा लेड़ियारी , गौरव कुमार द्विवेदी आदि किसानों का कहना है कि नहरों में पानी नहीं होने से सैकड़ों बीघा खेत परती पड़ गई है । जिससे क्षेत्रीय किसान काफी चिंतित नजर आ रहे हैं । जबकि हर्दिहा , देईबांध, खीरी राजबहा व गड़री माइनरों में पूरी तरह पानी की जगह धूल उड़ रही है । किहुंनी खुर्द, किहुंनी कला, गड़री, महुली, मोजरा, बैजला, जानकीतारा, पथरपुर , खोचा, टौंगा, गोबरा, बघोल, पूरादत्तु, चांद, कटरा पहड़ी,लेड़ियारी, सुजनी पटेहरा, खूंटा, सिरहिर, भगवानपुर, दसौती, सलैया खुर्द, सिकी, सिलौधी, सिंह पुर डिघलों, पालपट्टी आदि शाखा नहरों मे पानी न आने से हाहाकार मचा हुआ है । शासन का नहर विभाग के अधिकारियों की सख्त निर्देश है कि सभी नहरों मे पानी पहुंचाने मे मुख्यमंत्री का आदेश जारी किया गया है कि किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए । लेकिन क्षेत्र की नहरों मे शासन के निर्देश का अनुपालन नही हो रहा है । अधिकारियों की उदासीनता के चलते नहरों मे पानी की जगह धूल देखा जा सकता है ।
क्षेत्रीय प्रगतिशील किसान विजय भुर्तिया बहरैचा, आशुतोष कुमार ध्दिवेदी गोबरा, अरूण कुमार तिवारी बहरैचा, राम बली बिन्द धोबहट, श्याम नारायण बिन्द डीही खुर्द, शशि तिवारी करपिया, राम प्रवेश सिंह रतेवरा, सुशील कुमार सिंह कैथवल, शांति प्रसाद सिंह आदि लोगों का कहना है कि डीजल महंगा होने के चलते सब इस माध्यम से खेतों , पोखरी में पानी कर पाए संभव नही है । जबकि इन दिनों सबसे ज्यादा संकट बेजुबान बेसहारा पशुओं को पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकते नजर देखा जा सकता है । अगर समय से नहरों मे पानी न पहुंचा तो इस वर्ष भी बोआई की गेहूं सूख सकती है । ऐसे स्थिति मे क्षेत्र सूखे की चपेट आ जाएगा । क्षेत्रीय किसानों ने अविलंब नहरों मे पानी छोड़े जाने की मांग की है ।

# सिचाई मशीन ताक रहे किशोर को पिकप ने कुचला , मौत




**नारीबारी (प्रयागराज)।** बारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऋषभ सिंह (12) पुत्र आशीष सिंह निवासी सोनवर्षा कड़ाके की ठंड में खेत की सिंचाई के लिए अपने पिता के साथ नहर किनारे लेटा था। बुधवार की भोर तीन बजे के बाद अचानक मुर्गी लादे एक पिकअप वैन निकली और बीच में जगह होने के बाद भी पिता पुत्र को कुचलते हुए निकल गई। पुत्र ऋषभ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिता आशीष सिंह के पैर पर भी पहिया चढ़ जाने से चोट आई। ऋषभ अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। दूसरी संतान एक नौ साल की पुत्री है। घटना की सूचना बारा पुलिस को दिया गया। मौके पर चौकी प्रभारी गन्ने अखिलेश कुमार पहुंचे और शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत चौकी प्रभारी ने बताया कि पिकअप की पहचान हो गई है। शीघ्र ही दोषी चालक सहित पकड़ लिया जाएगा।

# म्योहॉल हॉस्टल ने जीती वॉलीबाल ट्रॉफी

## तुषार को मैन ऑफ दी मैच तथा विवेक शुक्ला को मिला मैन ऑफ दी सीरीज पुरस्कार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** स्थानीय गांव सोरांव पाँती के सार्वजनिक वॉलीबाल खेल मैदान पर तीन दिवसीय प्रेमानंद स्मारक आमंत्रण वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न हुई। दूधिया रोशनी में खेले गए फाइनल मैच में बेहतर खेल कौशल की वजह से म्योहास्टल की टीम ने जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा जमाया।
प्रतियोगिता के फाइनल मैच का मुकाबला म्योहॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल प्रयागराज एवं पुलिस क्लब प्रयागराज के बीच खेला गया। जिसमें म्योहॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल प्रयागराज ने पुलिस क्लब प्रयागराज की टीम को 25 - 23, 24 - 26 व 25 - 23 अंकों से हराकर आमंत्रण वॉलीबाल प्रतियोगिता के ट्रॉफी जीत ली। विजेता टीम के तुसार को मैन ऑफ द मैच तथा उपविजेता टीम के विवेक शुक्ला को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया।
प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग की 12 टीमें तथा सीनियर पुरुष वर्ग की कुल 16 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने क्रीडा-कौशल का प्रदर्शन किया। कल देर रात्रि दूधिया प्रकाश (फ्लड लाइट) कोर्ट में प्रतियोगिता का सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता के दौरान फूलचंद गुप्ता, अल्ताफ अली, मुकेश शुक्ला, संतोष भास्कर, असफाक अहमद व रवि वर्मा आदि ने निर्णायक की भूमिका अदा की। सोरांव यूथ क्लब के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी की अध्यक्षता में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।
समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी, जनसेवक व भाजपा नेता इंद्रदेव उर्फ राजू शुक्ला ने विजेता व उपविजेता टीम कप्तान को ट्रॉफी तथा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। आयोजन समिति द्वारा वॉलीबाल के कई पूर्व खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।
आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता के संयोजक बाबा ओझा, प्रधान राजेश द्विवेदी, यूथ क्लब के मंत्री पंकज शुक्ला, पीयूष मिश्रा, मुकेश शुक्ला, चंचल प्रजापति व मौसम कुशवाहा आदि ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। अंत में जिला वालीबाल एसोसिएशन के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों, दर्शकों तथा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कोरांव महोत्सव का मंच पर सहज महसूस करती हैं प्रतिभाएं-राजमणि कोल

## मंच से सम्मानित होने पर विजेताओं में खुशी



**कोरांव(प्रयागराज)।** तेइसवें कोरांव महोत्सव के प्रथम दिन बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल ने उपस्थित होकर जहां आयोजन मंडल को धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं महोत्सव द्वारा आयोजित तमाम प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने हेतु अपने आशिर्वचनों से अभिसिंचित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने के दौरान विधायक राजमणि कोल ने कहा कि कोरांव महोत्सव का मंच प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका देता है। क्षेत्रीय प्रतिभाएं अपने ही घर गांव में छिपी प्रतिभा को निखारने का मंच प्राप्त कर सहज महसूस करते हैं और जीवन में कुछ खास कर क्षेत्र को गौरवान्वित करते हैं। पूर्व चेयरमैन नरसिंह केशरी ने उपस्थित जनसमूह को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोरांव महोत्सव विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित कर प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का काम करता है। फिलहाल विधायक राजमणि कोल ने कबड्डी सामान्य ज्ञान व चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को मंच के माध्यम से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उक्त के अलावा पूर्व चेयरमैन नरसिंह केशरी, गंगा प्रसाद मिश्र (प्रमुख प्रतिनिधि मेजा), डॉ अनिल पाण्डेय, राजकुमार सिंह , एडवोकेट अनिल मिश्र, गणेश शंकर तिवारी, सत्यम द्विवेदी, सुमित पाण्डेय, अमन पाण्डेय, रितेश तिवारी, नीरज केशरी, हरि शंकर मिश्र, राजेश मिश्र, गिरेन्द्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ठंड और गलन संग लोगों ने किया नववर्ष का स्वागत

## नये साल पर मंदिरों में सुबह से उमड़ी भक्तों की भीड़, संगम पर जुटे लोग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** नववर्ष की शुरुआत गलन और ठंड से हुई। आसमान में बादल छाए रहे। इसके बाद भी लोगों में नए साल के जश्न को मनाने का उत्साह कम नहीं है। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ पहुंचना शुरू हो गई। पूरे दिन मंदिरों में पूजन और दर्शन का सिलसिला जारी रहा। हर कोई नए साल की शुरुआत शुभ और मंगल से करने में लगा रहा।बंधवा स्थित लेटे हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही दर्शन करने वालों की भीड़ एकत्र होने लगी। मंदिर के बाद भक्तों की कतार पवनपुत्र की एक झलक पाने को घंटों लाइन में लगी रही।नए साल के पहले दिन हजारों की संख्या में लोग सुबह से ही संगम पहुंचने लगे। जहां लोगों ने त्रिवेणी के तट पर स्नान करके साल की शुरुआत की। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने मां गंगा की विधि विधान से पूजा अर्चना की। भीषण गलन और ठंड के बीच लोग संगम क्षेत्र पहुंचे। बंधवा हनुमान मंदिर के साथ ही शहर के अन्य प्रसिद्ध मंदिरों सोमेश्वर महादेव, मनकामेश्वर महादेव, ललिता देवी, कल्याणी देवी, अलोप शंकरी देवी मंदिर में भी पूरे दिन लोगों की भीड़ उमड़ती रही।
प्रयागराज में नए साल के जश्न के लिए होटलों से लेकर मॉल तक को विशेष रूप से तैयार किया गया था। 31 दिसंबर की शाम होते ही यहां पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। हर कोई नए साल के जश्न में डूबा नजर आया। रात 12 बजे के बाद जश्न का माहौल दो गुना हो गया। लोगों ने एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर बोलकर बधाई दी।
बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों में भी पार्टी का आयोजन किया था। जहां लोगों ने परिवार के सदस्यों और पारिवारिक मित्रों के साथ देर रात तक नए साल का जश्न मनाया।

# ग्रामीण बैंक में जमा व निकासी में मनमानी

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा लेड़ियारी में जमा व निकासी पर लिए जा रहे सुविधा शुल्क से ग्राहकों में आक्रोश व्याप्त है। लेकिन शिकायत के बावजूद जिम्मेदार मौन बने हुए हैं। बताया जाता है कि इस बैंक में मनमानी ढंग से खाते से धन निकालकर डकार लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे लोग ठगी के शिकार होना पड़ रहा है। जबकि खाते से बिना बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा पैसा निकालकर लिया जा रहा है। लेकिन चार माह बीत जाने पर भी वापस नहीं किया गया। बता दें कि मंजू देवी का खाता ग्रामीण बैंक में खोला गया है। जबकि 19 सितंबर को 147 रूपये और 27 नंबर को 419 रूपये निकाल लिया गया है। इसी तरह एक और ग्राहक के खाते से पैसे निकाला गया है। इसकी शिकायत करने एक जनवरी बुधवार को बैंक में पैसा लेने गया तो पता चला कि रूपये निकल गया है। जबकि इस संबंध में सहायक शाखा प्रबंधक से जानकारी लेना चाहा तो उनका एक टूट जबाब दिया कि इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि चार जनवरी के बाद आने पर ही बात करें। जबकि इन दिनों इन बैंक में अब तक बिना खाताधारकों के खाते से पैसे निकल गया है। जबकि किसी को पैसे की आवश्यकता होने पर बैक रूपये निकासी का पर्ची भरने पर कैश लेने जाने पर पता चला कि खाते में पैसा नहीं है। जिससे निराश उल्टे पैर वापस जाने से मजबूर होना पड़ता है। अगर कोई व्यक्ति पैसे वापस मांगने पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं जाने की धमकी दी जाती है। चरितार्थ में कहा गया है कि मरता न तो करता क्या इससे अच्छा तो चुपचाप वापस चलें जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक का कहना है कि प्रार्थना पत्र देकर चले जाएं आफिस में बात करने पर पैसा वापस किया जाएगा।

# विभूति नारायण के प्रवक्ता पद पर चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौंधियारा (प्रयागराज )।** विकासखंड कौंधियारा अन्तर्गत ग्राम पंचायत टिकरी निवासी विभूति नारायण सिंह पुत्र रविन्द्र कुमार सिंह का बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा के इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर चयन हुआ है।बिहार लोक सेवा आयोग ने यह परीक्षा 22 जुलाई को आयोजित की थी। सफलता से वे अपने परिवार सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जानकारी होने पर मां मंजू देवी सहित जनार्दन पाण्डेय,साक्षी, मानसी, कृति,अभिनव सिंह सहित अन्य लोगों ने उनके घर पहुंचकर उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।कौंधियारा के एक छोटे से गाँव में सामान्य परिवार से विभूति नारायण ने बिहार पीसीएस की परीक्षा क्वालिफाई कर क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा दी है कि मेहनत से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। सामान्य परिवार के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकते हैं।

# ट्रक ड्राइवर ने कई लोगो को मारी टक्कर, घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नारीबारी (प्रयागराज)।** रीवा की ओर से आ रही ट्रक ड्राइवर शराब के नशे में धुत होकर ट्रक रांग साइड से आते हुए आधा दर्जन लोगों को चोटिल किया जिसे नारी बारी पुलिस ने ट्रक समेत पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर अनिल कुमार निवासी फूलतारा रीवा की ओर से शराब की नशे में आ रहा था सोहागी बाजार में बाइक सवार को टक्कर मारी इसके बाद चन्दई में बाइक सवार को टक्कर मारी इसके बाद भारत नगर में संजय पुत्र रमेश को टक्कर मारते हुए प्रयागराज की ओर बढ़ रहा था तभी नारीबारी पुलिस सूचना पाकर ट्रक ड्राइवर और ट्रक को पकड़ कर अपने कब्जे में लिया। चौकी प्रभारी नारीबारी की सतर्कता से ट्रक ड्राइवर को कब्जे में ले लिया।

# सेंट्रल हॉस्पिटल में साल के पहले दिन 900 मरीजों का उपचार




**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भनगर।** नया साल शुरू होते ही महाकुम्भ के महाआयोजन को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। योगी सरकार की चाक चौबंद व्यवस्था का परिणाम ये है कि अभी से देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का महाकुम्भनगर में आगमन रफ्तार पकड़ने लगा है। साल के पहले दिन महाकुम्भ नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में भी 900 लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। देश के किसी भी बड़े हॉस्पिटल की तर्ज पर हाईटेक टेक्नोलॉजी का यहां लोगों की देखभाल में इस्तेमाल किया जा रहा है। साल के पहले दिन से ही ईसीजी की भी सुविधा शुरू हो गई है।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि महाकुम्भ का आयोजन ऐसा हो, जो पहले के किसी भी कुम्भ से ज्यादा दिव्य और भव्य हो। दुनिया में यूपी की बेहतरीन छवि बने, इसके लिए मुख्यमंत्री ने चुन चुनकर अफसरों की यहां तैनाती की है। महाकुम्भ में पहुंचकर विभिन्न प्रदेशों से आए श्रद्धालु स्वास्थ्य लाभ लेने भी लगे हैं।
आस्था के इस महाकुम्भ में चिकित्सकों का भी उत्साह देखते बन रहा है। कई बार डॉक्टरों को खुद आगे बढ़कर मरीजों का सहयोग करते देखा जा सकता है। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भनगर में यहां सेंट्रल हॉस्पिटल में साल के पहले दिन 900 मरीजों की ओपीडी हुई। यहां देश के विभिन्न राज्यों से पहुंच रहे 800 से 900 लोग प्रतिदिन स्वास्थ्य लाभ लेने आ रहे हैं।
इनकी देखभाल के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने व्यवस्था संभाल ली है। सीएम योगी के निर्देश पर यहां मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलने लगी हैं। ईसीजी की भी सुविधा शुरू हो चुकी है। साथ ही केंद्रीय पैथोलॉजी में 100 से ज्यादा लोगों का प्रतिदिन टेस्ट शुरू हो गया है। यहां मेले में श्रद्धालुओं को 50 से अधिक तरह का फ्री टेस्ट कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

# थानाध्यक्ष ने नये साल पर वितरित किये उपहार, खिल उठे गरीब मजदूरों के चेहरे



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने नए साल की खुशियां गरीब मजदूरों के साथ साझा किया है। सलेमपुर गांव के पास सैकड़ो की संख्या में ईट भट्ठा मजदूरों को उपहार दिया तो उनके खुशी से चेहरे खिल गए। थानाध्यक्ष की दरिया दिली की लोगों ने जमकर प्रशंसा किया है। इस समय हाड़तोड़ सर्दी पड़ रही है।
सलेमपुर गांव के पास एक ईट भट्ठा पर सैकड़ों की संख्या में गरीब मजबूर है। बुधवार को नये साल के अवसर पर उतरांव थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने सैकड़ों मजदूरों को उपहार भेंट किया तो गरीब मजदूरों की खुशी से चेहरे खिल गये। छोटे बच्चों से लेकर बड़ेबूढ़े व महिलाओं ने उपहार पाया तो उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा। थानाध्यक्ष की दरिया दिली की लोगों ने जमकर प्रशंसा की है। सच बात है कि दुनिया अपनों के लिए मरती है लेकिन कोई दूसरों के लिए कुछ करें तो क्या बात है।

# नए साल पर उतरांव पुलिस को मिली नई सौगात



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** नए साल पर पुलिस के अफसरों ने उतरांव पुलिस को नई सौगात दिया है। उनकी खटारा गाड़ी बदलकर नई गाड़ी दिया है। आपको बताते चलें कि उतरांव क्षेत्र में लगभग डेढ़ सौ गांव हैं। इन गांव की जिम्मेदारी एक खटारा गाड़ी से होती थी। यही भर नहीं हाईवे पर अपराधियों को पकड़ने के लिए खटारा जीप का ही इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन बहुत दिनों के बाद थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी को नई गाड़ी की सौगात मिल ही गई।

## कला-संस्कृति व ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी का संगम बनेगा ताज महोत्सवः जयवीर सिंह

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** आगरा में ताज महोत्सव 18 फरवरी से 02 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में भारतीय कला संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। विभिन्न प्रदेशों के शिल्पकार अपनी-अपनी शिल्प कला का प्रदर्शन करेंगे। यह ताज महोत्सव घरेलू एवं दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करता है। ताज महोत्सव में हस्तशिल्प, कला, संस्कृति, स्थानीय व्यंजन, आगरा के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विविधिता का आगन्तुक आनंद ले सकेगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ताज महोत्सव प्रति वर्ष बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है। महोत्सव के इस बार की थीम इसे और खास बनाएगी। सिंफनी ऑफ साउंड्स देशभर के संगीत की मिठास, डिजिटल देसी परंपरा में आधुनिक तकनीक का समावेश और कलर्स ऑफ इंडिया त्योहारों का अनोखा संगम जैसे विषयों के जरिए यह आयोजन आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन को दर्शाएगा। ताज महल दुनिया का अजूबा होने के कारण देश-विदेश के पर्यटक आगरा पहुंचते हैं। ताज महोत्सव समिति द्वारा आयोजित यह महोत्सव हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है। भारतीय संस्कृति का जश्न मनाने का यह अद्वितीय मंच प्रदान करता है। तकरीबन 23 वर्ष पहले 1992 में शुरू हुए इस महोत्सव ने भारत के पर्यटन कैलेंडर में अपना विशेष स्थान बनाया है। हर वर्ष वसंत ऋतु में आगरा इस उत्सव के जरिए कला, संगीत और उमंग से भर जाता है। महोत्सव में लगभग 400 शिल्पकार अपने बेहतरीन हस्तशिल्प, जैसे- लकड़ी की नक्काशी, संगमरमर की इनले वर्क और हाथ से बने वस्त्रों को प्रदर्शित करेंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए यह महोत्सव प्रसिद्ध है। लोक संगीत, शास्त्रीय नृत्य और समकालीन प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगी। साथ ही, आगरा और विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजन और स्ट्रीट फूड के लिए एक खास फूड जोन भी तैयार किया जाएगा।

# नियमों की अनदेखी पर 31 डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई

### बिना बताए अनुपस्थित डॉक्टरों को आरोप पत्र देने के निर्देश

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिए प्रमुख सचिव को निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** सरकारी अस्पतालों में तैनाती के दौरान लेवल-1 के डॉक्टरों को पोस्टग्रेजुएट की पढ़ाई की अनुमति दी गई। इसके लिए बांड भी भराया गया लेकिन प्रदेश के 31 डॉक्टरों ने बांड नियमों का उल्लंघन किया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने डॉक्टरों की मनमानी व सरकारी नियमों की अनदेखी पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि सरकारी डॉक्टरों को पोस्टग्रेजुएट की पढ़ाई के लिए बांड के नियमों के तहत छूट दी जाती है। प्रदेश के लेवल-1 के 31 डॉक्टरों ने ब्रांड के नियमों की अनदेखी की। शासकीय शर्तों एवं बांड का अनुपालन नहीं किया। अपने कार्य दायित्वों का निर्वाहन भी नहीं किया। अनधिकृत रूप से गैरहाजिर चल रहे हैं। ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। सभी डॉक्टरों को आरोप-पत्र दिए जाएंगे। इसके निर्देश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों के तैनाती स्थल पर उपस्थित न होने की दशा में जल्द ही शासन द्वारा निर्धारित एक करोड़ रुपए की वसूली की कार्यवाही भी शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिर वह डॉक्टर हो या कर्मचारी। नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। अनुशासनहीनता किसी भी दशा में उचित नहीं है।कुशीनगर नेबुआ सीएचसी में तैनात डॉ. सत्य प्रकाश कुशवाहा, बुलंदशहर रतनपुरा पीएचसी के डॉ. कपिल कुमार, रायबरेली महाराजगंज सीएचसी के डॉ. तृप्ति कश्यप, अम्बेडकर नगर के जहांगीरगंज सीएचसी में तैनात डॉ. दीपक कुमार मौर्य, बाराबंकी रामसनेही घाट सीएचसी में तैनात डॉ. रुपाली गुप्ता, मेरठ भावनपुर पीएचसी के डॉ. हरीश कुमार, कौशाम्बी कनौली सीएचसी के डॉ. लाल प्रभाकर सिंह, प्रयागराज जसरा पीएचसी के डॉ. संजय कुमार, फतेहपुर टिकरी पीएचसी के डॉ. पवन कुमार वाजपेई, रायबरेली खजूर गांव सीएचसी में तैनात डॉ. आदित्य कुमार, रामपुर टांडा सीएचसी के शाहजहांपुर बंडा सीएचसी के डॉ. पवन कुमार सिंह, कन्नौज जलालाबाद सीएचसी के डॉ. अभय कुमार, देवरिया तरकुलवा सीएचसी के डॉ. अमित गोयल, अमरोहा सीएचसी के डॉ. नितिन कुमार, महाराजगंज श्यामदेउरवा पीएचसी के डॉ. सत्य प्रकाश त्रिपाठी, रामपुर पीपली नायक पीएचसी के डॉ. जहीन इलियास, शाहजहांपुर तिलहर सीएचसी के डॉ. मोहम्मद यासीन, देवरिया बाखरा पीएचसी के डॉ. अनूप कुमार दुबे, रायबरेली महराजगंज सीएचसी के डॉ. मुक्ताकर सिंह, बस्ती मझरिया पीएचसी के डॉ. शमसुदोहा, लखीमपुर खीरी झाऊपुर पीएचसी डॉ. शरद वर्मा, गोंडा तरबगंज सीएचसी डॉ. धीरज कुमार गुप्ता, बलरामपुर रेहरा बाजार पीएचसी के डॉ. नरेंद्र कुमार, सीतापुर रेउसा सीएचसी के डॉ. ललित कुमार, सिद्धार्थनगर भनवारपुर पीएचसी के डॉ. आशीष कुमार अग्रहरि, हरदोई बहंदर सीएचसी के डॉ. विकास वर्मा, बलिया जाम पीएचसी के डॉ. अविनाश कुमार सिंह, सीतापुर रेउसा सीएचसी के डॉ. असद खालिद, रायबरेली हरदोई पीएचसी के डॉ. शेखर श्रीवास्तव, मिर्जापुर कठवा सीएचसी के डॉ. राहुल कुमार तिवारी को आरोप पत्र देने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुरानी कीमत पर मिलेगी डीएपी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** नए वर्ष पर केंद्रीय कैबिनेट द्वारा किसानों के हित में लिए गए तीन महत्वपूर्ण फैसलों पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इन तीन महत्वपूर्ण निर्णयों में शामिल हैं डीएपी के लिए 1350 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का दायरा बढ़ाना तथा ऑटोमेटिक वेदर गेज स्टेशनों की संरचना के लिए 2025-26 से केंद्रीय सहायता की अनुशंसा।कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट के इन निर्णयों से पूर्व की भाँति किसानों को 50 किलो डीएपी का एक बैग 1350 रुपए में मिलता रहेगा, इसके लिए भारत सरकार ने डीएपी उर्वरक पर 3850 करोड़ रुपए अतिरिक्त सब्सिडी देने का फैसला लिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमत के चलते ये फैसला लिया गया है, ताकि बढ़ती कीमतों का असर किसानों पर न पड़े। प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक फैसले से उत्तर प्रदेश के करोड़ों किसान लाभवान्वित होंगे। भारत सरकार द्वारा कृषक हित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का दायरा 65 हजार करोड़ से बढ़कर 69515.71 करोड़ रुपए कर दिया गया, इससे किसानों को फसल सुरक्षा एवं आपदा की स्थिति में मदद मिलेगी। उत्तर प्रदेश में विंड्स योजना के अन्तर्गत ऑटोमेटिक वैदर स्टेशन एवं ऑटोमेटिक रेन गेज की संरचना अन्तर्गत सेन्ट्रल सेयरिंग को वर्ष 2025- 26 से प्रारम्भ करने की सहमति भी दी है।कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा कृषकों के हित में लिए गये ऐतिहासिक फैसलों के लिए प्रदेश सरकार एवं प्रदेश के करोड़ों किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार ज्ञापित किया।

# 8 को होगा कानपुर में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन का सम्मेलन

सीएम योगी करेंगे विधायी सम्मेलन का उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।**आगामी 08 जनवरी, 2025 को कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (भारत क्षेत्र) के ज़ोन-1, जिसमें उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विधान मण्डल सम्मिलित हैं, की माननीय महिला सदस्यों का एक सम्मेलन जनपद कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। कानपुर में आयोजित होने वाले उक्त सम्मेलन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ, द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष, सतीश महाना, एवं उत्तराखण्ड विधान सभा की अध्यक्ष, श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण, की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा। उद्घाटन के पश्चात् सम्मेलन में कार्यशाला का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों की महिला सदस्य भाग लेंगी। अपराह्न में उक्त सम्मेलन का समापन समारोह सम्पन्न होगा, जिसमें स्मृति ईरानी,पूर्व केन्द्रीय मंत्री, विशिष्ट अतिथि होंगी। गौरतलब है कि पूरे देश में सी.पी.ए. भारत क्षेत्र के नौ जोन अध्यक्ष, लोकसभा द्वारा गठित किए गए हैं, जिससे इन सभी जोन में विधायी गतिविधियों का आयोजन हो सके। यह समस्त जोन अलग-अलग विधान सभाओं को मिलाकार गठित किए गए हैं। सी.पी.ए. के अंतर्गत विधायी संस्थाओं के समस्त सदस्यों के संदर्भ में संसदीय विषयों पर सम्मेलन एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। यह समस्त आयोजन एवं सम्मेलन किसी विशेष राजनीतिक दल द्वारा न तो आयोजित किए जाते हैं और न ही इन आयोजनों में किसी प्रकार का कोई राजनीतिक हस्तक्षेप होता है। इसी प्रकार कानपुर में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड की महिला सदस्यों के सम्मेलन में सभी राजनीतिक पार्टियों की महिला सदस्य भाग लेंगी तथा इस आयोजन में किसी प्रकार का कोई राजनीतिक उद्देश्य अथवा सहयोग नहीं है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा सी.पी.ए. ज़ोन-1, जिसमें उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड की विधान सभाएं सम्मिलित हैं, की महिला सदस्यों एवं युवा सदस्यों के सम्मेलन के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं, जिसके अंतर्गत जनपद कानपुर में महिला सदस्यों का यह सम्मेलन दिनांक 08 जनवरी, 2025 को आयोजित किया जा रहा है ।

## सीएम योगी, मायावती समेत कई नेताओं ने दी नए साल की शुभकामनाएं

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** आज नए साल का यानी 2025 का आगाज हो गया है। इसे लेकर देश और प्रदेश में हर्षोल्लास का माहौल है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में संचालित विकास एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश की जनता का जीवन स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है। डबल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश विरासत और विकास को आगे बढ़ाने में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वहन कर रहा है। पूर्ण विश्वास है कि ईसवी सन् - 2025 में राज्य को समृद्धि एवं विकास के मार्ग पर ले जाने के डबल इंजन सरकार के प्रयासों को और अधिक गति मिलेगी। वहीं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी देशवासियों को नए वर्ष की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश व दुनिया भर में रहने वाले सभी भारतीयों तथा उनके परिवार के लोगों को नये साल सन् 2025 की हार्दिक बधाई एवं सुख-शान्ति, समृद्ध और मंगल जीवन की ढेरों शुभकामनायें। सभी मेहनतकश लोगों का जीवन संघर्ष सफल होकर उनकी जिन्दगी को खुश व खुशहाल बनाए, यही कुदरत से कामना।

## गोआश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव हेतु हो पर्याप्त व्यवस्था

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाए तथा गोआश्रय स्थलों में खंड विकास अधिकारियों एवं पशुचिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से भ्रमण करते हुए शत-प्रतिशत पर्यवेक्षण किया जाए। निराश्रित गोवंशों के कारण हो रही दुर्घटनाओं एवं अन्य शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर उसका निस्तारण किया जाए। चारागाह गोचर भूमि को शत-प्रतिशत कब्जा मुक्त कराकर हरा चारा उत्पादन कराया जाए और चारा विकास कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने नव निर्मित 15 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के लोकार्पण की तैयारियां शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये। धर्मपाल सिंह ने आज विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोआश्रय स्थलों में गोवंश के ठंड से बचाव हेतु तिरपाल, अलाव व अन्य आवश्यक व्यवस्थायें तथा चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, औषधि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। श्री सिंह ने निर्देश दिये कि बकरी पालन तथा मुर्गी पालन की योजनाओं का व्यापक प्रचार करते हुए पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिया जाए। वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का निर्माण ससमय पूर्ण किये जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। नस्ल सुधार एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों को युद्ध स्तर पर संचालित किया जाए। गोशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। पशुधन मंत्री ने निराश्रित गोवंश संरक्षण की अद्यतन स्थिति, प्रदेश में साइलेज टेंडर की समीक्षा, निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु अभियान, गोआश्रय पोर्टल में कब्जामुक्त भूमि एवं हरे चारे की बुआई, वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थिति आदि बिन्दुओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रवीन्द्र नायक ने मंत्री को विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। वर्तमान में 7695 गोआश्रय स्थलों पर 1231198 निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। प्रमुख सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि निराश्रित गोंवश के ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त इंतजाम किये जाए और कोई समस्या हो उसे तत्काल शासन को अवगत कराया जाए। गोआश्रय स्थलों के निरीक्षण के समय पशु चिकित्साधिकारी सभी बिन्दुओं की समीक्षा करें और निरीक्षण रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें।बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, पशुपालन निदेशालय के अपर निदेशक डा जयकेश पाण्डेय, संयुक्त निदेशक डा पीएन सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में उ0प्र0 के बाल विज्ञानी दो जनवरी को होगे भोपाल रवाना

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।**राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की देखरेख में आयोजित होने वाली31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान काग्रेस का आयोजन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आगामी तीन से छः जनवरी तक किया जायेगा। राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की देखरेख में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 1700 से 2000 बाल वैज्ञानिक, एस्कॉर्ट शिक्षक, मूल्यांकनकर्ता और प्रतिनिधि शामिल लेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश पूर्व के 16 जिलों से चयनित 21 बाल विज्ञानी, बाल विज्ञान कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य समन्वयक संस्था वोलेंटरी इंस्टिट्यूट फॉर कम्युनिटी अप्लाइड साइंस (विकास) के निदेशक डॉ एस के सिंह के नेतृत्व में 2 दिसंबर को प्रातः 7 बजे प्रयागराज रेलवे स्टेशन से भोपाल के लिए रवाना होगें। इसके पूर्व इन बाल वैज्ञानिकों के राज्य स्तरीय प्रोजक्ट का चयन गत वर्ष दिसम्बर में हुआ था। राज्य समन्वयक डा0 एस0 के0 सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में पूर्वी उत्तर प्रदेश से 21 बाल वैज्ञानिकों के साथ-साथ भारत के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों अंडमान निकोबार सहित लगभग दो हजार बाल वैज्ञानिकों के बनाए गए प्रोजेक्ट व शोध पत्र शामिल है। साथ ही आसियान देशों के बाल वैज्ञानिक अलग से इसमें शामिल होंगे।

# पीडीए के हक और सम्मान की लड़ाई जारी रखने का लें संकल्प

### सपा कार्यालय पर नव वर्ष में युवा कार्यकर्ताओं से मिले सपा प्रमुख

लखनऊ समाजवादी पार्टी दफ्तर पर उमड़ा जन समूह

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में नववर्ष के अवसर पर बहुत बड़ी संख्या में आये नेताओं, कार्यकर्ताओं, पार्टी विधायकों, सांसदों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों, पत्रकारों, शिक्षकों, वकीलों ने बुके, फूल और गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दी। अल्पसंख्यक वर्ग के तमाम मौलाना, उलेमा और महिलाएं भी नव वर्श की बधाई देने आई। अखिलेश यादव ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए भविष्य की कामना की। अखिलेश यादव से मिलने के लिए समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में अपार जनसमूह उमड़ आया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि नए वर्ष पर सभी लोग अनुशासन में रहने का संकल्प लें। सभी एक दूसरे का सम्मान करें, प्रेम और भाईचारे के साथ रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि नए साल में समाजवादी पार्टी किसानों, नौजवानों, महिलाओं, पीडीए के हक और सम्मान के लिए लड़ाई जारी रखने का संकल्प लेती है। समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान और डॉ0 राममनोहर लोहिया के विचारों, नेताजी मुलायम सिंह यादव के बताए संघर्ष के रास्ते पर चलते हुए सभी के लिए न्याय, सम्मान और अधिकार दिलाने की लड़ाई लड़ती रहेगी। समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यों के प्रति जनता का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाकर न्याय और विकास के मार्ग को प्रशस्त करना है। 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा का सत्ता से बाहर जाना तय है। पीडीए के लोग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की अपनी सरकार बनाएंगे। पीडीए की सरकार में कोई भी पीडीए के अधिकारों को नहीं छीन पाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए की बढ़ती ताकत से भाजपा घबराई हुई है। भाजपा साजिश और षडयंत्र रचती रहती है। भाजपा विचार शून्य और खोखली पार्टी है। सत्ता का दुरुपयोग करती है। संविधान को नहीं मानती है। भाजपा लोकतंत्र की हत्या करने के लिए पुलिस का अनुचित इस्तेमाल करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विकास और जनहित के काम के मामले में कभी समाजवादी पार्टी का मुकाबला नहीं कर सकती है। भाजपा सिर्फ नफरत फैला सकती है और भेदभाव करती है। समाजवादी पार्टी की सरकार में हमने 2013 में कुंभ का शानदार आयोजन किया था। वह कुंभ गंगा-जमुनी संस्कृति का उदाहरण बना था। उसकी पूरी दुनिया में सराहना हुई थी। विश्व विख्यात हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने समाजवादी पार्टी की सरकार के समय हुए कुंभ आयोजन की तारीफ की थी। कन्नौज के महादानी सम्राट हर्षवर्धन ने भी शानदार महाकुंभ का आयोजन किया था। वे कुंभ में दान करते थे। समाजवादी पार्टी की सरकार में कुंभ क्षेत्र में महादानी सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा फिर से लगाएंगे। अखिलेश यादव ने कुंभ में स्नान, दानकर श्रद्धालु पुण्य अर्जित करते है। कुंभ की परम्परा में निमंत्रण नहीं दिया जाता है। श्रद्धालु स्वयं और स्वतः प्रेरणा से प्रयागराज आकर कुंभ में स्नान दर्शन कर पुण्य अर्जित करते हैं। अखिलेश यादव से मिलकर नववर्ष की बधाई देने वाले प्रमुख लोगों में नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद श्री लाल बिहारी यादव, पूर्व नेता विरोधी दल विधानसभा राम गोविन्द चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, सांसद नरेश उत्तम पटेल, सांसद आरके चौधरी, नीरज मौर्य, दुर्गा प्रसाद यादव, मोहम्मद अजफल मु0 इस्लामुद्दीन एडवोकेट, लता जायसवार, फरहाना, विनीत यादव, अमित यादव, दीपू श्रीवास्तव, अरुण यादव, ज्योत्सना सिंह, सीमा यादव, ममता शर्मा, समेत हजारों की संख्या में नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की स्मृति में शहीद एक्सप्रेस बस सेवा का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने आज लखनऊ के बुद्धेश्वर चौराहा से देवरिया जिले के लिए संचालित होने वाली शहीद एक्सप्रेस साधारण बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सेवा कैप्टन अंशुमान सिंह की स्मृति में शुरू की गई है, जो सियाचिन ग्लेशियर में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। यह बस प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे आलमबाग बस अड्डे से रवाना होगी और बरडीहा, वाया गोरखपुर-देवरिया लार रोड होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेगी। 406 किलोमीटर की इस यात्रा का किराया 585 निर्धारित किया गया है। यह बस बरडीहा से सुबह 7.00 बजे रवाना होकर शाम 4.30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। शुभारंभ के अवसर पर परिवहन मंत्री ने बुद्धेश्वर स्थित शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, कैप्टन अंशुमान सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना साथी जवानों की जान बचाई। उनका बलिदान हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। मंत्री ने बताया कि भविष्य में इस बस सेवा का संचालन कानपुर से भी शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह सेवा न केवल एक सुविधा है, बल्कि शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की अमर स्मृति को जीवंत रखने का प्रयास भी है। मंत्री ने कहा कि शहीदों की स्मृति में यह कदम युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंन्त्री संपूर्णानंद की जयंती मनाई गयी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंन्त्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल संपूर्णानंद की जयंती के अवसर पर ओसीआर परिसर में पूर्व नेता विधान परिषद विन्ध्यवासिनी कुमार व लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय सहित उपस्थित गणमान्य लोगो ने संपूर्णानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक पूर्व नेता विधान परिषद विन्ध्यवासिनी कुमार ने संपूर्णानंद जी के जीवन को सादगी पर्याय बताते हुए कहा कि संपूर्णानंद जी के पूरे जीवन काल से हमे सही मायनों में सच्चे समाजवाद की प्रेरणा मिलती है। संपूर्णानंद जी का पूरा जीवन सादगी एवं लेखनी को समर्पित था। इस अवसर पर रामाशीष राय ने कहा कि संपूर्णानंद जी के अनुसार समाज वाद का सही अभिप्राय यह है कि स्वयम के लिए कुछ भी संचित न किया जाय जो संचित हो उसे समाज को अर्पित कर दिया जाय।

कार्यक्रम में विधायक मोहान बृजेश रावत, अनुसूचित आयोग के सदस्य रमेश तूफानी, मान सिंह,पूर्व प्रशासनिक अधिकारी विमलेश श्रीवास्तव, कमल ज्योति के संपादक राजकुमार, सेल टैक्स बार के पूर्व अध्यक्ष परितोष शर्मा, डा हृदेश बिहारी, चेत नारायणजी,अरुण सिंह, एड विश्वेष कुमार, एड देवेश कुमार, एड विकर्ष, किशन कुमार, डा अमित दिवेदी, विनीत यादव, विवेक श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, सहित उपस्थित गणमान्य लोगो ने संपूर्णानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने विचार रखे।

## महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर,स्वावलंबीः प्रियदर्शी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।**उत्तर प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था व्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करने के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में ग्राम्य विकास विभाग ने नये कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। गरीबों को पक्के मकान देने के साथ उन्हें आधारभूत सुविधाओं जैसे मुफ्त बिजली कनेक्शन, मुफ्त गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, आवास बनाने में प्रत्येक लाभार्थी को मनरेगा में 90৳95 दिनों की मजदूरी, हर घर नल से जल योजना, शौचालय आदि सुविधाओं से लैस किया गया है, वहीं मनरेगा जाब कार्ड धारकों को उनकी मांग के अनुरूप काम दिया जा रहा है। मनरेगा कन्वर्जेंस से विभिन्न विभागों की योजनाओ का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। महिलाओं की आमदनी बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर, स्वावलंबी व लखपति दीदी बनाने की रफ्तार बहुत तेज है।प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत 36.60 पात्र लोगों को पक्के मकान दिए गए हैं, मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 3.51 लाख लाभार्थियों को आवास दिए गए हैं।गत वर्षों में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों के लिए ग्राम्य विकास विभाग ने जमकर वाहवाही लूटी है,और ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के ग्राम्य विकास विभाग को कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया है।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक का इस्तेमाल सबसे पहले उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है, इस माडल का अनुकरण करने के लिए देश के तमाम राज्यों के प्रतिनिधि अधिकारी अध्ययन व अवलोकन करने उत्तर प्रदेश आ चुके हैं और यहां से सीख लेकर अन्य कई राज्यों में इस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इस तकनीक का प्रयोग करके उत्तर प्रदेश ने करोड़ रुपए की बचत की है।प्रदेश में ग्राम्य विकास संस्थानो द्वारा इस वर्ष अब तक 5069 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते हुए 01लाख 37 हजार से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रदेश में अब तक 39556 बी सी सखियों द्वारा 31103 करोड़ रुपए का वित्तीय लेनदेन करते हुए 84.38 करोड़ का लाभांश अर्जित किया गया है। 11616 विद्युत सखियों द्वारा 1329करोड़ से अधिक का विद्युत बिल कलेक्शन करते हुए लगभग 18 करोड़ रुपए का कमीशन अर्जित किया गया है। विद्युत सखियों द्वारा गत वर्ष के सापेक्ष तिगुना अधिक कलेक्शन किया गया है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत वर्ष औसतन 25 करोड़ प्रतिमाह का कलेक्शन था और इस वर्ष औसतन 80 करोड़ प्रतिमाह कलेक्शन किया गया है, इसके अलावा विद्युत विभाग ओटीएस योजना में भी विद्युत सखियों द्वारा कमाल का काम किया गया है।मनरेगा में उत्तर प्रदेश, देश में कई बिन्दुओं,कार्यक्रमों में पहले पायदान पर है। चालू वर्ष में 25.20 करोड़ मानव दिवस सृजित करते हुए उत्तर प्रदेश मानव दिवस सृजन में देश में टाप पर है।वर्ष 2024-25 में मनरेगा में 9684 करोड़ से अधिक धनराशि व्यय की गयी है, मनरेगा में वित्तीय प्रगति में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।

संक्षिप्त खबरें

## अमीनाबाद पुलिस के हत्थे चढ़ी 2 शातिर चोरनी



**लखनऊ।** मध्य क्षेत्र के थाना अमीनाबाद पुलिस को वादिनी शहनाज बनो निवासी पता 157,27,गौस नगर रकाबगंज थाना वजीरगंज लखनऊ, द्वारा कुमार टेंडर्स गणेशगंज अमीनाबाद लखनऊ की दुकान से 2 अज्ञात महिला द्वारा 2 तोले सोने का हार चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया,जिसकी विवेचना बेचूं यादव कर रहे थे, कि मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तागण 1 शबाना बानो निवासी कडिया सासी थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश,2 सोनिया निवासी कडिया सासी थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश, चोरी के सामान एक हार पीली धातु वजन 18,600, ग्राम बरामद किया, इसी क्रम में, डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की काई टीमें लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है,जिसमें आज थाना अमीनाबाद प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद, नेतृत्व में पुलिस ने अभियुक्तागण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## इंदिरानगर, राजाजीपुरम व अहिबरनपुर में आज बिजली गुल रहेगी

**लखनऊ।** राजधानी में गुरुवार को इंदिरानगर, राजाजीपुरम, अहिबरनपुर, महानगर सहित कई इलाकों में बिजली सप्लाई गुल रहेगी। इंदिरानगर सेक्टर-25 उपकेद्र के सेक्टर-21, 20 में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक आंशिक बिजली बंद रहेगी। इटौंजा में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। राजाजीपुरम ओल्ड उपकेंद्र के सी-ब्लॉक में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक आंशिक बिजली बंद रहेगी। अहिबरनपुर उपकेंद्र के ब्रह्मनगर और शिवलोक फीडर में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक आंशिक बिजली गुल रहेगी। महानगर सुभाष पार्क उपकेंद्र सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान पांडेय टोला, महानगर विस्तार सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे।

## कड़ाके की ठंड में छावनी वासियों को मिला रैन बसेरा

**लखनऊ।** कड़ाके की ठंड में छावनी वासियों को नए साल पर रैन बसेरा का तोहफा डिप्टी सीएम ने दिया है। रैन बसेरा का शुभारम्भ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसजित बेड कंबल सहित रैन बसेरा स्थापित किया गया है। रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से छावनी परिषद के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा और मुख्य अधिशाषी अधिकारी अभिषेक राठौर समेत पूर्व पदाधिकारियों की मौजूदगी में रैन बसेरे की शुरुआत की गई। इस दौरान डिप्टी सीएम ने ने गरीब और असहाय लोगों को कंबल व गरम टोपी के अलावा फल बांटे। इसी क्रम में प्रमोद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में आये उपमुख्यमंत्री और मुख्य अधिशासी अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## किशोरी से दुष्कर्म कर भागा आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म कर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। किशोरी के बयान के आधार पर पूर्व में दर्ज मुकदमे में गैंगरेप की धारा भी बढ़ाई गई है। एसओ भरत पाठक ने बताया कि कमता निवासी पिता ने 12 वर्षीय बेटी के लापता होने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसे पुलिस ने तलाश लिया। घर लौटने के बाद किशोरी ने बताया कि कुशीनगर निवासी रंजीत पासवान ने उसे फोन कर बुलाया था। अरविंदो पार्क पहुंचने पर मेट्रो से हजरतगंज ले गया। वहां एक होटल में दुराचार किया। विरोध करने पर धमकी दी थी। 19 नवंबर को किशोरी के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद से रंजीत फरार था। एसओ भरत ने बताया कि सर्विलांस की मदद से रंजीत को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। किशोरी ने रंजीत के साथ एक अन्य युवक के भी दुष्कर्म करने की बात कही है। जिसके आधार पर गैंगरेप की धारा बढ़ाते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## दिल्ली की चार समेत 6 फ्लाइटें निरस्त, 13 लेट हुईं

**लखनऊ।** कोहरे और खराब मौसम की वजह से विमान सेवाएं साल के पहले ही दिन लड़खड़ा गईं। लखनऊ से कुल 6 फ्लाइटें कैंसिल रहीं। इनमें दिल्ली की 4 फ्लाइटें शामिल हैं। इसके अलावा करीब 13 आने जाने वाली फ्लाइटें लेट हुईं। फ्लाइटें निरस्त और लेट होने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा। यात्री तो समय से एयरपोर्ट पहुंच गए लेकिन यहां पता चला कि जिससे जाना है वह फ्लाइट भी लखनऊ ही नहीं उतरी है। सुबह के वक्त टर्मिनल-3 का प्रस्थान हॉल यात्रियों से भर गया। यात्री तो समय पर आते जा रहे थे लेकिन कई फ्लाइटों का अतापता तक नहीं था। एयरलाइंस सूत्रों के अनुसार छोटे एयरपोर्टों से आने वाली कई फ्लाइटें कोहरे की वजह से समय पर नहीं उड़ पाईं। यही फ्लाइटें आगे दूसरे नम्बर से बड़े एयरपोर्टों को कनेक्ट करती हैं। सोमवार को लखनऊ से सुबह 7:55 बजे जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स 1101 निरस्त रही। चंडीगढ़ की फ्लाइट 6 ई 7939 भी निरस्त रही। यह 16:45 बजे रवाना होती है। दिल्ली की ही एक और फ्लाइट 6 ई 2318 जो 22:40 पर रवाना होती है, निरस्त रही। इसी तरह आईएक्स 1552 दिल्ली लखनऊ, 6 ई 7935, 6ई 2058 भी निरस्त रहीं। इनके अलावा मुम्बई, बेंगेलुरू समेत कई इंटरनेशनल फ्लाइटें तय समय से आधा घंटे से लेकर तीन घंटे तक लेट हुईं।

## छह जनवरी तक जमा कर सकेंगे हज की दूसरी किस्त

**लखनऊ।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज 2025 यात्रा की किस्त जमा की तारीख बढ़ा दी है। हज के लिए चयनित यात्रियों को दूसरी किस्त 31 दिसम्बर तक जमा करनी थी। जिसमें बढ़ाकर अब छह जनवरी तक कर दिया गया है। हज यात्रियों को दूसरी किस्त के रूप में एक लाख 42 हजार रुपए करना है। इसके साथ ही हज प्रशिक्षक के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि को भी बढ़ाकर चार जनवरी कर दिया गया है।

## एकेटीयू: बीफार्मा में प्रवेश काउंसलिंग तीन से 24 तक

**लखनऊ।** एकेटीयू से संबद्ध संस्थानों के बीफार्मा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। चार चरणों में होने वाली यह काउंसलिंग तीनसे 24 जनवरी तक चलेगी। पहले चरण की काउंसलिंग तीन जनवरी से शुरू होगी। ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग और लॉकिंग तीन से पांच जनवरी तक चलेगी। जबकि सीट आवंटन सात जनवरी को किया जाएगा। वहीं ऑनलाइन विलिंगनेस फ्रीज और फ्लोट सात से आठ जनवरी के बीच होगा। दूसरे चरण की काउंसलिंग नौ से 14 जनवरी तक होगी। नौ से 11 जनवरी तक ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग अल्टरेशन और लॉकिंग होगी। सीट आवंटन 13 जनवरी को किया जाएगा। ऑनलाइन रिफंड 13 से 14 जनवरी तक होगा। तीसरे चरण की काउंसलिंग 15 से 19 जनवरी तक चलेगी। जिसमें सीट आवंटन 17 जनवरी को किया जाएगा। चौथे और अंतिम चरण की काउंसलिंग 20 जनवरी को सीट अलॉटमेंट से होगी। अभ्यर्थियों को आवंटित संस्थान में 22 से 24 जनवरी तक फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। काउंसलिंग समन्वयक प्रो ओपी सिंह के नेतृत्व में काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## 05 जनवरी को प्रयागराज में होगी बिजली पंचायत

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आज साल के पहले दिन बिजली कर्मचारियों ने बिजली के निजीकरण के विरोध में लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में काली पट्टी बांध कर काला दिवस मनाया। बिजली कर्मचारियों ने भोजनावकाश में मानव श्रृंखला बनाकर निजीकरण के विरोध में एकजुटता का परिचय दिया। 05 जनवरी को प्रयागराज में बिजली पंचायत होगी। नये वर्ष के पहले दिन बिजली कर्मचारियों ने उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक एवं पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक का सामाजिक बहिष्कार किया और कोई भी बिजली कर्मी इन्हें नव वर्ष की बधाई देने नहीं गया।

# सिरफिरे बेटे ने मां और चार बहनों को मार डाला

### नए साल के पहले दिन हत्याकांड से दहला लखनऊ, होटल में दिया खौफनाक वारदात को अंजाम

लोकमित्र ब्यूरो



मां आसमां (46 साल) | बेटी आलिया (9 साल) | बेटी अक्सा (16 साल) | बेटी अल्शिफा (19 साल) | बेटी राहीमीन (18 साल)

**लखनऊ।** नए साल के पहले दिन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ एक दिल दहला देने वाली घटना का गवाह बनी। एक सिरफिरे बेटे ने अपनी मां और चार बहनों की बेरहमी से हत्या कर दी। खौफनाक वारदात एक होटल में अंजाम दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पूछताछ जारी है।

30 दिसंबर को परिवार ने होटल शरणजीत में कमरा किराए पर लिया। सोमवार सुबह होटल स्टाफ ने जब कमरे में बिखरी पांच लाशें देखीं तो उनकी चीख निकल गई। फौरन इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। आरोपी भी उस वक्त कमरे में ही मौजूद था। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फिर आरोपी ने हत्याकांड की पूरी कहानी सुनानी शुरू की।

आरोपी का नाम अरशद है। मृतकों में अरशद की मां अस्मा और चार बहनें आलिया (उम्र 9 वर्ष), अल्शिया (उम्र 19 वर्ष), अक्सा (उम्र 16 वर्ष) और रहमीन (उम्र 18 वर्ष) शामिल हैं। वहीं, अरशद के पिता फिलहाल मौके से फरार हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वो भी इस हत्याकांड में शामिल हो सकते हैं। पुलिस की टीम अरशद के पिता की तलाश में जुटी है।

**हाथ-गले पर हमले के निशान**

जॉइन्ट सीपी बबलू कुमार ने बताया- अरशद ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। उसे आगे की पूछताछ जारी है। होटल शरणजीत के स्टाफ ने हमें हत्याकांड की सूचना दी थी। आरोपी अरशद के पिता को भी ढूंढा जा रहा है। हो सकता है कि उनका भी इस हत्याकांड में कोई हाथ हो। जब अरशद के पिता की गिरफ्तारी होगी, तभी इस बात की पुष्टि हो पाएगी। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल से सभी सबूत इकट्ठा कर लिए हैं। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। सभी के हाथ और गले पर धारधार हथियार से हमले के निशान मिले हैं।

### मशहूर होना चाहता था हत्यारा

नाका स्थित होटल शरणजीत में मां और चार बहनों की हत्या के आरोपी अरशद ने सबको मौत की नींद सुलाने के बाद छह मिनट 54 सेकंड का वीडियो बनाया। वीडियो में अरशद ने कहा कि बस्ती वालों की वजह से उसने परिवार की हत्या की है। बस्ती वालों ने घर छीनने की कोशिश की। बहुत लोगों से मदद मांगी, लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। सरकार मेरे घर पर मंदिर बनाए। मकान के भीतर मौजूद सामान अनाथालय में दिया जाए। बस्ती वालों के कारण हम फुटपाथ पर सो रहे हैं और ठंड में भटक रहे हैं। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक वीडियो में अरशद ने कुछ लोगों पर घर कब्जाने का आरोप लगाया है। आरोपी ने नौ लोगों के नाम भी लिए हैं। वीडियो में अरशद बोल रहा है कि परिवार की मौत के जिम्मेदार बस्ती वाले हैं। बस्ती के कुछ लोग उसकी बहनों को हैदराबाद में बेचना चाह रहे थे। आरोपी का कहना है कि उसे और उसके पिता को बस्ती वाले जेल भिजवाना चाह रहे थे, ताकि उसकी बहनों को बेच सकें। ऐसा न हो, इसलिए उसने पिता के साथ मिलकर मां और बहनों की हत्या कर दी।

अरशद ने वीडियो में परिजनों के शव भी दिखाए। बोला, मैंने मां और बहनों को मारा है। इनके हाथ की नसें काटी हैं। पुलिस के अलावा कई नेताओं से मदद मांगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। मेरा परिवार बदायूं में रहता है। लोग झूठे आरोप लगा रहे थे कि हम लोग बांग्लादेशी हैं। बदायूं में हमारी ताई रहती हैं। वहां पर हमारे परिवार का ब्योरा मिल जाएगा। आरोपी अरशद फेमस होना चाहता था। इसके लिए मां और बहनों की हत्या के बाद उसने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर पोस्ट कर दिया। पुलिस ने चार घंटे तक आरोपी से पूछताछ की। इस दौरान वह बार-बार सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट पर क्या रिएक्शन आ रहे हैं, इसकी जानकारी मांगता रहा। अरशद ने वीडियो में कहा था कि सुबह तक वह भी जिंदा नहीं रहेगा। हालांकि, सुबह उसने पुलिस के पास जाकर सरेंडर कर दिया। माना जा रहा है कि आरोपी ने सहानुभूति के लिए वीडियो बनाया था। आरोपी ने कहा कि बस्ती वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

पारिवारिक कलह वजह?

मामला थाना नाका थानाक्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, होटल शरणजीत में अरशद नाम के युवक ने अपनी मां और चार बहनों की हत्या कर दी। हत्या करने की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही है। आरोपी अरशद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने हत्या करने का कारण पारिवारिक कलह बताया है। हालांकि सच क्या है। इसकी जांच अभी पुलिस कर रही है।

**डीसीपी रवीना का बयान**

डीसीपी रवीना त्यागी ने कहा, 'आज होटल शरणजीत के एक कमरे में पांच लोगों के शव मिले। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आगरा निवासी करीब 24 वर्षीय अरशद नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती पूछताछ में ही उसने हत्या की बात कुबूल की। उसने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते उसने अपनी चार बहनों और मां की हत्या कर दी। होटल वालों से भी पूछताछ की जा रही है। आगे की जांच जारी है।'

# सड़क हादसे में एसयूवी चला रहे युवक की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ओवरटेक करने के चक्कर में एक्सीडेंट हो गया। हादसे में दो लोग गंभीर घायल हो गए। इन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। यह हादसा शहीद पथ पर हुआ। जानकारी के मुताबिक, सुशांत गोल्फ सिटी में टेंडर पॉम हास्पिटल के सामने मंगलवार रात ओवरटेक कर रही एसयूवी कार से टकरा गई। इसके बाद बेकाबू एसयूवी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एसयूवी ड्राइवर महेंद्र रावत (32) की मौत हो गई है। वहीं, गोसाईगंज के अमेठी कस्बा निवासी अश्वनी रावत, दोस्त अकील व धर्मपाल घायल हो गए। सभी का इलाज चल रहा है। अश्विनी रावत प्लाटिंग का काम करते हैं। मंगलवार शाम वह अकील, धर्मपाल व चालक महेंद्र रावत के साथ एसयूवी से नए साल की पार्टी में शामिल होने गए थे। रात को करीब 11 बजे दो कारों से सभी लौट रहे थे। रास्ते में दो दोस्तों के बीच रेसिंग शुरू हो गई। इसी दौरान ओवरटेक करते समय महेंद्र की कार बेकाबू हो गई और आगे चल रही एक कार से जोरदार टक्कर हो गई। इससे एसयूवी डिवाइडर से टकराई और पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने किसी तरह से एसयूवी में फंसे अश्वनी,अकील, धर्मपाल और महेंद्र को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचया। जहां महेंद्र को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाकी तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत, एलडीए अलीगंज ने शानदार प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चौक स्टेडियम में सातवें हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व मंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य आयोजकों में महेश चंद्र वाल्मीकि, मोहम्मद नदीम और देव वर्मा मौजूद रहे। पहला मैच एलडीए अलीगंज और लखनऊ यूथ क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में एलडीए अलीगंज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ यूथ क्लब को 5-2 से हराया। एलडीए अलीगंज की ओर से अमन पांडे ने 22वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद उत्कर्ष पटेल ने 31वें मिनट में गोल कर बढ़त बनाई। प्रियांशु कुमार ने 36वें और 47वें मिनट में दो गोल किए, जबकि प्रियांशु वर्मा ने भी 47वें मिनट में एक गोल किया। लखनऊ यूथ क्लब की ओर से अमर ने टीम को मुकाबले में बनाए रखने के लिए 9वें और 16वें मिनट में गोल किए, लेकिन टीम को हार से बचा नहीं सके। दूसरे मैच में लिफा क्लब ने डीसीए क्लब को 5-0 से हराकर अपना दबदबा कायम किया। लिफा क्लब की ओर से राजवीर ने हैट्रिक लगाई। उन्होंने 13वें, 17वें और 40वें मिनट में गोल किए। इसके अलावा यूसुफ ने 31वें मिनट में और शोभित ने 50वें मिनट में गोल कर टीम को एकतरफा जीत दिलाई।

## जीएसटी चोरी रोकने के लिए हर जोन में एक और टीम लगेगी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** ई-वे-बिल के बिना पकड़ी गई चार पान मसाला गाड़ियों के बाद राज्यकर विभाग अब और सख्ती बरतने जा रहा है। टैक्स चोरों पर नजर रखने के लिए हर जोन में एक और टीम बनाई जाएगी। इसमें 10 से 12 अधिकारी होंगे। राज्यकर मुख्यालय स्तर से इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। माना जा रहा है यह टीम जल्द ही नजर आने लगेगी।

राज्यकर विभाग टैक्स चोरी रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सचल दल के साथ ही विशेष अनुसंधान इकाइयों को इसके लिए निर्देश दिया जा चुका है। इसके बाद भी चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। पिछले दिनों अभी कानपुर से चार गाड़ियां बिना ई-वे-बिल लिए ही निकली और लखनऊ पहुंच गई। लखनऊ में जांच के दौरान गड़बड़ी पाए जाने के बाद चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया।

इसीलिए अब नई व्यवस्था की जा रही है, जिससे चोरी पर रोक लगाई जा सके। पान मसाला, गुटखा और तंबाकू समेत अन्य संवेदनशील उत्पादों में एक ई-वे-बिल पर माल भेजकर चोरी का खेल सामने आया है। प्रदेश सरकार ने इसी साल उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी है। इसके तहत संवेदनशील उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को अपनी मशीनों का पंजीकरण राज्यकर में कराना अनिवार्य किया गया है।

हर मशीन के उत्पाद का विवरण भी देना अनिवार्य किया गया है। पंजीकरण न कराने पर एक लाख रुपये का जुर्माना रखा गया है। इसीलिए अब तय किया गया है कि विशेष टीमें बनाकर कैमरे के साथ तैनात की जाएं और गड़बड़ी मिलने पर जुर्माने की वसूली शुरू की जाए।

# अस्पताल संचालक चला रहा बच्चा चोरी गैंग

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की गुडंबा पुलिस ने बच्चे चोरी करके बेचने वाले गैंग को गिरफ्तार किया है। गैंग का मास्टरमाइंट अस्पताल संचालक है। गैंग में शामिल लोग उसके कर्मचारी हैं। गैंग गरीब परिवार को पहले पैसे का लालच देकर उससे बच्चा लेने का प्रयास करता था। बात न बनने पर बच्चा चोरी करके बेच देते थे। अस्पताल के संचालक डॉक्टर भुनेश्वर यादव और लक्ष्मी सिंह हैं। पुलिस गैंग अन्य लोगों को तलाश कर रही है। निजामपुर मल्लौहर की रहने वाली आरती कनौजिया पत्नी रामचंद्र कनौजिया मौजूदा समय में अहिन्दर माल में रहती हैं। आरती ने रविवार को माल स्थित लक्ष्मी क्लिनिक में एक लड़के को जन्म दिया था। अस्पताल में एक कर्मचारी ओमवीर यादव और श्यामा कुमारी काम करते हैं। डिलीवरी के बाद अस्पताल के संचालक व कर्मचारी बेटे को दे नहीं रहे थे। आरती से बोला कि तुम्हारे पहले से बच्चे हैं, इसलिए इस लड़के को किसी जरूरतमंद को देंगे। काफी मिन्नतों के बाद आरती को उसका बच्चा वापस किया गया। आरती बच्चे को लेकर घर वापस चली गई, लेकिन ये सब उसके पीछे लग गए। सोमवार को आरती अपने बच्चे को दिखाने दोपहर 12 बजे टेढ़ी पुलिया स्थित प्राइवेट अस्पताल में दिखाने जा रही थी। रास्ते में श्यामा कुमारी मिल गई। श्यामा क्लीनिक में काम करती है। उसने बच्चे को अपने परिचित डॉक्टर को दिखाने की बात कही। रास्ते मै आरती को टॉयलेट लगी तो वो बच्चे को श्यामा को देकर कर टॉयलेट चली गई। वहां से वापस लौटने पर श्यामा और बच्चा नहीं मिले। काफी तलाशने के बाद भी वो नहीं मिले तो आरती घर वापस लौट गई। इस दौरान पुलिस मंगलवार को गुडंबा थाने पर मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि मौर्या भट्टे के पास बच्चा चोर गैंग खरीद-फरोख्त करने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर टीम रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर देखा कि कुछ लोग पैसे लेकर बच्चे का सौदा कर रहे हैं। तभी पुलिस ने गैंग के बरुआ पोस्ट थावर माल निवासी मुनेश्वर पुत्र मथुरा, लक्ष्मनखेड़ा पोस्ट कसमंडी मलिहाबाद निवासी ओमवीर पुत्र कालीचरन को हिरासत में लिया। दोनों के पास 1 लाख 99 हजार रूपए नगद बरामद हुए। ये दोनों नवजात बच्चे को खरीदकर अधिक दाम पर बेचने के योजना बनाए हुए थे। पूछताछ के बाद महिगवां निवासी श्यामा कुमारी पत्नी रविंद्र रावत और माल निवासी लक्ष्मी सिंह पत्नी बेडब्ब सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बच्चे चोरी करके बेचने का गैंग चलाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के पास बच्चा बरामद करके चाइल्ड लाइन को सौंप दिया। आरोपियों से अन्य घटनाओं के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। अब कितनों बच्चों को इन्होंने गायब करके बेच दिया। आरती ने एक वीडियो देखा जिसमें एक बच्चा चोरी होने की बात सामने आ रही थी। इस पर गुडंबा थाने पहुंची। वहां पर बच्चे की फोटो देखकर पहचान की। हालांकि बच्चे को चाइल्ड लाइन में सौंप दिया था। महिला ने बताया कि अस्पताल के संचालकों ने पहले लालच दिया। उनकी बातों में न आने पर बच्चा ही गायब करवा दिया।

## उपभोक्ता परिषद ने लिया संकल्प, भ्रष्टाचार पर सीधे बर्खास्तगी का प्रस्ताव होगा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफसे नए वर्ष में यह संकल्प लिया गया है की दक्षिणांचल व पूर्वांचल को बिना निजीकरण के वर्तमान सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार मुक्त एक आत्मनिर्भर सुधार मॉडल बनाने की कार्य योजना जल्द ही उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग में दाखिल करेगा। जिसमें भ्रष्टाचार पर केवल 15 दिन में सीधे बर्खास्तगी सहित सख्त कानूनी बदलाव प्रस्तावित किया जाएगा। उपभोक्ता परिषद ने कहा वर्तमान में पूर्वांचल दक्षिणांचल सहित सभी बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2025-26 की दाखिल की जा चुकी है। ऐसे में दोनों बिजली कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो मसौदा आयोग में प्रस्तुत किया जाएगा उसमें वर्ष 2025-26 के वार्षिक राज्य आवश्यकता के घाटे के आकलन पर आधारित होगा कानून के तहत वर्ष 2025 26 का वार्षिक राजस्व आवश्यकता दाखिल किया चुका है। इसलिए अप्रैल 2026 तक कानून दोनों बिजली कंपनियों को पीपीपी मॉडल में नहीं दिया जा सकता विद्युत नियामक आयोग ने भी वार्षिक राजस्व आवश्यकता पर कार्यवाही शुरू कर दी है। बहुत जल्दी डिफिशिएंसी नोट जारी होने की उम्मीद है इसलिए उसको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्म ने कहा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम ने जहां 2025-26 के लिए कल 28120 करोड की वार्षिक राजस्व आवश्यकता दाखिल की है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने 23009 करोड की वार्षिक राजस्व आवश्यक ता दाखिल की है। इस प्रकार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का जो कुल गैप सब्सिडी को जोडते हुए वर्ष 2025-26 के लिए निकाला गया है वह 2988 करोड है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का कुल गैप यानी घाटा लगभग 2437 करोड है जिसको मुख्य आधार मानकर आत्मनिर्भर प्रस्ताव बनाया जा रहा है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को वर्ष 2025-26 में लगभग 21456 करोड की केवल बिजली खरीदनी है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को भी लगभग 16889 करोड की बिजली खरीदनी है सभी पहलुओं पर गंभीरता से अध्ययन कर ऐसा मॉडल तैयार किया जाएगा। जो वित्तीय तकनीकी पहलुओं पर पूरी तरीके से मानक पर खरा उतरेगा। जिसके आधार पर विद्युत नियामक आयोग को या संतुष्ट कराया जाएगा कि यह मॉडल लागू करने के बाद दोनों निगम स्वत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर होंगे। इसका व्यापक लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा।

## डीसीपी नॉर्थ से मिले व्यापारी,सुरक्षा के लिए बाजारों में गश्त बढ़ाने की मांग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आदर्श व्यापारी एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को नवनियुक्त डीसीपी नॉर्थ संकल्प शर्मा से उनके कार्यालय में मिला। इस अवसर पर संगठन ने उन्हें नव वर्ष और नई नियुक्ति की शुभकामनाएं दीं। व्यापारियों ने पुष्पगुच्छ व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ के प्रमुख बाजारों में पुलिस गश्त और पेट्रोलिंग की कमी का मुद्दा उठाया। पदाधिकारियों ने कहा कि ठंड और कोहरे के कारण बाजारों में सुरक्षा बढ़ाने की जरूर है। इससे सर्राफा व्यापारी सुरक्षित महसूस कर सकेंगे। संगठन ने हर महीने एसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ सर्राफा व्यापारियों की बैठक आयोजित करने की मांग की। इसके साथ ही बाजारों में पुलिस गश्त और पिकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## केजीएमयू में सर्वर डाउन, ओपीडी में हंगामे से अफरातफरी

**दिल्ली में एनआईसी के सर्वर रूम में आग से केजीएमयू में प्रभावित हुआ कामः ओपीडी में ऑफलाइन पंजीकरण हुए**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केजीएमयू में बुधवार को सुबह से सर्वर डाउन रहा। इसकी वजह से ओपीडी पंजीकरण प्रभावित हो गया। मरीजों का दबाव अधिक था। नतीजतन न्यू व ओल्ड ओपीडी ब्लॉक में अफरा-तफरी मच गई। लारी कॉर्डियोलॉजी व क्वीनमेरी में ओपीडी पंजीकरण ठप रहा। नाराज तीमारदारों ने हंगामा किया। केजीएमयू में प्रतिदिन सात से आठ हजार मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। सुबह आठ बजे से मरीजों का पर्चा बनाया जाता है। नौ बजे से ओपीडी शुरू होती है। बुधवार को सर्दी में कतार में लगे मरीजों का जब 10 बजे तक पर्चे नहीं बना तो हंगामा शुरू कर किया। इसके बाद केजीएमयू प्रशासन ने ऑफलाइन ओपीडी पंजीकरण शुरू किया। इसके बाद मरीजों ने राहत की सांस ली। इसके बाद रिपोर्ट लेने व शुल्क जमा करने वालों की कतार में अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों के निर्देश पर कुछ देर बाद जांच का शुल्क ऑफलाइन जमा करने की कार्रवाई शुरू की गई। रिपोर्ट के लिए मरीजों को कुछ समय का इंतजार करने के लिए कहा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद तीमारदार और कर्मचारी शांत हुए।केजीएमयू अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली स्थित एनआईसी के सर्वर में आग लगने की घटना हो गई है। इसकी वजह से सर्वर डाउन रहा। हालांकि दोपहर तक सर्वर की गड़बड़ी दूर कर ली गई। प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि दोपहर में सभी प्रकार की ऑनलाइन सेवाएं बहाल कर दी गईं।

संक्षिप्त खबरें

### ग्लोबल वस्त्रालय का पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक कुमार शुक्ला ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**मोहम्मदी-खीरी।** नगर में शुक्लापुर रोड निकट राजा वाली पुलिया डिवाइडर के पास नव वर्ष के अवसर पर ग्लोबल वस्त्रालय (कपड़े की दुकान) का उद्घाटन पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक कुमार शुक्ला ने फीता काट कर किया ग्लोबल वस्त्रालय पर लेडीज सूट, ड्रेस मटेरियल, साड़ी, पेंट शर्ट,फैंसी दुपट्टा स्टॉल आदि उचित रेट पर उपलब्ध हैं।ग्लोबल वस्त्रालय के उद्घाटन के अवसर पर प्रोपराइटर तनवीर दानिश, जावेद अंसारी, खुर्शीद आलम, व कमरुज्जमा,रहीश खा, मुशीर, डॉ तौफ़ीक, फैजान,दानिश, वहीद, मुजम्मिलसहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पीलीभीत बस्ती हाईवे पर भीषण सड़क हादसा,चार घायल



**खमरिया-खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के पीलीभीत बस्ती हाईवे पर स्थित शारदा नदी के ऐरा पुल के निकट साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पलट गई जहां साइकिल सवार के चपेट में आने के कारण साइकिल सवार सहित स्कार्पियो सवार तीन लोग जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया इलाज के लिए भेज दिया। घटना के पीछे तेज रफ्तार कारण बताया जा रहा है। घायल साइकिल सवार गोबिंद कुमार थाना क्षेत्र के मडवा गांव का निवासी है।

### सातवें ताइक्कांडो स्पर्धा में हर्षिता सिंह ने बड़ी जीत हासिल की

**जौनपुर।** इण्डियन ताइक्कांडो यूनियन के जौनपुर शाहगंज के आर.एन .टैगोर स्कूल में आयोजित सातवें राष्ट्रीय स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में शाहगंज क्षेत्र की सेंट थॉमस रोड़ निवासी दत्त चिकित्सा डॉ.वीर विक्रम सिंह की बहन हर्षिता सिंह प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता हासिल की।जीत हासिल करने पर कोच दिनेश चौधरी सहित खिलाड़ी में सारांश यादव, प्रभा पाण्डेय, राम तिवारी, श्याम तिवारी, आदि को बधाई दी।
जीत के बाद हर्षिता सिंह के घर आने पर परिवार में भाभी रूशाली सिंह ने तिलक लगा कर आरती कर के स्वागत किया। पिता डॉ. विनीत कुमार सिंह, माता सरोज सिंह , भाई डॉ. वीर विक्रम सिंह, बहन सौम्या सिंह ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ जेसीआई शाहगंज सीटी की अध्यक्ष दीपा सेठ, लायंस क्लब शाहगंज स्टार के अध्यक्ष मनीष अग्रहरि, संस्कार भारती के अध्यक्ष रचित चौरसिया, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष गीता जायसवाल, समाज सेवी विश्वनाथ अग्रहरि उर्फ विशु, आर्या अग्रहरि सहित नगर के सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने हर्षिता सिंह बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# जिलाधिकारी ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

- गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों व मुसाफिरों को डीएम ने बांटा कम्बल
- नगर क्षेत्र का भ्रमण कर अलाव व्यवस्था का लिया जायज़ा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह के संग मंगलवार को देर रात्रि नगर क्षेत्र अन्तर्गत रोडवेज़ बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन के सामने ओवर ब्रिज के नीचे स्थापित किए गए रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।
डीएम ने स्वयं न केवल रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को परखा बल्कि श्रमिकों, जरूरतमंदों को संवेदना की गरमाहट भी दी।
रैन बसेरे में ठहरे लोगों से बातचीत कर डीएम ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया। डीएम ने एक-एक कर सभी से बातकर सुविधाओं के बारे में पूछा। रैन बसेरे में सभी ने व्यवस्था को अच्छा बताया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने रात्रि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर नगर क्षेत्र में जलाये गये अलावों को देखा तथा इस दौरान रोडवेज़, रेलवे स्टेशन तथा संकटा देवी चौराहे पर गरीब मुसाफिरों, रिक्शा चालकों, जरूरतमंदो को कम्बल ओढ़ाया। ठंड से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डीएम ने अधिकारियों को जरूरतमंदों को कंबल वितरण पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां अभी तक जरूरतमंदों को कंबल प्राप्त न हो सके हो।
उन्हें अतिशीघ्र कंबल अवश्य प्रदान कराएं। इस अवसर पर एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार, तहसीलदार सुनील प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## इंटर कॉलेज महरिया में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**खमरिया-खीरी।** सीताराम मनवार पब्लिक इंटर कॉलेज महरिया लखीमपुर खीरी में आज नववर्ष 1 जनवरी 2025 को शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया।
सम्मेलन के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक श्री प्रेमसागर वर्मा ने कार्यक्रम को दीप प्रज्ज्वलन से प्रारम्भ किया। प्रधानाचार्य श्री श्रीराम मनवार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रत्येक अभिभावक से विद्यार्थियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। शिक्षकों ने बेहतरीन ढंग समस्याओं को हल करने के सुझाव दिये। अभिभावकों ने अपने बच्चों की पढ़ाई और उनके भविष्य के बारे में अपनी अभिव्यक्ति दी।
इस अवसर पर शिक्षक- शिक्षिकाएंव श्री कैलाश चंद्र पांडे, श्री रज्जन रस्तोगी, श्री संदीप वर्मा ,श्री उमाकांत शुक्ला, श्री आरके राज ,श्री कुंज बिहारी पाल, श्री रामू वर्मा,श्रीमती निर्मला यादव, श्रीमती सुमन कश्यप, श्री शिव कुमार पांडे, श्री अनुज कुमार, श्री पंकज साहू आदि उपस्थित रहे।

## लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने मनाया नया वर्ष

- नववर्ष स्वागत पर बेहतर कल के लिए दिलाया संकल्प
- एयर बाल बैलेंस प्रतियोगिता में प्रथम डा क्षितिज शर्मा, द्वितीय शत्रु धन मौर्य, तृतीय मदन गोपाल गुप्ता रहे


**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा नये साल का स्वागत समारोह उमंग हर्षोल्लास के साथ स्थान होटल रघुवंशी मे मनाया गया। इस अवसर पर बेहतर कल के लिए कई संकल्प दिलाये गये तथा कार्यक्रम में महिला पुरुष व बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीते। संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने लोगों का स्वागत करते हुए नये वर्ष की शुभकामनायें दिया। इस अवसर पर हौजी सहित कई गेम्स, प्रश्नोत्तरी, म्युजिकल चेयर, आदि प्रतियोगिता हुई, जिसमें कपल्स विजेता प्रथम सोना व अश्वनी बैंकर, द्वितीय मधु व मनोज चतुर्वेदी, तृतीय ज्योति व नीरज शाह रहे। एयर बाल बैलेंस प्रतियोगिता में प्रथम डा क्षितिज शर्मा, द्वितीय शत्रु धन मौर्य, तृतीय मदन गोपाल गुप्ता रहे। बच्चों की प्रतियोगिता में प्रथम हुसैन मुस्तफा, द्वितीय उदभव, तृतीय उत्कर्ष रहे जिन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि नए साल में एक हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने की कोशिश करें। सुबह जल्दी उठने की आदत डाले, समय पर खाना खाएं सही डाइट ले, पानी खूब पीये और समय पर ही सोने चले जाएं। तनाव मुक्त रहे, सैरध् व्यायामध्योग करें फिजिकल एक्टिव रहें। ऐसा करने से आपकी सभी बीमारियां स्वाहा हो जाएंगी और आप फिट रहेंगे।अरूण त्रिपाठी ने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होने और खुशहाल रहने के लिए संकल्प दिलाया कि आलस्य से दूर रहे, नकारात्मकता को त्यागे, अनुशासन को अपनाएं, स्वास्थ को प्राथमिकता दे, पौष्टिक आहार ले, व्यायाम करें, अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें, अहंकार और क्रोध से बचे व सत्य और धर्म का पालन करने का संकल्प दिलाया। डा मदन मोहन वर्मा ने कई गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा कहा कि नयी उमंगें, नया उत्साह, नया उल्लास नया हर्ष लेकर नव वर्ष आता है, ताकि आने वाले वर्ष में व्यक्ति अपने अधूरे कार्यों को पूरा कर सके। अन्त में केक काटकर नये वर्ष का स्वागत किया गया। और मधुर संगीत पर महिलाओं, पुरूषों ने डांस किया। आभार संयोजक परमजीत सिंह, मदन गोपाल गुप्ता व डा सुशील अग्रहरि ने व्यक्त किया।संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा व कविता वर्मा ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राम कुमार साहू, सुरेश चन्द्र गुप्ता, शकील अहमद, सोमेश्वर केसरवानी, संदीप गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, अमित पाण्डेय, लखन श्रीवास्तव, अशोक मौर्य, गोपी चन्द्र साहू, डा संजीव मौर्य, संजय सिंघानिया, अनिल वर्मा, रविन्दर कालरा, डा प्रकाशनि अग्रहरि, मिदहत फात्मा, हेमा श्रीवास्तव, गीता गुप्ता, नीलू सेठ, संगीता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# लेखपाल पर जर्मन शेफर्ड पालतू कुत्ता चोरी का आरोप

- 25,000 रुपए की कीमत का बताया जा रहा है पालतू कुत्ता
- बाइक पर बैठाते सीसीटीवी कैमरे में तस्वीरें हुई कैद

**लोकमित्र ब्यूरो**



**धौरहरा-खीरी।** तहसील धौरहरा के राजस्व विभाग को शर्मशार कर देने वाली एक घटना सामने आ रही है जहां तहसील में तैनात सतीश वर्मा लेखपाल पर पालतू कुत्ता चोरी का आरोप लगा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेजनपुरवा निवासी तैमूर ने आरोप लगाते हुए कहा लेखपाल सतीश ने मेरा पालतू कुत्ता जर्मन शेफर्ड जिसकी कीमत लगभग 25,000 कीमत का चोरी कर लिया है तैमूर के अनुसार रात्रि 9 बजे घर की रखवाली के लिए हमेशा की तरह छोड़ दिया था रात्रि बीत जाने के बाद जब पालतू कुत्ता नहीं दिखा जिसके बाद पड़ोसियों व गांव वालों से पूछताछ की तब पता चला कि लेखपाल सतीश की बाइक के पीछे पीछे आपका कुत्ता जा रहा था जिसके बाद लेखपाल से संपर्क किया गया तो बताया मुझे जानकारी नहीं है हालांकि कुत्ते को खाने का लालच देकर गांव के बाहर निकाल ले गया,रात्रि 10:30 बजे लालजी पुरवा गांव पहुंचा तब गांव के तमाम आवारा कुत्तों ने घेर लिया इसके बाद पालतू कुत्ते को बाइक पर बैठा लिया,और अपने घर की और रवाना हो गया जिसकी पूरी घटना का वीडियो सीश्सीश्टीश्वी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित ने धौरहरा पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में जानकारी देते हुए कोतवाल धौरहरा सुरेश मिश्रा ने बताया कि मुझे तहरीर मिल गई है जांच शुरू कर दी गई है।

# हमारा उद्देश्य और प्रयास मधुमेह के प्रति जागरूक एवं स्वस्थ प्रदेश: डॉ हरेंद्र देव

- निशुल्क मधुमेह जांच शिविर में पहुंचकर लोगों ने जाना अपने शरीर में शुगर की मात्रा
- शुगर जैसी बीमारी से अपने को सुरक्षित रखने की अपील करते हुए कहा लोग नियमित व्यायाम करें अपने खान-पान और जीवन शैली में सुधार लाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** जनपद के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉक्टर हरेंद्र देव सिंह का प्रयास शुगर के प्रति समस्त नागरिकों को जागृत करना है इसी उद्देश्य के तहत उन्होंने दो दशक पूर्व निशुल्क शुगर जांच शिविर का आयोजन अपनी जन्मभूमि गृह जनपद जौनपुर में शिविर लगाकर शुरू किया नव वर्ष 2025 के प्रथम दिन पूरे पूर्वांचल में तहसील से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों तक शुगर जांच शिविर आयोजित किया, इस वर्ष डॉक्टर सिंह का नारा था अबकी बार 20000 पार और डॉक्टर सिंह अपने संकल्प को जहां पूरा किया वहीं 20000 का आंकड़ा पार करते हुए शिविर के माध्यम से पूरे पूर्वांचल में शुगर जांच कर इस जानलेवा खतरनाक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया।
इस संवाददाता से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि खान-पान और संतुलित दिनचर्या से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है यह बीमारी केवल भारत में ही नहीं पूरे विश्व को अपने आगोश में ले चुकी है, इसके विरुद्ध मैंने जागरूकता अभियान चलाया है लोग अपनी दिनचर्या में और खान-पान में बदलाव कर अपने स्वास्थ्य की स्वयं रक्षा कर सकते हैं। डॉक्टर सिंह ने आगे कहा कि आज यह बीमारी उम्र नहीं देख रही है किसी भी उम्र के व्यक्ति को अपने आगोश में ले ले रही है जिसका मुख्य कारण प्रदूषण है चाहे वायु प्रदूषण हो या जल प्रदूषण हो तथा लग्जरी जीवन जीने की हमारी शैली काफी सहायक है, उन्होंने पूर्वांचल सहित पूरे देशवासियों से शुगर जैसी बीमारी से अपने को सुरक्षित रखने की अपील करते हुए कहा लोग नियमित व्यायाम करें अपने खान-पान और जीवन शैली में सुधार लाएं तभी इसको नियंत्रित किया जा सकता है। डॉक्टर सिंह के शुगर नियंत्रण अभियान में पूर्वांचल के वाराणसी गाजीपुर आजमगढ़ चंदौली भदोही मिर्जापुर सुल्तानपुर अयोध्या मऊ जनपद सहित पूर्वांचल के अन्य जनपदों में नव वर्ष के प्रथम दिन प्रमुख चौराहों और प्रातः भ्रमण के स्थलों पर शिविर आयोजित की गई।
जिसमें लोगों ने अपना परीक्षण करवाया इस शुगर प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगर क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया, प्रातः काल से ही डॉक्टर हरेंद्र देव सिंह अपने चिकित्सक पुत्र डॉक्टर रोबिन सिंह व डॉक्टर कृष्णदेव सिंह तथा जनपद की प्रतिष्ठित ख्याति प्राप्त महिला चिकित्सक डॉ मधु शारदा सहित अपने सहयोगियों के साथ शिविर स्थान पर पहुंचकर लोगों को मधुमेह जैसी बीमारी के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ इससे बचने का और इसे नियंत्रित करने का तरीका भी बताते रहे डॉक्टर सिंह के इस कार्य की जन सामान्य में खासी चर्चा और प्रशंसा हो रही है।

# निर्धन व असहाय लोगों को वितरित किए गए स्वेटर व जैकेट

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र नगरा सलेमपुर के ग्राम दतेली में संचालित इंडिया कोचिंग क्लासेस व समस्त कोचिंग के बच्चों के सहयोग से निर्धन व असहाय लोगों को गर्म कपड़े , जैकेट व स्वेटर का वितरण किया वस्त्र वितरण से पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्लोबल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार वर्मा ने मां सरस्वतीका माल्यार्पण किया जिला लखीमपुर खीरी में शीत लहर व बढ़ती ठंड की प्रकोप को देखते हुए इंडिया कोचिंग क्लासेज के संचालक राम कुमार वर्मा ने क्षेत्र में भ्रमण करने के दौरान देखा की कुछ वृद्ध लोग और निर्धन असहाय लोग ऐसी भयानक ठंड से जूझ रहे हैं।
तभी उन्होंने गरीब और बेसहारा लोगों की मदद के लिए स्वेटर एवं अन्य गर्म कपड़े वितरित कर उन्हें ठंड से बचाने का प्रयास किया ठंड के मौसम में पर्याप्त साधन न होने के कारण कई लोग अपनी जान गवा बैठते हैं एक कोचिंग क्लासेस की तरफ से यह पहल समाज के लिए एक उदाहरण है अन्य लोगों को इस दिशा में काम करने की प्रेरणा भी देती है कि निर्धन व असहाय लोगों की मदद करना और वस्त्र वितरण का मुख्य उद्देश्य न केवल ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत देना है बल्कि समाज और मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी सबसे ऊपर है वस्त्र वितरण कार्यक्रम में सुभाष शिक्षा सदन के प्रबंधक गोविंद सहाय वर्मा जी, सहायक प्रबंधक रामकुमार वर्मा जी, प्रधानाचार्य संतोष वर्मा जी, सहायक अध्यापक आकाश पाण्डेय, अफीफा, खुशबू, निधि, पीयूष, व कोचिंग संस्थान के समस्त विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

### पुलिस द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवम अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवम श्रीमान क्षेत्राधिकारी मडियांहू के कुशल पर्यवेक्षण तथा थाना अध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में आज दिनांक 01,01,2025 को उप नि0 रामाश्रय कुशवाहा मय हमराह द्वारा गौरीशंकर मंदिर ठाठर के पास संदिग्ध व्यक्ति एव वाहनों की चेकिंग की जा रही थी की मुखबिर खास सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 बीएनएस रामपुर जौनपुर से वांछित चल रहे। अभियुक्त रोहित कश्यप पुत्र सुरेश कश्यप निवासी रिकेबीपुर थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर को गौरीशंकर मंदिर ठाठर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम उप निव रामाश्रय कुशवाहा थाना रामपुर व हेड काव कन्हैयालाल सिंह आदि थानाध्यक्ष रामपुर श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि अभियुक्त को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

# नहर विभाग के अधिकारी, यूपी के शासक व नहर मंत्री पर हैं भारी

- यूपी के शासक को लेना चाहिए संज्ञान नहर विभाग के अधिकारी बने हैं अंज़ान
- जनपद खीरी के किसान, नहर विभाग से हैं परेशान

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकरणनाथ मे सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश लखीमपुर खीरी के सिंचाई खण्ड प्रथम की नहर नाला धिरावा माइनर जिसकी मौजूदा लम्बाई लगभग नौ किलोमीटर की है जो खोखाइ और हेमपुर के पास बड़ी नहर से निकालकर छितौनियाँ, धिरावा, मूडा भाई, तुर्कीखेड़ा, बेलवा होते हुए मूडा विश्नू के पास सरायन नदी में आकर गिरता है। इस चोक नाले के जल सैलाब के प्रकोप से मूडा विश्नू के किसान हमेशा प्रभावित रहते हैं जिसका कारण ये है कि सिंचाई जल संसाधन विभाग के द्वारा जो नाले की सफाई व खुदाई का कार्य सिर्फ खोखाइ,हेमपुर से लेकर बेलवा ग्राम तक ही करवाया जाता रहा है जिसकी शिकायत प्रभावित किसानों ने कई बार जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग गोला और जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग लखीमपुर खीरी में कई बार की है जिसके बाद भी सफाई व खुदाई का कार्य सिर्फ बेलवा तक ही करवाया जाता है बेलवा से मूड़ा विश्नू तक के नाले की सफाई व खुदाई न होने की वजह से नवम्बर- दिसम्बर से लेकर जनवरी के आखरी सप्ताह तक नाले में आने वाले पानी से प्रतिवर्ष मुड़ा विश्नू के किसान रवी व अन्य फसलों की बुवाई नहीं कर पाते हैं अगर किसान इस समय पर किसी भी फसल की बोवाई कर भी दे तो नाले की खुदाई व सफाई न होने की वजह से नाले मे आने वाला पानी खेतों मे जल सैलाब का रूप ले लेता है जिसके चलते वहाँ के किसानों को प्रतिवर्ष लाखों की फसल के नुकसान से दोचार होना पड़ता है।

**नहर विभाग के द्वारा किसी किसान को नही मिला मुआब्जा:** किसानों का कहना है कि इस नाले की प्रतिवर्ष नहर विभाग की तरफ से सफाई करवाई जाए जिससे किसान अपनी फसल की बुवाई सही समय पर कर सकें। नहर के जल सैलाब से पीड़ित किसानों का कहना है इस चोक नाले से प्रभावित किसानों को अभी तक नहर विभाग के द्वारा किसी किसान को मुआवज़ा नहीं मिला है
जबकी किसान सिंचाई विभाग को समय समय पर सिंचाई का भुगतान करते रहे हैं, नहर विभाग के इस चोक नाले से अकारण बहने वाले पानी के जल सैलाब से तमाम किसानों की मसूर,सरसों,आलू,चना,गेंहू,मटर आदि फसलें जलमग्न होकर नष्ट हो जाती हैं, जबकि अन्नदाता फसलों की बोवाई के लिए बीज खाद यूरिया एनपीके,डीएपी,पोटास सुपर जिंक कीटनाशक आदि उर्वरक की खरीद करने के लिए बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड व सहकारी समिति व किसान सेवा सहकारी समिति से केसीसी के अकाउंट से कर्ज लेकर फसलों की बोवाई करता है, इसके अतिरिक्त फसल की गुड़ाई व किनाशक दवाओं का स्प्रे करने व उगी हुई फसलों में फसल की हरियाली व उसके जड़ों में पोषक तत्व के उपजाने हेतु तथा फसलों की हरियाली के लिए पुनः समय समय पर जरूरत के अनुसार खाद,उर्वरक व कीटनाशक का प्रयोग करने के लिए किसान, कमेरा स्थानीय खाद विक्रेताओं से मिलकर मजबूरन अपने को अतिरिक्त कर्ज़ में डूबाकर फसलों को सुरक्षा प्रदान करके अन्न को तैयार करता है, इतना ही नहीं इसके बावजूद गन्ने की फसल में बीज खाद उर्वरक आदि पोषक तत्वों को डालकर सिंचाई गोडाई के बाद गन्ना की फसल को तैयार करके गोला नगर आदि चीनी मिलों को गन्ना बेंचकर किसान अपने घर को खाली हाथ बैरंग वापस आता है, गन्ना की छिलाई व ढोलाई का किराया तथा मजदूरों की मजदूरी देने के लिए बहु बेटी के आभूषण बेंचने पर किसान बेबस हो जाता है। किसानों के गन्ने का भुगतान चीनी मिल मालिक समय पर नहीं देते हैं।

# नए साल की खुशी के लिए कानपुर के रेस्टोरेंट में लड़कियों के साथ छेड़खानी व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**सुनील बाजपेई**



**कानपुर।** यहां नए साल की खुशियां मनाने के लिए लड़कियों के साथ छेड़खानी और मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला कोहना थानाक्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट का है ,जहां नए साल की शुरुआत हाई वोल्टेज ड्रामा के साथ हुई। आरोप है कि यहां कम्पनी बाग चौराहा के पास स्थित एक रेस्टोरेंट में नए साल की खुशी के चक्कर में लड़कियों के साथ न केवल छेड़खानी की गई बल्कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट भी दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।
घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसारकम्पनी बाग चौराहा के पास एक हाईप्रोफाइल रेस्टोरेंट में 31 दिसम्बर की रात लगभग डेढ़ बजे माहौल गर्मा गया। यहां पर किदवई नगर निवासी एक कारोबारी अपनी पत्नी व मित्रों के साथ रेस्टोरेंट गये थे।
उनका आरोप है कि पार्टी के दौरान उनकी पत्नी बाथरूम गई थी। वहीं पर रेस्टोरेंट संचालक और उसके साथियों ने पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार किया। उसके साथ छेड़खानी की। जब कारोबारी ने इसका विरोध किया तो होटल संचालक ने खुद व अपने कर्मियों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। रेस्टोरेंट में झगड़ा होने के साथ अफरा तफरी का माहौल बन गया। डॉयल 112 में सूचना देने के बाद कोहना थाना से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि घटना में आरोपी बताए गए लोगों की तलाश की जा रही है।
उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। नए साल की खुशी मनाने के दौरान कुछ और थाना क्षेत्र में भी लड़कियों के साथ छेड़खानी की घटना होने की दावा सूत्रों ने किया है। लेकिन इनमें किसी भी मामले की रिपोर्ट अभी तक दर्ज नही कराई गई है।

# बलरामपुर में पीडीए सम्मेलन को लेकर सपा नेता ने विधानसभा प्रभारी से की मुलाकात

## सपा को मजबूत करने के लिए अयोध्या सांसद एवं सपा प्रभारी से की चर्चा





**बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब खान ने नए साल पर अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद एवं बलरामपुर के सपा प्रभारी विनोद कुमार श्रीवास्तव से शिष्टाचार मुलाकात कर बुके भेट की है। सपा नेता ने जिले की समस्याओं से वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराते हुए उतरौला में मासिक कार्यक्रम करने की अपील की है। जिस तरह से लोकसभा में समाजवादी पार्टी ने अपने जन नीतियों पर लोकसभा में बढ़त बनाई है ।

उसी तरह आने वाले विधानसभा में भी जनता का विश्वास जीतने में समाजवादी पार्टी सफल रहेगी समाजवादी पार्टी ही एकमात्र जनमानस का विकल्प है ।सपा शासन काल में ही बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, पढ़े-लिखे नौजवानों को नौकरी, शिक्षक भर्ती, लेखपाल भर्ती, ग्राम पंचायत अधिकारी सहित पुलिस भर्ती आदि तमाम बेरोजगारों को रोजगार दिया है। प्रदेश में सपा सरकार हटने के बाद सबसे ज्यादा नुकसान बेरोजगारों को हुआ है ।न उन्हें रोजगार मिला ,न हीं बेरोजगारी भत्ता। भय ,भूख ,भ्रष्टाचार का बोलबाला है ।महंगाई चरम सीमा पर है। उन्होंने जिला प्रभारी से बलरामपुरमें पीडीए सम्मेलन आयोजन के संबंध में चर्चा की है। इस दौरान सपा के गठबंधन दल जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद मौजूद रहे हैं।

## पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

**बांदा।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आगामी सत्र (2025-2026) के लिए ऑनलाइन खिलाड़ी पंजीकरण प्रक्रिया 31 दिसंबर से शुरू हो गई। इसमें पंजीकरण के लिए खिलाड़ियों को पोर्टल पर जा कर पंजीकरण करना होगा। सभी खिलाड़ियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया केवल ऑनलाइन पोर्टल से पूरी करना अनिवार्य है। कोई भी भौतिक फॉर्म स्वीकार नहीं होगा। बांदा क्रिकेट एसोसिएशन दस्तावेज का सत्यापन करेगा और शुल्क जमा करेगा। खिलाड़ियों द्वारा जो भी प्रस्तुत दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे, उनके मूल दस्तावेज बांदा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष/सचिव के कार्यालय में शुल्क जमा करने पर सत्यापित किए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन खिलाड़ियों के द्वारा जमा आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा, जब बांदा क्रिकेट एसोसिएशन शुल्क भुगतान तथा दस्तावेजों के सत्यापन की पुष्टि कर देगा।

## बच्चों ने श्री राम जन्मभूमि एवं स्वामीनारायण छपिया का किया भ्रमण

### ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का बच्चों ने किया भ्रमण



**बलरामपुर।** सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल एवं मॉडर्न सिटी मोंटेसरी स्कूल के बच्चों का एक दिवसीय धार्मिक स्थलीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चों को पवित्र नगरी अयोध्या एवं स्वामीनारायण छपिया मंदिर का ऐतिहासिक स्थलों का दर्शन कर के उन्हें उसके ऐतिहासिकता के बारे में जानकारी दी गई।

विद्यालय के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण का शुभारंभ अयोध्या के तीर्थ स्थलों से शुरू हुआ। बच्चों ने श्री राम मंदिर का दर्शन करते हुए वहां के इमारत एवं महत्व से अवगत हुए। इसके बाद बच्चों ने प्राचीन मंदिर श्री हनुमानगढ़, कनक भवन दशरथ महल, राम की पैड़ी आदि स्थान का भ्रमण किया है।

सरयू नदी पर स्थित मंदिर का दर्शन करने के बाद छात्रों की टीम शैक्षिक भ्रमण के लिए छपिया मंदिर रवाना हुई स्वामीनारायण छपिया के भव्य मंदिर देखकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चों ने मंदिर के ऐतिहासिकता के बारे में वहां के उपस्थित पुजारी से जानकारी ली। शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यालय प्रबंधक जीडी पांडे ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण जरूरी है। इस दौरान जाह्नवी पांडे प्रधानाचार्य रजनी कसेरा उप प्रधानाचार्य मुस्कान श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे हैं प्रधानाचार्य ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नए अनुभव प्रदान करना है उनके ज्ञान को समृद्धि करना है उनके व्यक्तित्व को विकसित करना है।

# हनी ट्रैप से मेल खा रही आर्केस्ट्रा डांसर की स्क्रिप्ट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** महिला की दास्तान हनी ट्रैप से मेल खा रही है। अयोध्या की रहने वाली आर्केस्ट्रा डांसर पूजा अहिमाने गावँ के लकी जायसवाल के पिता से ऐठना चाहती है मोटी रकम! आपको बताते चलें कि जनपद अयोध्या तारुन थाना अंतर्गत गांव की रहने वाली एक अपराधी प्रवृत्ति की शादीशुदा महिला काल्पनिक नाम (पूजा तिवारी) जो अपनी पहचान छुपा करके रोजगार के सिलसिले में कोतवाली नगर सुल्तानपुर के एक मोहल्ले में रहती है। जिसके ऊपर नवाबगंज गोंडा जनपद में अपराध संख्या 4253/2022 जिसमे धारा संख्या 363, 370, 323, 504 - 427 जिसमें वह वेल पर छूटी हुई है सूत्रों से पता चला है कि ये महिला अयोध्या में भी इस तरह के कारनामे पहले भी कर चुकी है और वह आर्केस्ट्रा में डांस करने का काम करती है महिला का कहना कि जनवरी 2024 में कोतवाली देहात के हनुमानगंज थाना अंतर्गत अहिमाने बाजार निवासी लकी जायसवाल पुत्र अशोक जायसवाल से मेरी मुलाक़ात हो गई। फिर वो धीरे-धीरे पीड़िता से सम्बन्ध बढ़ाने लगा। महिला की अगर मानें तो अप्रैल माह में लकी मेरे कमरे पर आया और शादी का झांसा देकर उसने शारीरिक सम्बन्ध बनाया। इसके बाद कई बार मेरे रूम और कई बार अपने कमरे पर ले जाकर उसने मुझसे शारीरिक सम्बन्ध बनाया।महिला के अनुसार, इसी दौरान उसको गर्भ ठहर गया। मैंने ये बात लकी को बताया तो उसने हमें जबरदस्ती दवा खिलाकर मेरा गर्भ गिरा दिया। जबकि इन सब चीजों का कोई साक्ष्य नहीं है महिला के 6-7 साल की एक बेटी भी है महिला ने इसकी कोतवाली नगर में शिकायत भी की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर वो पुलिस अधीक्षक ऑफिस पहुंची और शिकायत दर्ज कराया। पीड़िता के अनुसार पुलिस अधीक्षक ने उसे आश्वासन दिया है कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

कई दिन बीत जाने के बाद भी जब पीड़िता को कोई कार्यवाही होती न दिखी, तो वह बीतें दिन शनिवार को कोतवाली देहात पहुँचकर वहाँ पहले से मौजूद एसडीएम लंभुआ के समक्ष अपनी परेशानी बयाँ की। महिला की समस्या सुनने के बाद एसडीएम लंभुआ ने पीड़िता को निष्पक्ष न्याय दिलाने का भरोसा दिया है ।वही दूसरी तरफ महिला ने कोतवाली देहात इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह पर भी रिश्वत लेने का आरोप लगाया है जबकि महिला के पास कोई ठोस सबूत नहीं है जिससे पुलिस कार्यवाही करें। इंडियन लॉ लिव इन रिलेशनशिप को कोई अपराध नहीं मानता है इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार यदि पति-पत्नी जीवित हैं और तलाक नहीं लिया गया है तो उनमें से कोई भी दूसरी शादी नहीं कर सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून के विरुद्ध संबंधों को न्यायालय का समर्थन नहीं मिल सकता।

उक्त महिला द्वारा लकी के परिजनों को परेशान किया जा रहा है अपने कुछ गुर्गो के साथ वह मारपीट करने पर भी आमादा रहती है परिजनों द्वारा बताया गया कि उसकी पूरी टीम है और वह 25 लख रुपए की डिमांड कर रही है और पैसे ना मिलने पर फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर रही है और हमारे परिवार की छवि धूमिल कर रही है।

# रक्तदान कर अंकुरण के युवाओं ने किया नववर्ष का स्वागत



**सुलतानपुर।** जब पूरा देश नव वर्ष के स्वागत में मौज-मस्ती और जश्न के रंग में डूबा हुआ था, उसी समय जिले की सामाजिक संस्था अंकुरण फाउंडेशन के युवाओं ने समाज के प्रति अपने कर्तव्य को प्राथमिकता देते हुए रक्तदान कर मानवता की एक अनोखी मिसाल पेश की। उनका यह कदम न केवल एक जरूरतमंद की जान बचाने का माध्यम बनेगा, बल्कि नव वर्ष का स्वागत करने का एक सार्थक और प्रेरणादायक तरीका भी बना, रक्तदान शिविर का उद्घाटन राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल श्रीवास्तव ने सी.एम.एस डॉ एस के गोयल एवं ब्लड बैंक प्रबंधक डॉ आर के मिश्रा के उपस्तिथि में फीता काट कर किया। डॉ सलिल श्रीवास्तव ने अंकुरण के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक आदर्श कदम बताया। सीएमएस डॉ एस के गोयल ने अंकुरण के सभी रक्तदानियों का पुष्पगुच्छ एवं सर्टिफिकेट देकर उत्साहवर्धन किया। ब्लड बैंक प्रबंधक डॉ आरके मिश्रा ने बताया कि बीते कई वर्षो से अंकुरण द्वारा रक्तदान कैंप आयोजित कर जरूरतमंदो को रक्त उपलब्ध कराया जाता रहा है, ब्लड बैंक में दुर्लभ समूह के रक्त की भी कमी अगर पड़ती है तो अंकुरण के सहयोग से दुर्लभ समूह के रक्तदाताओं तक पहुंच कर जरूरतमंदो को उपलब्ध कराया जाता है। अंकुरण के संगठन सचिव श्री बजरंग विक्रम ÷संतोष÷ सिंह ने कहा कि अंकुरण के रक्तदाता असली हीरो है जो अपने कार्यो से समाज को नई दिशा देते है, अंकुरण के सदस्यों ने नए वर्ष पर रक्तदान कर ये साबित किया कि समाजसेवा ही असली उत्सव है। संस्था के अध्यक्ष डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने अपना 78वां रक्तदान कर समाज को एक प्रेरक संदेश दिया है। युवा सचिव दीपक जायसवाल ने कहा कि अंकुरण के इस प्रेरणादायक कार्य से लोग सीख ले और समाज के लिए अपनी हिस्से की जिम्मेदारी निभाने को आगे आए। जहां लोग पिकनिक, पार्टियों और होटलों में नए साल का जश्न मना रहे थे, वहीं अंकुरण के युवाओं ने अपनी सोच और कार्य से यह संदेश दिया कि खुशी केवल खुद के लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए कुछ कर गुजरने में भी है। हर इंसान अपने जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करे। यह छोटा-सा प्रयास किसी के लिए जीवन का सबसे बड़ा तोहफा बन सकता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेगा। नव वर्ष का स्वागत मानवता के साथ अंकुरण का यह संदेश हर दिल को छू रहा है और उन्हें समाज के लिए एक आदर्श बना रहा है। रक्तदान करने वालो में अभिषेक सिंह, दीपांशु जायसवाल, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, दीपक जायसवाल , अमित बरनवाल, फहीम अहमद, जावेद अहमद , रियाज सिद्दीकी, जावेद अहमद, प्रतीक सिंह ,शेखर श्रीवास्तव, सत्यम मिश्रा आदि लोग रहे।

मौके पर प्रांजलि श्रीवास्तव, अनुराग पाण्डेय, मो आरिफ खान, संतोष श्रीवास्तव, संतोष सिंह ÷राइडर÷, अनुराग गुप्ता, सत्यम मिश्रा, आदि लोग रक्तदानियों का उत्साहवर्धन करने हेतु उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक की गयी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कलेक्ट्रट सभागार में फैमिली आई0डी0 के प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में फैमिली आई0डी0 बनाने के कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपेक्षित सुधार लायी जाए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। फैमिली आई0डी0 कार्यक्रम हेतु जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया है कि उक्त योजनाओं का पर्यवेक्षण करते हुए निकाय स्तर के नामित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर शासन द्वारा माह तक आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी और उनकी टीम द्वारा यह संकल्प लिया गया था कि नव वर्ष में निराश्रित गौशालाओं में पशुआहार दिया जाएगा जिसके क्रम में आज गौशालाओं में बीडीओ के माध्यम से पशु आहार का पैकेट दिया गया।

## कोतवाली देहात पुलिस का तालिबानी न्याय, छेड़खानी घटना में पीड़ितों पर ही दर्ज कर दिया मुकदमा

**सुल्तानपुर।** योगी सरकार में दलित बालिका को छेड़खानी का विरोध करना काफी भारी पड़ गया। घर वाले धारदार हथियार और लाठी डंडे से पीटे गए। दबंग पर मेहरबान कोतवाली देहात पुलिस ने पीड़ित परिवार पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। इतने से जी नहीं भरा तो कोतवाली देहात पुलिस ने न्याय मांगने गए बिकवाजितपुर गांव के पीड़ित परिवार को 3 घंटे तक लाकअप की हवा खिला दी। क्षेत्राधिकार लंभुआ के हस्तक्षेप के बाद पीड़ित परिवार लाकअप से बाहर आ सका। 72 घंटे से दलित परिवार न्याय की आस में पुलिस अधिकारियों की चौखट चूम रहा है। जबकि दलित परिवार में एक युवक को बीच बचाव करने में हेड इंजरी आई है और दो को अमानवीय ढंग से लाठी डंडे से पीटा गया है। 30 दिसंबर को मेडिकल की कार्रवाई पूरी करने के बावजूद कोतवाली देहात पुलिस ने मुकदमा लिखना उचित नहीं समझा। 1 लाख के इनामी हत्याभियुक्त सिराज को ढूंढने में नाकाम कोतवाली देहात पुलिस का यह कारनामा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस के आला अधिकारियों की निगरानी प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

'क्षेत्राधिकार लंभुआ अब्दुस सलाम कहते हैं कि दलित परिवार को हर हाल में न्याय दिया जाएगा।

कोतवाली देहात पुलिस के इस कृत्य की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।'

# मनिकापुर को हरा लालू का पुरवा बना विजेता

## तैयब के छक्कों ने दिलाई जीत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन आज मेला बाग बिकवाजीतपुर हनुमानगंज में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का माल्यार्पण कर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जितेंद्र वर्मा बाजीगर, विशिष्ट अतिथि कमलाकांत तिवारी धर्मू, एडवोकेट कुलदीप वर्मा, डॉ सोहित दुबे ने फीता काटकर किया। आज प्रतियोगिता का पहला मैच लालू का पुरवा और मनिकापुर के बीच खेला गया जिसमें जिसमें लालू का पुरवा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया, निर्धारित 12 ओवरों के मैच में मनिकापुर की टीम ने प्रियांशु वर्मा के चार गगनचुंबी छक्कों की मदद से 98 रन का लक्ष्य दिया जवाब में लालू का पुरवा की टीम ने आठवें ओवर की पांचवी बाल में मैच जीत लिया। टीम की तरफ से तैयब के शानदार सात छक्कों की मदद से लालू का पुरवा बनी विजेता। तैयब ने टीम के लिए 48 बनाकर एक विकेट हासिल किया, मंजर और शिवम् ने भी बढ़िया प्रदर्शन किया, निर्णायक अनिल शर्मा, अनिल यादव रहे, कार्यक्रम के आयोजक जगन्नाथ वर्मा ने बताया कि पंद्रह दिवसीय इस प्रतियोगिता में जनपद के साथ अन्य जनपदों की टीम भी प्रतिभाग करेंगी, अध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा ने बताया कि विजेता टीम को 21000 एवं उपविजेता को 15000 के साथ आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे,इस अवसर पर राम चंद्र वर्मा,संजय सिंह, शैलेंद्र यादव,धर्मेन्द्र शर्मा, विनय मिश्रा, आशीष पाल, राजेंद्र, जगतपाल, घनश्याम यादव, ऋषि सिंह, दिनेश वर्मा, डब्लू यादव, रोहित, सर्वेश वर्मा, प्रिंस, प्रशांत मिश्र, सौरभ चौरसिया, परशुराम उपस्थित रहे।

# प्रवीण सेन परमात्मा पुन: प्रदेश अध्यक्ष बने

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सेन समाज विकास संगठन के निर्वाचन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सेन परमात्मा लगातार चौथी निर्विरोध निर्वाचित हुए । विधायक विश्रामगृह खंड 2 भोपाल के सभागृह में बुधवार को संपन्न हुए निर्वाचन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सेन परमात्मा को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। प्रवीण सेन परमात्मा 1997 से लगातार समाज सेवा में सक्रिय है ।

श्री सेन इसके पूर्व जिला महामंत्री प्रदेश महासचिव प्रदेश उपाध्यक्ष तथा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके है , श्री सेन को लगातार चौथी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए है । अपने निर्वाचन पर



श्री सेन ने सभी सामाजिक बंधुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि पूर्व की भाती मै आपके हितों के लिए संघर्ष करता रहूंगा।

तथा समाज को एक निश्चित विचारधारा से जोड़कर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करेंगे । भोपाल में सेन समाज विकास संगठन का कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम में अंजली सेन जिलाध्यक्ष एवं पत्रकार छतरपुर, पूजा सेन, वंदना सेन, आरती सेन, राजाराम सेन, राम प्रसाद सेन, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी के द्वारा वृद्वजन तथा गरीब जन में कम्बल वितरण किया गया



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा तहसील केराकत के गांव बिसुही बराही में पहुंचकर गोरखपुर से मा0 सांसद रविकिशन शुक्ला जी के पिताजी स्व0 प0 श्याम नारायण शुक्ला के पांचवी पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्वांजलि अर्पित की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि आज स्व0 प0 श्याम नारायण शुक्ला जी की पुण्यतिथि में आने का अवसर प्राप्त हुआ है, सर्वप्रथम उस पुण्य आत्मा को नमन करता हूं। मुझे प्रसन्नता है कि इतनी कठिन चुनौतियों और व्यस्तता के बावजूद भी सांसद रविकिशन शुक्ल जी अपने गांव से जुड़े हुए है। आज कोई भी व्यक्ति इस भारतीय लोकतन्त्र में केवल शिक्षा और कठिन परिश्रम के माध्यम से अपले सपनों का साकार कर सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी कार्य कठिन नही है, जो मेहनत करता है उसे उसका परिणाम अवश्य मिलता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी ऐसा अवरोध उत्पन्न नही हो सकता है जो उसके प्रगति में बाधा बन सके।

इसके पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा धंन्वतरि, लालता, विभूति को आयुष्मान कार्ड, मुर्तजा, लौटु, माता प्रसाद को खतौनी और बखेडु, जोगेन्द्र, अंबावती, बैजनाथ को घरौनी वितरित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा आयुष, रूही का अन्नप्रासन और मनीषा, सुनीता की गोदभरायी की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा वृद्वजन तथा गरीब जन में कम्बल वितरण किया गया तथा विभिन्न विभागों के द्वारा कैम्प लगागार शासन के द्वारा संचालित योजनाओं का पंजीकरण और फार्मर रजिस्ट्री का कार्य, पेंशन, खतौनी और घरौनी वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से शासन द्वारा संचालित योजनाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए लाभान्वित किया जायेगा।

इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन पूजन भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, उप जिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# उमंग हर्षोल्लास के साथ लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने मनाया नया वर्ष

## नववर्ष स्वागत पर बेहतर कल के लिए दिलाया संकल्प

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा नये साल का स्वागत समारोह उमंग हर्षोल्लास के साथ स्थान होटल रघुवंशी मे मनाया गया। इस अवसर पर बेहतर कल के लिए कई संकल्प दिलाये गये तथा कार्यक्रम में महिला पुरुष व बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीते।

संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने लोगों का स्वागत करते हुए नये वर्ष की शुभकामनायें दिया।

इस अवसर पर हौज़ी सहित कई गेम्स, प्रश्नोत्तरी, म्युज़िकल चेयर, आदि प्रतियोगिता हुई, जिसमें कपल्स विजेता प्रथम सोना व अश्वनी बैंकर, द्वितीय मधु व मनोज चतुर्वेदी, तृतीय ज्योति व नीरज शाह रहे। एयर बाल बैलेंस प्रतियोगिता में प्रथम डा क्षितिज शर्मा, द्वितीय शत्रु धन मौर्य, तृतीय मदन गोपाल गुप्ता रहे। बच्चों की प्रतियोगिता में प्रथम हुसैन मुस्तफा, द्वितीय उदभव, तृतीय उत्कर्ष रहे जिन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि नए साल में एक हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने की







कोशिश करें। सुबह जल्दी उठने की आदत डाले, समय पर खाना खाएं सही डाइट ले, पानी खूब पीये और समय पर ही सोने चले जाएं। तनाव मुक्त रहे, सैर/ व्यायाम/योग करें फिजिकल एक्टिव रहें। ऐसा करने से आपकी सभी बीमारियां स्वाहा हो जाएंगी और आप फिट रहेंगे।अरूण त्रिपाठी ने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होने और खुशहाल रहने के लिए, संकल्प दिलाया कि आलस्य से दूर रहे, नकारात्मकता को त्यागे, अनुशासन को अपनाएं, स्वास्थ को प्राथमिकता दे, पौष्टिक आहार ले, व्यायाम करें, अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें,

अहंकार और क्रोध से बचे व सत्य और धर्म का पालन करने का संकल्प दिलाया। डा मदन मोहन वर्मा ने कई गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा कहा कि नयी उमंगें, नया उत्साह, नया उल्लास नया हर्ष लेकर नव वर्ष आता है, ताकि आने वाले वर्ष में व्यक्ति अपने अधूरे कार्यों को पूरा कर सके।

अन्त में केक काटकर नये वर्ष का स्वागत किया गया। और मधुर संगीत पर महिलाओं, पुरूषों ने डांस किया।

आभार संयोजक परमजीत सिंह, मदन गोपाल गुप्ता व डा सुशील अग्रहरि ने व्यक्त किया।

संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा व कविता वर्मा ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राम कुमार साहू, सुरेश चन्द्र गुप्ता, शकील अहमद, सोमेश्वर केसरवानी, संदीप गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, अमित पाण्डेय, लखन श्रीवास्तव, अशोक मौर्य, गोपी चन्द्र साहू, डा संजीव मौर्य, संजय सिंघानिया, अनिल वर्मा, रविन्दर कालरा, डा प्रकाशनि अग्रहरि, मिदहत फात्मा, हेमा श्रीवास्तव, गीता गुप्ता, नीलू सेठ, संगीता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## केन नदी की आरती उतारी, जल को स्वच्छ रखने का आह्वान



**बांदा।** कानपुर प्रांत के समग्र गंगा और विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के तत्वावधान में केन नदी के आरती घाट पर महाआरती का आयोजन किया गया। कहा गया कि जीवनदायिनी केन नदी को साफ और स्वच्छ बनाए रखें। इसमें गंदगी किसी भी दशा में नहीं आनी चाहिये। आतरी में दो दर्जन से ज्यादा लोग शामिल हुए। इस दौरान इन संगठनों के पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संयोजक महेश प्रजापति ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की दूरगामी आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती आई है। उन्होंने देश को कर्ज के मकड़जाल से निकालने के लिए बेहतर योजनाओं को संचालित किया। देश की समृद्धि और विकासपरक योजनाओं के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रभारी चारूचंद्र खरे, व्यापर मंडल्के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ, महामंत्री कमलेश गुप्ता, राकेश त्रिपाठी, राघवेंद्र द्विवेदी, आलोक, रजनीश, महेश तिवारी, बृजकिशोर सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। आरती के दौरान लोगों ने कहा कि केन नदी की सफाई नहीं की जा रही है। गंदगी जरूर फेंकी जा रही है। इससे केन नदी का पानी दूषित होने की कगार पर पहुंच रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नदियों के जल को शुद्ध और साफ कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसलिए केन नदी के जल को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

## प्रधानों ने समस्याओं के समाधान की मांग की




**नरैनी।** प्रधान संगठन की आवश्यक बैठक का आयोजन ब्लॉक परिसर में किया गया। ग्राम प्रधानों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन के जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ब्लाक परिसर में बुधवार को प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह गौतम को सौंपे गए ज्ञापन में प्रधानों ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप डालने के दौरान तोड़ी गई, सड़कों को ठीक कराया जाए, गांवों में नमामि गंगे जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण नहीं किया गया है, लेकिन अधिकारियों द्वारा कार्यपूर्ति में हस्ताक्षर बनाने का दबाव बनाया जा रहा है। इसे रोका जाए, ग्राम प्रधानों को संपूर्ण पंचायतीराज का दर्जा दिया जाए, मनरेगा से कराए गए कार्यों का भुगतान कराया जाए, मनरेगा मजदूरी की राशि बढ़ाया जाए, ग्राम प्रधानों को सांसद व विधायकों की भांति वेतन, भत्ता, एवं पेंशन दी जाए, ग्राम प्रधानों को पोटोकाल का दर्जा दिया जाए, ग्राम पंचायतों में कार्यरत केयर टेकर, पंचायत सहायक का वेतन अलग से दिया जाए, छोटी ग्राम पंचायतों को अलग से बजट दिया जाए, पंचायत में आवास विहीन, भूमिहीन व्यक्तियों को कृषि एवं आवास के पट्टे का आवंटन कराया जाए, क्षेत्र पंचायत परिसर में प्रधानों के लिए मीटिंग हाल की व्यवस्था की जाए आदि है । बैठक में प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल वर्मा प्रधान पिपरहरी, दयाराम सोनकर प्रधान तलहटी कालिंजर, राजकुमार यादव प्रधान बरकोला, राजेंद्र यादव गढ़ा, कमलेश वर्मा अतर्रा ग्रामीण, सहित अन्य गावो के प्रधान मौजूद रहे।

## गर्म कंबल और जैकेट पाकर खिल उठे गरीबों के चेहरे



**बांदा।** स्व. मदन भारद्वाज की पुण्यतिथि पर रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने गोयरा गांव में एक सैकड़ा से अधिक कंबल और गर्म जैकेट का वितरण किया। गर्म कपड़े और कंबल पाकर गरीबों के चेहरे पर खुशी नजर आई। ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उन्हें कानूनी जानकारियों से भी रूबरू कराया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों की सराहना की। बुधवार को शेख़ सादी जमा साहब के संरक्षण, रिजवान अली की अध्यक्षता और आमिर खान शाखा प्रमुख ग्राम गोयरा रोटी बैंक के संचालन में ग्राम प्रधान पति गुड्डन फहीम खान ग्राम गोयरा के साथ गर्म जैकेट और कंबलों का वितरण किया गया। चंद्रमौलि भारद्वाज के पिता की पुण्यतिथि पर उनके द्वारा दिये गए लगभग 100 कम्बल और गरम कपड़ों का वितरण गरीब ग्रामीणों को किया गया। मुख्य अतिथि इरफानुल्ला खान एसडीएम और विशिष्ट अतिथि चंद्रमौलि भारद्वाज सह संरक्षक रोटी बैंक, अंशुमान बंसल संचालक लव एंड केअर पब्लिक स्कूल, मनीष कुमार मैनेजर लव एंड केअर पब्लिक स्कूल रहे। कार्यक्रम में डीआरपब्लिक स्कूल का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। मुख्य अतिथि एसडीएम इरफानुल्ला खान ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। चंद्रमौलि भारद्वाज ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। गोयरा गांव के ही पप्पू भाई ने गोयरा गांव के इतिहास को बताया। ग्राम प्रधान पति फहीम खान ने गांव की समस्याओं को पूरी करने का वादा किया। नव वर्ष की सभी को मुबारकबाद दी। सभी ग्रामीणों को गरम जैकेट और कम्बल दिये गए। मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष,सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद अज़हर महामंत्री,इरफ़ान खान कोषाध्यक्ष, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, अख़्तर किरमानी सोशल मीडिया प्रभारी,तबस्सुम फ़ात्मा महिला अध्यक्ष, तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष, प्रीति शिवहरे महिला संगठन मंत्री,मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका, अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दननाका,याकूब खान शाखा प्रमुख मढियानाका,नग्गो खातून, नेहा खातून, शहाना खान, राबिया खान, नाज़मीन, सबीहा नूरानी, अलीमुददीन, खुर्शीद खान, श्रुति भारद्वाज, भाव्या भारद्वाज, स्कन्द भारद्वाज, सीमा सिंह, शबाना खान,कुलदीप त्रिपाठी, पीयूष द्विवेदी, रेहान खान,दिलीप कुमार, मुबीन खान, सुमन तोमर,साक्षी, आशा, शिवानी विश्वकर्मा, शिवानी धुरिया, रूमा पाण्डे, नीलम सिंह, पूनम सविता, उमा श्रीवास्तव, अज़हर अहमद, आकांक्षा सिंह, अस्मिता श्रीवास्तव, सोनिका तिवारी, केशकली, किरन, प्रभा आदि मौजूद रहे।

# नव वर्ष की पहली किरण के साथ जागी नई उम्मीदें, मंदिरों में टेका मत्था

### बुधवार को सुबह संकट मोचन मंदिर, बामदेवेश्वर मंदि, काली देवी और महेश्वरी मंदिर में उमड़े लोग







**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** सोमवार रात 12 बजने के साथ ही न्यू ईयर का जश्न लोगों ने मनाया। शहर के होटलों, रेस्टोरेंटों में जमकर आतिशबाजी की गई। इसके साथ ही लोग डीजे की धुन पर जमकर थिरके। लोगों से गले मिलकर नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं। देर रात लोग अपने घर पहुंचे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस लगातार गश्त करती रही। नरैनी रोड में न्यू ईयर जश्न का बेहतरीन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया। बुधवार की सुबह नए वर्ष के पहले दिन लोगों ने शहर के संकट मोचन मंदिर, बामदेवेश्वर मंदि, महेश्वरी देवी मंदिर और काली देवी मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और मत्था टेका। नव वर्ष के पहले दिन नई उम्मीदों के साथ लोगों ने नया सफर शुरू किया।दिसंबर माह की 25 तारीख से ही न्यू ईयर सेलीब्रेशन के लिए तैयारियां की जा रही थीं। मंगलवार की शाम से ही शहर के सभी रेस्टोरेंट और होटलों को रंग-बिरंगी बिजली की झालरों से सजाया संवारा गया था। पहले से ही लोगों ने अपनी टेबिलें बुक करा ली थीं। रात को 10 बजते ही लोग होटलों और रेस्टोरेंटों में परिवार के साथ पहुंच गए। वहां पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। रात को जैसी ही 12 बजा, वैसे ही न्यू ईयर का तराना गुंजायमान हो उठा। इस दौरान लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। न्यू ईयर के जश्न के दौरान डीजे की धुन पर लोग जमकर थिरके और एक-दूसरे को गले मिलकर नए वष 2025 की बधाई और शुभकामनाएं दीं। देर रात तक न्यू ईयर का जश्न चलता रहा। शहर के नरैनी रोड में आयोजित जश्न में हजारों लोग शामिल हुए। इधर, पुलिस भी न्यू ईयर जश्न के दौरान लगातार गश्त करती हुई नजर आई, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो सके। बुधवार की सुबह नए वर्ष के पहले दिन लोगों ने शहर के संकट मोचन मंदिर, बामदेवेश्वर मंदिर, महेश्वरी देवी मंदिर और काली देवी मंदिरों में पहुंचकर मत्था टेका। नए वर्ष पर नई उम्मीदों को पूरा करने के लिए लोगों ने भगवान की ड्योढ़ी पर मत्था टेककर नया सफर शुरू किया।

### गुलाब का फूल और बुके महंगे बिके

बांदा। नव वर्ष पर शुभकामनाएं देने के साथ ही लोगों ने अपने बड़े-बुजुर्गों को गुलाब का फूल देकर उनका आशीर्वाद लिया और नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। शहर के संकट मोचन, छोटी बाजार, महेश्वरी देवी, काली देवी मंदिर के इर्द-गिर्द सजी फूलों की दुकानों में गुलाब का फूल 50 रुपये का बिका। जबकि बुके की कीमत 200 से 500 रुपये तक रही। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाब का फूल और बुके भेट करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। नव वर्ष के पहले दिन फूलों की बिक्री के दौरान इनके दामों में भी जमकर इजाफा हुआ।

### अतर्रा में गौराबाबा धाम, बबेरू मढ़ी दाई मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

अतर्रा। नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को लोगों ने सिद्धपीठ गौराबाबा धाम की ड्योढ़ी पर मत्था टेका। श्रद्धालुओं की भीड़ होने की वजह से लाइन लगाकर लोगों को दर्शन कराए गए। सुबह से ही भक्त शिव भोले बाबा का जलाभिषेक करने के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। महिलाओं और पुरुषों में भक्ति का उत्साह नजर आ रहा था। मंदिर के महंत पुरुषोत्तम दास ने शिवलिंग का भव्य श्रृंगार किया। नव वर्ष के मौके पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण कुछ अव्यवस्था हुई, लेकिन लोगों ने नव वर्ष पर गौरा बाबा का आशीर्वाद लेने के साथ ही अपने काम शुरू किए। भक्तों के लिए अलग-अलग पंडालों में प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। मंदिर में शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कर्मियों को भी गौरा बाबा धाम में तैनात किया गया था। इधर , बबेरू स्थित माँ मढ़ीदाई मंदिर व अद्भभुत शिव मंदिर में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने की भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। कस्बे के मां मढ़ी दाई अद्भभुत शिव मंदिर, रामजानकी मंदिर व कस्बे के मंदिर पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धाल पूजा अर्चना के लिये पहुंचे गये। बेल पत्र, दूध, दही, माला-फूल चढ़ाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### कालिंजर में नीलकंठेश्वर दर्शन को उमड़े लोग

बांदा। नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को कालिंजर दुर्ग में विराजमान भगवान नीलकंठेश्वर का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। सुबह से ही लोग भगवान शिव का दर्शन करने के लिए पहुंचे, जैसे-जैसे दिन चढ़ा वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की भीड़ में इजाफा होता चला गया। वाहनों की लंबी कतार लग जाने की वजह से जाम की स्थिति बन गई। ऐसम में कालिंजर थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह से जाम खुलवाया।

नव वर्ष के पहले दिन भगवान नीलकंठेश्वर का आशीर्वाद लेते हुए लोगों ने अपने कामकाज की शुरुआत की। प्राचीन कालिंजर दुर्ग में विराजमान महादेव का दर्शन और पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं को मशक्कत का सामना करना पड़ा। सुरखा के लिहाज से दुर्ग में पुलिस भी तैनात रही।

## यूपीए सरकार की उपलब्धियों का बखान कर पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के दोनों कार्यकालों की उपलब्धियों का बखान करते हुए कांग्रेसी पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इसीक्रम में बुधवार को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान की अगुवाई में महिलाओं ने लोगों के बीच जाकर पूर्ववर्ती सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने की नसीहत दी। बताया कि मनरेगा, सूचना का अधिकार और खाद्य सुरक्षा जैसी तमाम जनहितकारी योजनाएं पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह की ही देन हैं।

बुधवार को जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान के नेतृत्व में महिलाओं के समूह ने अलीगंज, पोड़ाबाग आदि इलाकों में घर-घर जाकर लोगों विशेषकर महिलाओं को पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की प्रमुख योजनाएं समझाई। बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जहां देश की आर्थिक नीति को मजबूत बनाया, वहीं विभिन्न जनहितकारी योजनाएं लागू करके आम जनता के हितों को साधने का काम किया था। श्रीमती खान ने उपलब्धियों का बखान करते हुए बताया कि देश में सूचना का अधिकार, मनरेगा, संपूर्ण कृषि ऋष्ण माफी, फारेस्ट राइट एक्ट, आधार कार्ड, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा, भूमि अधिग्रहण अधिनियम जैसी तमाम जन हितैषी योजनाएं पूर्व प्रधानमंत्री डा.सिंह की ही देन हैं। वहीं पूर्व पीएम डा.सिंह ने परमाणु समझौते के रूप देश सीना गर्व से चौड़ा करने का काम किया था। बताया कि डा.सिंह की अगुवाई वाली सरकार ने भारत को उच्च शिखर तक पहुंचाने का काम किया और मंगल गृह तक भारत का झंडा गाड़ा था। उन्होंने देश की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व पीएम डा.सिंह के निधन पर राजनीति करके भाजपा उनका अपमान करने का काम कर रही है।

## यूरिया खाद न मिलने से परेशान किसानों ने जाम किया हाइवे

### यूरिया खाद आने की खबर पर साधन सहकारी समिति पहुंचे थे सैकड़ों की संख्या में किसान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**जसपुरा।** यूरिया खाद का संकट जनपद में कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस समय समितियों में यूरिया खाद आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पडती है। बुधवार को जसपुरा साधन सहकारी समिति में यूरिया आते ही किसानों की भीड़ पहुंच गई। ठंड के बावजूद सबसे ज्यादा महिला किसान खाद के लिए लाइन में लगी नजर आई। जब महिला व पुरुष किसानों को खाद नहीं मिली तो उन्होंने कस्बा के गौरी तिराहे पर बांदा-हमीरपुर राजकीय राज्य मार्ग में जाम लगा दिया। जाम लगने के काफी देर बाद जसपुरा थाना प्रभारी मोनी निषाद अपने सहयोगियों के साथ में आ गई। किसानों को किसी तरह से समझा बुझा कर जाम खुलाया।

किसानों ने जाम लगकर तहसील प्रशासन और उप जिलाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप लगाया कि कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसानो ने कहा कि पैलानी के उपजिलाधिकारी को कई बार फोन से अवगत कराने का प्रयास किया गया, लेकिन वह मोबाइल फोन रिसीव नहीं करते हैं।

किसानों का कहना था कि अन्ना जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए इस तरह की ठंड में रतजगा करते हैं, फिर सुबह से आकर लाइन में लग जाते हैं कि खाद मिल जाए, लेकिन जिम्मेदार इतने लापरवाह हो गए हैं कि उनके पीड़ा को देख ही नहीं रहे हैं। इस संबंध में पैलानी के उपजिलाधिकारी शशि भूषण मिश्रा को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वही जसपुरा साधन सहकारी समिति के सचिव ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है जो कि एक हजार बोरी है, लेकिन अराजकता कि वजह से खाद का वितरण सही से नहीं हो पा रहा है। किसानों का कहना है कि उन्हें समय पर खाद नहीं उपलब्ध कराई जा रही है।

## खुले आसमान तले न सोएं, रैन बसेरा में शरण लें - आयुक्त

### जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए, अलाव जलाने के निर्देश





**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** चित्रकूटधाम मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप और अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने मंगलवार की रात को शहर में भ्रमण किया। सभी अधिकारियों ने नगर पालिका और तहसील की ओर से संचालित रैन बसेरा देखा। कांशीराम कालोनी और बस अड्डे समेत तहसील परिसर के बगल में संचालित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जरूरतमंदों का कंबलों का वितरण किया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी खुले आसमान तले न सोने पाए। उन्हें रैन बसेरा या सेल्टर होम में शरण दी जाए। अलाव जलवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आश्रय गृह में उपस्थिति रजिस्टर का जायजा लिया। वहां आने वाले लोगों के बारे में जानकारी हासिल की। लोगों द्वारा शिकायत और सुझाव में दिए गए फ़ीडबैक को भी देखा। उन्होंने प्रतिदिन वहां आने वाले लोगों के आधार कार्ड नंबर मोबाइल नंबर के साथ ठहरने के उद्देश्य भी लिखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आश्रय गृह में कंबल, रजाई, गद्दे, चादर, पीने के पानी, प्रकाश, अलाव की व्यवस्था, पुरुष व महिलाओं के लिए अलग शौचालय आदि की समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित मिलीं। उन्होंने वहां ठहरे हुए लोगों से बात की और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली कि कोई समस्या तो नहीं है। जिलाधिकारी ने वहां कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों का नाम और मोबाइल नम्बर लिखवाकर ड्यूटी चार्ट आश्रय गृह के बाहर चिपकाने के निर्देश दिए। उन्होंने आसपास से आए असहाय, गरीब, बेसहारा और जरुरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। उनसे कहा कि ठंड से बचाव के लिए सरकार द्वारा कम्बल वितरित कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों को ठंड से बचने की सलाह दी। उन्होंने शहर के सार्वजनिक स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, अस्थाई रैन बसेरे, प्रमुख मंदिरों के बाहर ठंड से बचाव के लिए नियमित अलाव जलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व ने ठंड के दौरान घर के अंदर रहने की सलाह दी, साथ ही बहुत जरूरी हो तभी इस समय यात्रा करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी अमित शुक्ला, तहसीलदार सदर राधेश्याम सिंह, अधिशाषी अधिकारी नीलम चौधरी, नायब तहसीलदार धनंजय सिंह व विवेक कुमार कानूनगो छंगूराम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## गरीबों को कंबल और खिचड़ी का किया वितरण

### पैलानी तहसील सभागार में राज्यमंत्री ने किया वितरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पैलानी।** कड़ाके की ठंड के बीच बुधवार को तहसील सभागार में गरीबों को कंबल और खिचड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में गरीबों को कंबल मिले और खिचड़ी का वितरण भी किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि कोई भी गरीब ठंड से न मरने पाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से गरीबों को लगातार कंबलों का वितरण किया जा रहा है।

जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने छोटे बच्चों के लिए तहसील प्रशासन द्वारा झूला आदि की ब्यवस्था पर फीता काट कर शुभारंभ किया। सभागार में तीन सैकड़ा गरीबों को मंत्री व एसडीएम ने कंबल वितरण किया।कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर गरीबों के लिए योजना चला रही है, चाहे वह निशुल्क राशन वितरण हो या आवास व शीतलहर से पहले प्रदेश सरकार ने कंबल वितरण किया। वहीं राज्यमंत्री ने मंत्री ने ग्रामीणों को खिचड़ी वितरित की। इस दौरान भाजपा नेता राजनारायण द्विवेदी, बलवीर सिंह, अरविंद सिंह चंदेल, मंडल अध्यक्ष पैलानी अमित निगम, प्रधान प्रतिनिधि सिंधनकला छेदीलाल वर्मा, तहसीलदार पैलानी विकास पाण्डेय,नायब तहसीलदार पैलानी मुहम्मद मुस्तकीम,नायब तहसीलदार जसपुरा वेद प्रकाश, शिवदत्त आई टी मंडल संयोजक भाजपा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामकिशोर पाल, महासचिव हनुमान दास तिवारी आदि मौजूद रहे।

# दिव्य भव्य डिजिटल महाकुंभ स्वर्णिम इतिहास बनाएगा- केशव प्रसाद मौर्य

## अखिलेश यादव स्वयं में एक सवाल हैं और कुंदरकी विधानसभा की हार से बेचैन एवं फ्रस्ट्रेशन के शिकार है

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी के प्रयागराज आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सर्किट हाउस के प्रांगण में स्वागत किया।

इस अवसर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ताओं और पत्रकार बंधुओ से इलाहाबाद न्यूज़ रिपोर्टर क्लब (प्रेस क्लब) में भेंट की और उन्हें अंतरराष्ट्रीय आंग्ल नव वर्ष 2025 की बधाई दी। महाकुंभ की तैयारी को लेकर कहा कि दिव्य भव्य डिजिटल महाकुंभ 2025 , स्वच्छ महाकुंभ, सुरक्षित महाकुंभ, ग्रीन महाकुंभ, नेत्र महाकुंभ, का का आयोजन स्वर्णिम इतिहास बनाएगी। इसके लिए डबल इंजन की सरकार पूर्ण रूप से समर्पित है और अपना खजाना खोल दिया है ।



कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव के द्वारा महाकुंभ के आमंत्रण को लेकर किया जा रहे बयानबाजी को लेकर कहा कि जो अपने शासनकाल 2013 में महाकुंभ मेले को सुरक्षित नहीं कर पाए। जिनकी आज भी कुंभ यात्री आलोचना करते हैं, उनको या सवाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि कुंभ यात्रियों की नजर में अखिलेश यादव स्वयं में एक सवाल है। उन्होंने कहा कि 2013 में जब मुख्यमंत्री थे और उनके। चचूचा मोहम्मद आजम खान कुंभ मेले के प्रभारी थे कई सरकार की अव्यवस्था के कारण लोग यहां दुर्घटना के शिकार हुए।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव अब जान लीजिए पिछड़े, अगड़े, दलित– सभी अब विकास और सुरक्षा के साथ हैं। अपराधियों, माफियाओं और दंगाइयों के लिए यूपी में कोई जगह नहीं है। उन्होंने महाकुंभ की सुरक्षा को लेकर कहा कि गलत मंशा को लेकर महाकुंभ मेले में आएगा उनकी मंशा पूर्ण नहीं होगी। उत्तर प्रदेश की पुलिस चौकन्ना है। उनको उन्हीं की भाषा में जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि महापौर गणेश केसरवानी के प्रयास से बालसन चौराहे पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान पार्क में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं राम भक्त अशोक सिंघल जी की दिव्या प्रतिमा स्थापित होगी जो मानव एकात्मकता,सुशासन एवं राम से राष्ट्र की ओर चलने के लिए आने वाली पीढ़ी के लिए ऊर्जा एवं चेतना का केंद्र बनेगा और मार्गदर्शन देगा।

इस अवसर विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, अवधेश चंद्रगुप्त, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, गंगा पार अध्यक्ष कविता पटेल यमुना पार जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति, पूर्व एमएलसी निर्मला पासवान, विभवनाथ भारती, कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी रवि, राजेश केसरवानी, रमेश पासी, प्रमोद मोदी, मनोज कुमार कुशवाहा, रॉबिन साहू, आशीष गुप्ता, अजय अग्रहरि एवं सैकड़ो कार्यकर्ता एवं प्रेस क्लब में पत्रकार उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर डॉ. मनमोहन सिंह को समर्पित बैठक, योजनाओं पर हुई चर्चा



**प्रयागराज।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में नववर्ष 2025 के अवसर पर बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेस ने इस वर्ष को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को समर्पित करते हुए उनके जनकल्याणकारी कार्यों को जनता के बीच ले जाने का संकल्प लिया।

प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में मनरेगा, सूचना का अधिकार अधिनियम, आधार स्कीम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम और भूमि अधिग्रहण अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई। डॉ. मनमोहन सिंह के प्रयासों ने भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक मंदी के प्रभाव से बचाया। बैठक में उपस्थित लोगों ने उनके कार्यों को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस बैठक में प्रमुख रूप से दिवाकर भारतीय, अजेंद्र गौड़, प्रवीण सिंह भोले, लल्लन पटेल, विनय पांडेय, राम मनोरथ सरोज, विष्णु कांत पांडेय, अब्दुल कलाम आज़ाद, रचना पांडेय, निशात फातिमा, राजेंद्र अग्रवाल, सौरभ चौधरी, विशाल सोनकर, नफीस कुरैशी, शुभम शुक्ला, संतोषानंद महाराज, और राज कुमार शक्ला मौजूद रहे।

# साल के पहले दिन शीतलहर से ठिठुरे लोग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नए साल की शुरूआत प्रयागराज में शीतलहर से हुई। पहले ही दिन लोग ठंड और गलन के कारण कापते नजर आए। पूरे दिन आसमान में बादलों ने डेरा डाले रखा, हालांकि धूप ने बादलों के ओट से निकलने का कई बार प्रयास किया, लेकिन धूप नहीं निकल सकी। इसके कारण दिन में भी ठंड और शीतलहर लोगों को परेशान करती रही।

पिछले दिनों हुई वर्षा और पहाड़ों पर हो रही लगातार बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। प्रयागराज में दिन का तापमान सामान्य से 6.1 डिग्री तक नीचे चला गया। प्रयागराज में दिन का तापमान 16.8 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री रहा। आद्रता 83 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग की माने तो आने वाले एक से दो दिन के भीतर बादलों के छाने का सिलसिला हट सकता है और धूप निकल सकती है।

जिससे लोगों को गलन से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी।

सुबह से बादलों के बीच दोपहर एक बजे के बाद निकली धूप ने लोगों को भीषण गलन से राहत दी। लोग घर की छतों पर धूप का आनंद लेते नजर

# जल निगम की पाइप फटने से हो रही पानी की बर्बादी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया क्षेत्र के कमलानगर वीरापुर में स्थित जल निगम षष्ठम शाखा की पम्प से दर्जनों गांवों में पेय जल की सप्लाई की जाती है । जिसमें से कमलानगर चौराहे के पास से गुजरी हुई मुख्य पाइप के फट जाने से लगभग वर्षो से रोज हजारों ली0 पानी की बर्बादी हो रही है । स्थानीय लोगों ने कई बार इस सम्बंध में शिकायत भी किया किन्तु आज तक किसी भी जिम्मेदार कर्मचारियों ने सुध नही ली । उक्त पाइप के फटने से आगे के गांवों में पानी की सप्लाई बाधित हो रही है । इस सम्बंध में शिकायत कर्ता के रुप में विशाल, विपिन, सचिन , रामकृपाल आदि लोग रहे ।

# धूमधाम से निकली श्रीशंभू पंचायत अटल अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा

## सैकड़ों साधु-संत रथ-घोड़े पर सवार होकर निकले, फरसा लहराकर लाठी भांजी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले के लिए सभी अखाड़ों से जुड़े साधु-संतों का प्रवेश अब मेला क्षेत्र में हो रहा है। आज 1 जनवरी को चौथे अखाड़े की पेशवाई (छावनी प्रवेश) हुई। श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़े की पेशवाई में सबसे आगे देवता के रूप में भगवान गणेश और धर्म ध्वजा निकाली गई। इसके पीछे महामंडलेश्वर रथ और बग्घी पर सवार होकर निकले। इसके पीछे भस्म-भभूत लपेटे संतों ने लाठियां भांजी, फरसा लहराए और त्रिशूल लेकर चल रहे थे।अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मा सरस्वती महाराज की अगुवाई में 500 से ज्यादा साधु-संत और 100 से ज्यादा नागा संत महाकुंभ में बने अपने शिविर में प्रवेश किए। 5 किमी की यह यात्रा करीब 2 घंटे में पूरी हुई।

पेशवाई में सबसे आगे देवता के रूप में भगवान गणेश और धर्म ध्वजा है। इसके पीछे रथ पर महामंडलेश्वर चल रहे हैं। इसके पीछे भस्म-भभूत लपेटे संतों ने लाठियां भांजी, फरसा लहराए और त्रिशूल लेकर चल रहे हैं।



अटल अखाड़े के सचिव श्रीमहंत बलराम भारती बताते हैं कि श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़े की स्थापना आदि शंकराचार्य के निर्देश पर 569 ईस्वी में गोंडवाना में हुई थी। इस अखाड़े में मौजूदा समय में दो लाख से अधिक नागा संन्यासी हैं।

आवाहन अखाड़े से अलग होकर यह अखाड़ा बना देशभर में 500 से अधिक मठ-मंदिर और तीर्थ हैं, जहां श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़े का प्रबंधन चलता है। इस अखाड़े की स्थापना आवाहन अखाड़े से अलग कर की गई। एक दौर था जब आवाहन अखाड़े में नागा संन्यासियों की संख्या अधिक हो गई थी। तब पूरे देश में धर्म की रक्षा के लिए एक जगह या एक ही केंद्र से इनका परिचालन किया जाना संभव नहीं हो पा रहा था। इसलिए यह अखाड़ा अलग बनाया गया।





# पं0 दीनदयाल के जन्म शताब्दी पर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**जौनपुर।** क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष पर जिला स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर एवं यूथ वर्ग बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसम्बर, 2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर, जौनपुर में खेला गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मा0 जिला पंचायत सदस्य श्यामबाबू यादव रहे। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतल सिन्हा, उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का मार्ल्यापण कर स्वागत किया गया। स्टेडियक के बॉक्सिंग प्रशिक्षक शशि कुमार यादव ने मौसम खराब होने की स्थिति में भी अपने अथक प्रयास से बॉक्सिंग प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराया। खेले गये बाउट का विवरण निम्नवत है सब-जूनियर बालिका-33-35 किग्रा. भारवर्ग में प्रथम स्थान रोशनी, द्वितीय स्थान-प्रियान्शु, संयुक्त रूप से तृतीय स्थान-रोशनी बिन्द, नन्दिनी, 35-37 किग्रा0 भारवर्ग में प्रथम स्थान- मुस्कान, द्वितीय स्थान- आया चौहान, संयुक्त रूप से तृतीय स्थान-नव्या चौहान व अमृता यादव, 37-40 किग्रा0 भारवर्ग में प्रथम स्थान- अदिति विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान प्रिया यादव, संयुक्त रूप से तृतीय स्थान- श्रेजल यादव एवं शिवांगी यादव, 40-43 भारवर्ग में प्रथम स्थान संध्या यादव, द्वितीय स्थान शीतल यादव संयुक्त रूप से तृतीय स्थान- पूजा यादव व आंचल चौहान, 43-46 किग्रा0 में प्रथम स्थान उजाला यादव, द्वितीय स्थान पूजा यादव, संयुक्त रूप से तृतीय स्थान- शालू यादव व स्मृता गुप्ता रहीं।

# प्रतियोगिता के आयोजनों से प्रतिभा में आता है निखा- वीरेंद्र कुमार फौजी

## नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर स्थित वार्ड नम्बर 20 चन्द्र शेखर आजाद नगर स्थित जिला स्पोर्ट स्टेडिएम के सभी खिलाडियों को स्वेटर वितरण किया गया। जिससे खिलाडियों को ठंड का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि खिलाड़ियों की मद्दत करने से उनका उत्साह बढता है। खिलाडियों की मद्दत सभी लोगों को करना चाहिए। जिससे खिलाड़ी आगे बढे और अपने जनता का नाम गौर जनपदों व प्रदेशों में रौशन करे।

बुधवार को नगर पालिका परिषद मंझनपुर स्थित वार्ड नम्बर 20 चन्द्र शेखर आजाद नगर स्थित जिला स्पोर्ट स्टेडिएम के सभी खिलाडियों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी व न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष बिमलेश शुक्ल ने स्पोर्ट स्टेडिएम के खिलाडियों को नूतन वर्ष की बधाई दिए, और साथ में स्वेटर देकर कहा कि ठंड से बचाव करे, और खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि खिलाडियों की मद्दत करने से उनका उत्साह बढता है,

जिससे खिलाडी खेल प्रतियोगिताओ में कौशाम्बी का नाम रौशन करने का काम करेगे। इस दौरान न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष बिमलेश शुक्ल ने कहा कि जिस प्रकार से स्पोर्ट स्टेडिएम में खिलाडियों द्वारा



खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा रहा है, इससे साफ जाहिर हो रहा है, कि यह खिलाड़ी कौशाम्बी का नाम देश व प्रदेश में रौशन करेगा। इस दौरान उन्होने कहा कि ऐसे खिलाडियों का सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। सामाजिक लोगों द्वारा बढ चढ कर ऐसे कार्यो में भाग लेना चाहिए। इस मौके पर विजय तिवारी ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम करा कर सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष ऐसे सराहनीय कार्य लगातार करते है।

इस मौके पर ज्ञानेन्द्र तिवारी स्टेडिएम कोच संदीप सरोज आदि राहुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# मुसहर परिवारों में कम्बल वितरित किया गया

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा शीतलहर के दृष्टिगत तहसील सदर के राजस्व गांव कोतवालपुर में मुसहर परिवारों में कम्बल वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रेरणा से गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किया जा रहा है। कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वे कराकर शासन के द्वारा संचालित योजनाओं से संतृप्त किया जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान और लेखपाल को निर्देशित किया कि मुसहर परिवार के लोग जिस जगह पर रह रहे है, उस जमीन का मालिकाना हक देने की कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त को मुख्यमंत्री आवास योजना के अर्न्तगत आवास दिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पुनीत कार्य में अन्य जो भी व्यक्ति सक्षम है आगे आये और गरीब और असहायो को कम्बल वितरित करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने गोमती नदी और सई नदी के संगम स्थल पर राजेपुर गांव में जाकर प्राचीन रामेश्वरम मन्दिर में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया और मन्दिर की भव्यता और प्राचीनतम को देखकर पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह प्राचीनतम स्थल जनपद के धरोहर है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर, अतिरिक्ति उप जिलाधिकारी के साथ नौकायान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा जरूरत मदों को भी कम्बल वितरित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा महर्षि अष्टावक्र की तपोभूमि का दर्शन-पूजन भी किया।

# आधी रात से लागू हुई रेलवे की नई समय सारिणी

## कई पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का बदल रहा नंबर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रेलवे ने एक जनवरी 2025 से भारतीय रेलवे ट्रेनों की समयसारिणी में बदलाव कर दिया है। 31 दिसंबर की रात्रि 12 बजे के बाद यह समयसारिणी लागू हो गई। उत्तर मध्य रेलवे मे नई समय सारिणी में आगरा-बनारस वंदे भारत समेत कुल 15 ट्रेनों को शामिल किया जा रहा है। दूसरी ओर ओर कोरोना काल में जो ट्रेनें स्पेशल नंबर से चलाई गई थीं, उनका नंबर भी एक जनवरी से पुराना हो गया।यह दो बड़े फैसले होने के चलते स्टेशनों पर लग रहे डिजिटल और साधारण बोर्ड में बदलाव होना तय है। रेलवे की पिछली समय सारिणी एक अक्तूबर 2023 से प्रभावी हुई थी। तब समय सारिणी में उसकी अवधि अक्तूबर 23 से जून 24 दर्शाई गई थी। इस हिसाब से एक जुलाई 24 को नई समय सारिणी लागू होनी थी, लेकिन वह छह माह की देरी से अब एक जनवरी 25 से लागू हो रही है। फिलहाल नई समय सारिणी में एनसीआर से गुजरने वाली कन्याकुमारी- बनारस, आगरा-बनारस, खजुराहो- निजामुद्दीन समेत 15 नई ट्रेनों को शामिल किया गया है। इसके अलावा शिवगंगा समेत दस जोड़ी ऐसी ट्रेनों को भी इसमें दर्शाया गया है, जिनका विस्तार रेलवे द्वारा किया गया है। समय सारिणी में एनसीआर द्वारा संचालित 86 और अन्य जोनल रेलवे की 104 पैसेंजर ट्रेनें जो एनसीआर के प्रयागराज, कानपुर, आगरा आदि स्टेशनों पर आती हैं, उनका नंबर बदल दिया गया है।

### चार जनवरी से बदल रहा माता वैष्णो देवी जाने वाली ट्रेन का नंबर

**प्रयागराज।** सूबेदारगंज से श्री माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली जम्मू मेल का नंबर भी नई समय सारिणी में बदलने जा रहा है। चार जनवरी से इस ट्रेन का सूबेदारगंज से नंबर 20433 और श्री माता वैष्णो देवी कटरा से 20434 रहेगा। जम्मू मेल समेत एनसीआर से गुजरने वाली कुल 18 मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के नंबर बदल रहे हैं। इसके अलावा समय सारिणी में एनसीआर जोन से गुजरने वाली 56 ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव वाले स्टेशनों का भी उल्लेख किया गया है।एक जनवरी से उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज, आगरा और झांसी मंडल की 80 ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान के समय में बदलाव होने जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत सूबेदारगंज से देहरादून जाने वाली 14113 देहरादून एक्सप्रेस अब रात 8¬50 की जगह रात 8¬30 बजे रवाना होगी। इसी तरह 22432 उधमपुर- सूबेदारगंज एक्सप्रेस अब यहां दोपहर 12¬50 की जगह 12¬55 बजे पहुंचेगी। 12404-22404 लालगढ़-प्रयागराज एक्सप्रेस का यहां पहुंचने का समय सुबह 4¬45 की जगह 4¬50 होने जा रहा है।

इसी तरह कानपुर आने वाली छह, कानपुर अनवरगंज की दो, टूंडला की पांच, अलीगढ़ की पांच, खुर्जा की दो, दनकौर की दो, हाथरस किला की दो, हाथरस, फतेहपुर, मानिकपुर, मैनपुरी, फफूंद और इटावा आने वाली एक-एक ट्रेन के समय में बदलाव होने जा रहा है। इसी तरह झांसी मंडल के तमाम स्टेशनों की 17 और आगरा मंडल के स्टेशनों पर आने वाली 29 ट्रेनों के समय में एक जनवरी से बदलाव हो रहा है।

# समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि महिला, किशोर व अन्य जघन्य मामलों में प्रभावी पैरवी करते हुए अधिक से अधिक सजा कराई जाए। पुराने चिन्हित प्रकरणों में जो मामले बहस में हो उनकी सूची तैयार कर उनका निस्तारण किया कराए। जनपद के टॉप टेन चिन्हित माफियाओं के मामले में अधिक से अधिक सजा दिलाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह सहित शासकीय अधिवक्ता और अभियोजन उपस्थित रहे।

# अब शुरू हुआ भंडार का महाकुंभ

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में योगी सरकार ने अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों के लिए बड़े पैमाने पर अन्न भंडार की व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार है, जब महाकुम्भ में इतने बड़े पैमाने पर अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को नाम मात्र की कीमत पर राशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को मात्र 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। इसके लिए मेला क्षेत्र में 138 उचित मूल्य की दुकानों पर राशन उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार महाकुम्भ को दिव्य, भव्य के साथ साथ नव्य रूप देने में लगे हैं। इसके लिए उन्होंने अफसरों को सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। खासकर श्रद्धालुओं के भोजन के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ में आने वालों के लिए अन्न भंडार खोल दिया है। यहां मेला क्षेत्र में उचित मूल्य की 138 दुकानें खोली गई हैं, जहां पर कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफेद राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है। इस बार कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को राशन के लिहाज से बेहद कम कीमत पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा हैं। महाकुम्भ में अखाड़ों- कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा और 6 रुपए प्रति किलो के हिसाब से चावल उपलब्ध कराया जाना है। इसके अलावा कल्पवासियों को 18 रुपए प्रति किलो की दर से चीनी भी उपलब्ध कराई जाएगी। अखाड़ों और संस्थाओं को 800 परमिट की व्यवस्था है।

**अन्न भंडार के पांच गोदाम स्थापित**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में अखाड़ों, कल्पवासियों और संस्थाओं को भोजन के लिए किसी प्रकार की समस्या न आने पाए, इस लिहाज से मेला क्षेत्र में 138 दुकानों पर विशेष इंतजाम किया गया है। साथ ही अन्न भंडार के पांच गोदाम भी तैयार किए गए हैं। इन गोदामों पर 6000 मीट्रिक टन आटा और 4000 मीट्रिक टन चावल और 2000 मीट्रिक टन चीनी भी रहेगी। मेला क्षेत्र में दी जा रही इस विशेष सुविधा के अंतर्गत हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। जनवरी से फरवरी अंत तक राशन

➡ **महाकुम्भ में अखाड़ों और कल्पवासियों को 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल और 18 रुपए किलो चीनी**

➡ **हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी**

की यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही वन नेशन वन कार्ड की सुविधा भी प्राप्त होगी। 100 कुंतल सामान हर दुकान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

**भोजन पकाने के लिए गैस कनेक्शन की भी सुविधा**

**प्रयागराज।** राशन देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने भोजन पकाने के लिए भी सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस काम के लिए सभी 25 सेक्टर्स में एजेंसियां निर्धारित की गई हैं। ये एजेंसियां कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को नया गैस कनेक्शन प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही उन्हें रिफिल करने का भी पूरा इंतजाम है। इसके अलावा जिन कल्पवासियों के पास अपना खुद का खाली गैस सिलेंडर हैं।